RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 146
नई दिल्ली, सोमवार, 4 अप्रैल, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





शानदार भूमिका निभाएंगे राहुल द्रविड़
स्पोर्ट्स-12


# पाकिस्तान में राजनीतिक संकट और गहराया

- इमरान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष ने खारिज किया
- नेशनल असेंबली भंग करने की प्रधानमंत्री की सिफारिश राष्ट्रपति ने मंजूर की, इमरान ने नए चुनाव के लिए कहा
- विपक्ष ने राष्ट्रपति के कदम को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी
- सेना ने कहा कि देश में उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल से उसका कोई लेना देना नहीं



पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान के चित्र वाले होर्डिंग के निकट से गुजरते मोटरसाइकिल सवार

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने नेशनल असेंबली भंग करने की प्रधानमंत्री इमरान खान की सिफारिश रविवार को मंजूर कर ली। हालांकि इस कदम को विपक्षी दलों ने असंवैधानिक करार दिया और इसे कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। इससे देश में राजनीतिक और संवैधानिक संकट और गहरा गया। इससे पहले यह माना जा रहा था कि खान को नेशनल असेंबली में विपक्षी राजनेताओं के गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में हार का मुंह देखना पड़ेगा। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के भी 12 से अधिक सांसद उनके खिलाफ हो गए थे।

हालंकि 69 वर्षीय खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम सुरी ने असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया। खान के पास 342 सदस्यीय नेशनल असेंबली में प्रभावी रूप से बहुमत नहीं था। खान ने राष्ट्र के नाम एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि उन्होंने सदन को भंग करने और नए चुनाव कराने की सिफारिश की है। खान ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के लिए देश को बधाई देते हुए कहा कि उपाध्यक्ष ने शासन बदलने के प्रयास (और) विदेशी साजिश को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, राष्ट्र को नए चुनावों की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अविश्वास वास्तव में एक विदेशी एजेंडा था। खान ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति अल्वी को नेशनल असेंबली भंग करने की सलाह दी है। खान ने कहा, चुनाव की तैयारी करें। कोई भी भ्रष्ट ताकत तय नहीं करेगी कि देश का भविष्य क्या होगा। जब सदन भंग हो जाएगा, तो अगले चुनाव और कार्यवाहक सरकार की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बाद में, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार नेशनल असेंबली को भंग कर दिया है। पाकिस्तान के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है।

इससे पहले, उपाध्यक्ष सूरी ने प्रधानमंत्री खान के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को पाकिस्तान के संविधान और नियमों के खिलाफ बताते हुए खारिज कर दिया। सूरी ने विपक्षी सांसदों के जोरदार विरोध के बीच फैसला सुनाया, अविश्वास देश के संविधान और नियमों के अनुसार होना चाहिए। चूंकि यह कानून मंत्री द्वारा इंगित नहीं किया गया है, इसलिए मैं अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार करता हूं। विपक्षी दलों द्वारा अध्यक्ष असद कैसर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद सूरी ने महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। स्तब्ध विपक्ष ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने और नेशनल असेंबली को भंग करने की पूरी प्रक्रिया को संविधान के खिलाफ बताया। विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के परिसर को छोड़ने से इनकार कर दिया जो सुरक्षा कर्मियों द्वारा संरक्षित था। संसद में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने कहा, हम उपाध्यक्ष के फैसले और प्रधानमंत्री द्वारा संसद भंग करने की सिफारिश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रहे हैं।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा, इमरान खान ने जो किया है वह कानूनों के खिलाफ है। हम अपने वकीलों से संपर्क कर रहे हैं। उपाध्यक्ष (शेष पेज 8)

## प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के सभी कदम अदालती आदेश के अधीन होंगे

**इस्लामाबाद** (**भाषा**)। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने रविवार को कहा कि नेशनल असेंबली को भंग करने के संबंध में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा शुरू किए गए सभी आदेश और कदम अदालत के आदेश के अधीन होंगे। न्यायाधीश बंदियाल ने साथ ही इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई एक दिन के लिए स्थगित कर दी।

प्रधान न्यायाधीश बंदियाल ने इस पूरी स्थिति पर संज्ञान लिया और तीन सदस्यीय पीठ ने सप्ताहांत के बावजूद प्रारंभिक सुनवाई की और राष्ट्रपति अल्वी और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। अदालत ने सभी पक्षों को कोई भी असंवैधानिक कदम उठाने से बचने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं जानेमाने संवैधानिक अधिवक्ता सलमान अकरम राजा ने कहा, उपाध्यक्ष द्वारा अपनाई गई पूरी प्रक्रिया और नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए प्रधानमंत्री की सलाह असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि पूरे विवाद पर उच्चतम न्यायालय फैसला करेगा।

# श्रीलंका में कर्फ्यू तोड़कर निकले लोग



कोलंबो में कर्फ्यू तोड़कर सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

**भाषा**। कोलंबो

- पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, सर्वदलीय कार्यवाहक सरकार के गठन की मांग ने पकड़ा जोर

**श्रीलंका** में 36 घंटों के राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करने और बदहाल आर्थिक संकट के मद्देनजर सरकार-विरोधी रैली आयोजित करने पर पुलिस ने मध्य प्रांत के एक विश्वविद्यालय के छात्रों पर आंसू गैस के गोल दागे और पानी की बौछार कर उन्हें तितर-बितर करने का प्रयास किया। वहीं, आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका को इस समस्या से उबारने के लिए सर्वदलीय कार्यवाहक सरकार के गठन की मांग जोर पकड़ने लगी है।

श्रीलंका अपने इतिहास के सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पिछले कई सप्ताह से देश की जनता को ईंधन और रसोई गैस के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रपति गोटाबायो राजपक्षे ने शुक्रवार की देर रात एक विशेष गज़ट अधिसूचना जारी करके श्रीलंका में एक अप्रैल से तत्काल प्रभाव से आपातकाल लगा दिया था। सरकार ने शनिवार शाम छह बजे से सोमवार तड़के छह बजे तक के लिए राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की है। सरकार ने (शेष पेज 8)

## तृतीय चन्द्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा**
**चण्डकोपास्त्रकेर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं**
**चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं।

# पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी के भतीजे के खिलाफ चार्जशीट दायर

- अवैध रेत खनन व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में अवैध रेत खनन मामले में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे और एक अन्य आरोपी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दायर की है।

जालंधर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी और उसके सहयोगी कुदरतदीप सिंह उर्फ लवी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। विशेष पीएमएलए न्यायाधीश रूपिंदरजीत चहल की अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख छह अप्रैल तय की है। अधिकारियों ने बताया कि हनी और कुदरतदीप सिंह के खिलाफ पीएमएलए की विभिन्न धाराओं के तहत 31 मार्च को चार्जशीट दाखिल की गई थी। ईडी ने हनी को 3 और 4 फरवरी की रात गिरफ्तार किया था। नियम के मुताबिक, आरोपी की स्वत: (डिफाल्ट) जमानत रोकने के लिए निर्धारित 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करना जरूरी था। एजेंसी ने 18 जनवरी को हनी और अन्य के खिलाफ 10 स्थानों पर गिरफ्तारी से पहले छापेमारी की थी। एजेंसी ने हनी के परिसर से करीब 7.9 करोड़ रुपये नकद और उसके एक सहयोगी संदीप कुमार के पास से दो करोड़ रुपये नकद जब्त किए थे।

ईडी ने विधानसभा चुनाव से पहले तलाशी और गिरफ्तारी की थी। तलाशी के दौरान बरामदगी के बाद एजेंसी ने हनी को कई बार पूछताछ के लिए तलब किया, और अंत में उसे 3 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने कोर्ट के आदेश पर हनी को फरवरी तक अपनी हिरासत में रखा था बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और वह अभी भी जेल में है। हनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामला 7 मार्च, (शेष पेज 8)

# जल्द घर लौटेंगे कश्मीरी पंडित: मोहन भागवत

- इस बार उन्हें अपने स्थान से हिलाने की कोई जुर्रत भी नहीं कर सकेगा, हिन्दू और भारत भक्त के रूप में करेंगे घर वापसी

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली



**आरएसएस** प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को उम्मीद जताते हुए कहा कि 1990 में कश्मीर घाटी से विस्थापित कश्मीरी पंडित जल्द ही हिन्दू और 'भारत भक्त' के रूप में घर वापसी करेंगे। उन्होंने कहा 'इस बार हम इस तरह रहेंगे कि हमें अपने स्थान से हिलाने का कोई साहस भी न कर सके।'

जम्मू में नवरेह समारोह के अंतिम दिन वीडियो कांफ्रेंस के जरिये कश्मीरी हिन्दू समुदाय को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को जबरन कोई नहीं हटा सकता और यदि कोई ऐसा करने का प्रयास करता है तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। आरएसएस प्रमुख ने कहा 'हम आतंकवाद के कारण वहां (कश्मीर) से हटे, हम अपनी सुरक्षा और जीवनयापन के आश्वासन के साथ हिन्दू और 'भारत भक्त' के रूप में लौटेंगे।

हम इस तरह रहेंगे कि कोई हमें विस्थापित करने की हिम्मत भी न जुटा सके। जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद हिन्दुओं के कश्मीर लौटने का रास्ता साफ हुआ। भागवत ने कहा 'पहले मैंने कहा था कि अनुच्छेद 370 जैसी बाधा हटाने और जनजागरूकता के जरिये कश्मीरी पंडितों का मुद्दा हल किया जा सकता (शेष पेज 8)

# आसमान से गिरी दहकती वस्तुएं

- महाराष्ट्र के दो गांवों से लोहे के छल्ले, सिलेंडर जैसी वस्तु मिली

**भाषा**। मुंबई, नागपुर, भोपाल

**महाराष्ट्र** के चंद्रपुर जिले में आसमान से दहकती हुई कुछ अज्ञात वस्तुएं गिरती दिखाई दीं, जिसके बाद सिंदेवाही तहसील के दो गांवों में लोहे के छल्ले और सिलेंडर नुमा वस्तुएं पाई गई हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चंद्रपुर के जिलाधिकारी अजय गुलहाने ने बताया कि स्थानीय लोगों ने शनिवार को अपराह्न करीब 7.50 बजे सिंदेवाही तहसील के लाडबोरी गांव में खुले भूखंड में लोहे का एक छल्ला पड़ा देखा।

उन्होंने कहा, लोहे का छल्ला पहले वहां नहीं था, इसलिए यह कहा जा सकता है कि यह कल आसमान से गिरा होगा। गुलहाने ने बताया कि मुंबई के आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष को यह जानकारी दे दी गई है और एक दल चंद्रपुर के गांव का दौरा कर सकता है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह इसी तहसील के पवनपार गांव में सिलेंडरनुमा वस्तु पाई गई। उन्होंने कहा, यह सिलेंडरनुमा वस्तु है जिसका व्यास एक से डेढ़ फुट है। इसे जांच से लिए रख लिया गया है।



महाराष्ट्र के चंद्रपुर में आकाश से गिरी धातु की एक वस्तु को दिखाते ग्रामीण

हमने कनिष्ठ राजस्व अधिकारियों को जिले के प्रत्एक गांव में भेजा है,ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं किसी गांव में और कोई वस्तु गिरी तो नहीं है। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने उत्तरी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में शनिवार शाम आसमान से दहकती हुई (शेष पेज 8)

# राजस्थान के करौली में कर्फ्यू जारी, हिंसा की जांच के लिए एसआईटी गठित

**पायनियर समाचार सेवा**। जयपुर

**राजस्थान** के करौली जिले में नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में मुस्लिम बहुल क्षेत्र से गुजर रही मोटरसाइकिल रैली पर पथराव के बाद पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव के चलते करौली में शनिवार को लगाया गया कर्फ्यू रविवार को भी जारी रहा। उपद्रव की इन घटनाओं में लगभग 35 लोग घायल हुए हैं। करौली शहर में शनिवार को यह घटना उस वक्त हुई थी जब हिन्दू संगठनों द्वारा नवसंवत्सर पर आयोजित एक बाइक रैली मुस्लिम-बहुल इलाके से गुजर रही थी, तभी कुछ शरारती तत्वों ने पथराव किया, इसके बाद हिंसा फैल गई और उपद्रवियों ने कुछ दुकानों और मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। इससे कई दुकानें, वाहन और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने बताया कि हिंसक घटना के संबंध में अभी तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करौली में डेरा डाले पुलिस उपमहानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 59,276 | |
| निफ्टी | 17,670 | |
| सोना | 51,812 | /10g |
| चांदी | 67,047 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूरिया घोटाले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली**। सीबीआई को उस समय किरकिरी का सामना करना पड़ा, जब एक विशेष अदालत ने 1995 के यूरिया घोटाले से संबंधित एक मामले में सीबीआई द्वारा 22 साल की देरी से दायर क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। अदालत ने जांच एजेंसी के निदेशक से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसा घोर अन्याय दोबारा न हो। विशेष न्यायाधीश सुरिंदर एस राठी ने हाल ही में पारित आदेश में कहा कि मामले में सीबीआई द्वारा आखिरी बार तफ्तीश 1999 में की गई थी और यह स्पष्ट है कि जांच एजेंसी ने अब तक रिपोर्ट दबाए रखी। उन्होंने सीबीआई की प्रतिष्ठित भ्रष्टाचार निरोधक इकाई। के संयुक्त निदेशक को मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया।

# हाथियों के लिए रेलवे ट्रैक पर बनेगा विशेष सबवे

- हाथियों की कब्रगाह कहे जाने वाले कोयंबटूर-पलक्कड़ क्षेत्र में सबवे बनाने पर तेजी से चल रहा विचार
- इस बिंदु पर अक्सर तेजरफ्तार रेल की चपेट में आकर मौत का शिकार होते हैं हाथी

**कुमार चेलप्पन**। कोयंबटूर



फाइल फोटो

**तमिलनाडु**-केरल सीमा में जंगली हाथियों को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए जल्द ही अपना निजी सबवे मिल जाएगा। तमिलनाडु में कोयंबटूर और केरल में पलक्कड़ के बीच रेल पटरियों को पार करने के लिए यह विशेष सबवे बनाने की योजना है। इस जगह को मासूम हाथियों की कब्रगाह कहा जाता है, क्योंकि यहां तेज रफ्तार ट्रेनों की चपेट में आकर अक्सर हाथियों की मौत हो जाती है।

दक्षिण रेलवे के एक प्रवक्ता के अनुसार, इस बिंदु पर पिछले दो वर्षों में ही आठ हाथियों की जान जा चुकी है। हालांकि हाथियों के प्रति लगाव के कारण हाथी रमेश के नाम से प्रसिद्ध पशुप्रेमी रमेश इस दौरान मरने वाले हाथियों की संख्या 18 बताते हैं। इस इलाके में अनौपचारिक रेंजर के रूप में काम करने वाले रमेश ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे आठ के आंकड़े तक कैसे पहुंचे। कई दुर्घटनाओं को तो दर्ज भी नहीं किया जाता। सीमा के दोनों किनारों पर वन कर्मचारियों की भारी कमी है। कोयंबटूर-पलक्कड़ खंड पश्चिमी घाट से लगता हुआ गुजरता है और यह जंगली जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र है, क्योंकि हाथी पीने के पानी और भोजन की तलाश में पटरियों को पार करते ही हैं। रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि इसके अलावा, यात्री भोजन के पैकेट रेलवे ट्रैक पर फेंक देते हैं।

इन्हें लेने भी जानवर ट्रैक के करीब आ जाते हैं। चूंकि पटरियों के दोनों किनारों पर घने जंगल हैं, इसलिए जानवर आने वाली ट्रेनों को देख नहीं पाते। रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि लोको पायलट अलार्म या सायरन बजाते हैं, लेकिन ज्यादातर हाथी इन चेतावनी संकेतों को अनसुना कर देते हैं। रेलवे द्वारा अपनाए गए कई उपायों के बावजूद हाथियों के साथ हादसे कम नहीं हो रहे है, इसलिए उन्हें अलग हटकर कुछ करने का सोचा है। हाथियों को पटरियों पर जाने से रोकने के लिए सौर बाड़ और सौर रोशनी का भी इंतजाम किया है। जानवरों को रोकने के लिए 7 वॉट की सौर लाइटें प्रभावी पाई गई हैं। हाथियों को पटरियों से दूर रखने के लिए पलक्कड़ डिवीजन की सिग्नल (शेष पेज 8)

# रूस ने यूक्रेन के उत्तरी क्षेत्रों से वापसी की

**एपी**। कीव

- यूक्रेन ने रूस पर गंभीर युद्ध अपराधों का लगाया आरोप

**यूक्रेन** की सेना ने कहा है कि रूसी सैनिक उनके देश के उत्तरी हिस्से से पूरी तरह से लौट गए हैं। सेना के जनरल स्टाफ ने रविवार को जारी बयान में कहा कि रूसी सेना उत्तरी हिस्से से पीछे हट गई है और पड़ोसी देश बेलारूस चली गई है जिसने रूस द्वारा किए गए हमले में सहयोग किया है।

यूक्रेन की सेना ने बताया कि उसकी वायुसेना ने प्रीपयाट शहर पर पूरा नियंत्रण स्थापित कर लिया है जो बंद हो चुके चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र के बाहरी इलाके में स्थित है और इसकी सीमा बेलारूस से लगती है। कुछ तस्वीरें साझा की गई हैं जिनमें यूक्रेनी सैनिक देश का झंडा लगाते दिख रहे हैं और उनकी पृष्ठभूमि में चेर्नोबिल रिएक्टर के पास बनी इमारतें हैं। इस रिएक्टर में वर्ष 1986 में धमाका हुआ था। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ओलेक्सी अरेस्तोविच ने रविवार को कहा कि अधिकारियों को राजधानी कीव के बाहरी इलाके में रूसी सैनिकों द्वारा गंभीर युद्ध अपराधों को अंजाम दिए जाने के सबूत मिले हैं।

अरेस्तोविच ने बताया कि रूसी सैनिकों की वापसी के बाद कीव के इरपिन, बुशा और होस्तोमेल उपनगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में नागरिकों की लाशें बिछी मिली हैं। उन्होंने इस दृश्य की तुलना हॉरर फिल्म से की। अरेस्तोविच ने कहा कि कुछ मृतकों (शेष पेज 8)

# मरम्मत कार्य के चलते रोज 30 तक 13 घंटे बाधित रहेगा नोएडा, ग्रेनो एक्सप्रेसवे

## सुबह 11 से शाम 4 और रात 10 से 6 बजे तक होगा काम

### समय पर काम नहीं किया पूरा तो लगेगा एक करोड़ का जुर्माना



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सफर करने वालों को इस समय काफी दिक्कतें हो रही हैं। रोजाना नोएडा एक्सप्रेसवे पर कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहता है। दरअसल, एक्सप्रेसवे पर रोजाना 13 घंटे रेस्फेसिंग का कार्य चलता है। जिसकी वजह से सफर करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नोएडा एक्सप्रेसवे पर करीब एक लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। वाहन चालकों को यह दिक्कत 30 अप्रैल 2022 तक रहेगी, क्योंकि एक्सप्रेवे पर मरम्मत करने वाली कंपनी को किसी भी हालत में 30 अप्रैल तक कार्य पूरा करना है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मरम्मत का कार्य जनवरी 2021 से चल रहा है। इसका जिम्मा नोएडा प्राधिकरण ने इंफ्रा कंस्ट्रक्शन एजेंसी को सौंपा है। एक्सप्रेसवे को फाइनल टच देने के लिए 50 एमएम की स्टोन मैंस्टिक एसहाल्ट कोटिंग का काम शुरू किया गया है। इंफ्रा कंस्ट्रक्शन एजेंसी को 30 अप्रैल 2022 तक निर्माण कार्य किसी भी हालत में पूरा करना होगा।

अगर ऐसा नहीं किया तो इंफ्रा कंस्ट्रक्शन एजेंसी पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगेगा। कंपनी की तरफसे जारी एक बयान में कहा गया है कि दिन और रात मिलाकर यह काम 13 घंटे तक किया जाएगा।

ऐसे में इस लेयर को अधिकतम 10 किलोमीटर तक एक बार में बिछाया जा सकता है, लेकिन सड़क 14 मीटर चौड़ी है। इसलिए पूरी सड़क को एक साथ नहीं लिया जा सकता। 7 मीटर चौड़ी सड़क पर ही लेयर को बिछाया जाएगा। इस तरह एक बार में 5 किलोमीटर का क्षेत्र रिसर्फेसिंग में कवर किया जाएगा।

कंपनी रोजाना 13 घंटे काम कर रही हैं। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे करीब 24 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा क्षेत्र में आता है। कुछ सालों से एक्सप्रेसवे की सड़क खराब होने लगी थी। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने एक्सप्रेस वे की री-सरफेसिंग कराने का निर्णय लिया था। नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर री-सरफेसिंग यानी मरम्मत का कार्य इंफ्रा कंस्ट्रक्शन एजेंसी को सौंपा है। एक्सप्रेसवे पर मरम्मत का कार्य जनवरी 2021 से शुरू हुआ था। जो 30 जून 2021 तक पूरा होना था, लेकिन तय तारीख तक कार्य पूरा नहीं हुआ था। जिसके बाद डेडलाइन की डेट 31 जुलाई 2021 और 2 जून 2021 भी कर दी। उसके बावजूद भी काम नहीं हुआ।

काम न पूरा होने पर उसे बढ़ाकर 30 जून 2021, 31 जुलाई 2021 और फिर 30 नवंबर कर दी गई, लेकिन जिम्मेदार कंपनी ने इस डेडलाइन पर भी कार्य पूरा नहीं किया था। रिसर्फेसिंग के दौरान यातायात के लिए जो एडवाइजरी जारी की गई है। उसके मुताबिक रिसर्फेसिंग का काम सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक और रात में 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक किया जाएगा।

# व्यापारी को चाकू घोंप बेटे को बदमाशों ने मारी गोली

## व्यापारियों ने दी चेतावनी, वारदात का 36 घंटे में खुलासा नहीं तो करेंगे आंदोलन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पिलखुवा में चार हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यापारी परिवार को निशाना बनाया है। शुक्रवार देर रात पिलखुवा में बदमाशों ने एक थोक विक्रेता व्यापारी से लूटपाट करने का प्रयास किया, जो व्यापारी ने इसका विरोध किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया और उसके बेटे को गोली मार दी। गंभीर हालत में दोनों को गाजियाबाद स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर व्यापारी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उसके बेटे की हालत फिलहाल खतरे में है।

इस वारदात के बाद नोएडा वैश्य संगठन ने हापुड़ पुलिस को 36 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अगर 36 घंटे में घटना का खुलासा नहीं हुआ तो वैश्य संगठन ने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### अस्पताल में चल रहा दोनों का इलाज

नोएडा वैश्य संगठन के सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार देर रात पिलखुआ में बड़ी वारदात हुई है। वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले राजीव की पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र में हाईवे किनारे थोक किराना की दुकान है। वह शुक्रवार रात को दुकान बंद करके अपने घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान बाइक सवार 4 हथियारबंद बदमाश आए और उन्होंने व्यापारी की कनपटी पर तमंचा लगा दिया। जब राजीव ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने राजीव के बेटे प्रिंस को गोली मार दी और राजीव पर चाकू से हमला किया। जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस मामले के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रिंस की हालत इस समय खतरे में है। उनका इलाज गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में किया जा रहा है।



वारदात के बाद पुलिस अधिकारियों से बात करते नोएडा वैश्य संगठन से जुड़े लोग।

# फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी और मोबाइल ले गए चोर

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-तीन में चोरों ने दिनदहाड़े एक और फ्लैट को निशाना बनाया। यहां एक अकाउंटेंट के फ्लैट के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर आलमारी में रखी नकदी और मोबाइल ले गए। इस मामे में पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मूल रूप से बिजनौर के रहने वाले गौरव यादव यहां वैशाली सेक्टर-तीन में रहते हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने कार्यालय चले गए। शाम करीब चार बजे पीएनजी लाइन का कनेक्शन कराने के लिए फ्लैट पर पहुंचे तो उनका होश उड़ गया। दरवाजे का ताला टूटा था। उन्होंने कमरे के अंदर जाकर देखा कि फ्लैट में सामान बिखरा था और आलमारी खुली थी।

# बिल्डर ऑफिस में सीबीआई ने तीन दिन तक की छापेमारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुपरटेक ग्रुप की परेशानियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। नोएडा सेक्टर-96 स्थित सुपरटेक मुख्यालय पर केंद्रीय जांच एजेंसी ने छापमारी कर रिकॉर्ड जब्त कर लिए। यह छपेमारी कॉरपोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री से जुड़े सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफ आईओ) के अधिकारियों द्वारा तीन दिन तक की गई। सोमवार से बुधवार तक चली गोपनीय कार्रवाई में 20 अधिकारियों की टीम शामिल रही। यहीं नहीं सुपरटेक गौतमबुद्धनगर जिले में यूपी रेरा का सबसे बड़ा बकायेदार है।

रियल एस्टेट ग्रुप सुपरटेक की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कुछ दिन पहले इस ग्रुप की एक कंपनी को दिवालिया घोषित करने की शुरूआत हुई थी। अब ऐसे में एसएफआईओ ने भी जांच शुरू कर दी है।

### जांच एजेंसी ने कई दस्तावेज किए जब्त

सोमवार से बुधवार तक एसएफ आईओ की टीम में शामिल 20 अधिकारियों ने ग्रुप के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। इस कार्रवाई के दौरान सेक्टर-39 थाने की पुलिस टीम भी साथ थी। जांच करते समय ग्रुप के अधिकारियों और जांच अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। दस्तावेजों में हेरफेर का अंदेशा होने पर टीम उन्हें अपने साथ ले गई।

# बाइक नहीं रोकने पर युवक को पुलिस ने पीटा

## चौकी में ले जाकर हाथ तोड़ने का आरोप, परिजनों का हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में पुलिस वालों ने एक बार फिर अपनी दबंगई दिखाई। युवक द्वारा पुलिसकर्मियों के इशारे पर बाइक नहीं रोकना भारी पड़ गया। पुलिसकर्मी युवक को पकड़कर जुनपत चौकी में ले गए इसके बाद उसको खूब पीटा। पुलिस वालों ने 4 घंटे बाद युवक को छोड़ा और साथ ही धमकी दी की अगर इस के बारे में किसी को बताया को पकड़कर जेल भेज देंगे। युवक के हाथों में फैक्चर आया है और वह ठीक तरीके से चल भी नहीं पा रहा है। परिजनों ने युवक का इलाज कराने के बाद सूरजपुर चौकी पर प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की है।

बागपत के निबाली गांव के रहने वाले पुनीत धामा सेक्टर-2 में किराए के मकान पर रहते हैं। पुनीत सूरजपुर की एक कंपनी में सुपरवाइजर हैं। पुनीत ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9:30 बजे वह कंपनी के लिए निकला था। जैसे ही ग्रेटर नोएडा जुनपत स्थित मेट्रो डिपो के पास पहुंचा तो एक स्पोर्ट्स ईको कार चालक ने उसकी तरफ रुकने के लिए इशारा किया।



पीड़ित के साथ चौकी पर प्रदर्शन करते युवक के परिजन।

पुनीत ने किसी अनहोनी के डर से बाइक नहीं रोकी। बाइक नहीं रोकने पर कार सवार पुलिसकर्मियों ने बाइक को जबरदस्ती रुकवा लिया। बाइक में से चाबी निकालकर पुलिसकर्मी पुनीत को पास की जुनपत चौकी ले गए। उसने बताया कि कार से तीन युवक निकले, जिनमें दो बिना वर्दी और एक वर्दी पहने हुए था। तीनों ने उसको चौकी ले जाकर खूब जमकर पिटाई की। जिसके दौरान उसके हाथ में फैक्चर हो गया और सही से चल भी नहीं पा रहा। उसने बताया कि बुरी तरह मारपीट के बाद पुलिस वालों ने झूठे मुकदमे में अंदर कर दिया और बाइक का चालान भी काट दिया। साथ ही पुलिस वालों ने पुनीत से जबरदस्ती वीडियो बनवाई। जिसमें उन्होंने जबरदस्ती बुलवाया कि वह बाइक तेज चला रहा था और यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार



एक्सप्रेसवे पर रेसिंग के लिए आए बाइकर्स को वापस भेजता पुलिसकर्मी।

### रेसिंग करने आए बाइकर्स को वापस भेजा

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर हर रविवार स्पोर्ट्स बाइकर्स रेसिंग करने आते हैं। आज भी एक दर्जन से ज्यादा स्पोर्ट्स बाइक सवार नोएडा एक्सप्रेसवे की तरफ आ रहे थे, लेकिन नोएडा बॉर्डर पर ही पुलिस ने उनको रोक लिया और वापस भेज दिया। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने स्पोर्ट्स बाइक सवारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर आगे से वह नोएडा में रैसिंग करने आए तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नोएडा पुलिस ने इन बाइक के नंबर, बाइक सवारों के नाम और मोबाइल नंबर अपने पास नोट कर लिए हैं। इनके पास लाखों-करोड़ों कीमत की मोटरसाइकिल होती है, जो नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे पर काफी तेजी के साथ चलाते हैं। कुछ समय पहले एक स्पोर्ट बाइक सवार की यमुना एक्सप्रेसवे पर मौत हो गई थी।



एक्सप्रेसवे पर आग का गोला बन जलता कैंटर।

### एक्सप्रेसवे पर चलते कैंटर में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक कैंटर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस हादसे में कैंटर पूरी तरीके से जल गया है। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया है। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा रविवार सुबह हुआ है जब एक कैंटर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से दादरी की तरफजा रहा था। उसी दौरान मायचा के पास यह हादसा हुआ। कैंटर में अचानक आग लग गई। जिसके बाद ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया है।

### गांजा तस्कर सहित तीन दबोचे

**नोएडा।** पुलिस ने रविवार को एक गांजा तस्कर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से गांजा और दो तमंचे बरामद किए गए हैं। फेज-3 थाना पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान तिकोना पार्क के अंदर गढ़ी चोखंडी के पास एक संदिग्ध युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर की पहचान नौझील, जिला मथुरा निवासी सर्वेश के रूप में हुई। इसके अलावा फेज वन थाना पुलिस ने सेक्टर-5, हरौला के पास दो युवकों को दो तमंचों और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# गाजियाबाद, मेरठ में भी लागू होगी पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था

## विधान परिषद चुनाव के चलते लगी आचार संहिता हटाने के बाद होगा फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अहम जिले मेरठ और गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। सूबे में चुनाव आचार संहिता हटने के बाद आगामी 12 अप्रैल के बाद कभी भी योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से दोनों जिलों गाजियाबाद और मेरठ में पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था लागू करने का ऐलान किया जा सकता है।

मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी दिल्ली से सटे यूपी के अहम जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध पर रोक लगाने और कानून व्यवस्था सुधारने के लिए प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी सरकार गाजियाबाद जिले में पुलिस कमिश्नरी व्यवस्था लागू कर सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020 में गौतमबुद्धनगर और लखनऊ में सबसे पहले पुलिस कमिश्नरी की शुरुआत की थी। इन जिलों में कानून व्यवस्था में जबरदस्त सुधार के बाद वाराणसी और कानपुर को भी पुलिस कमिश्नरी बना दिया गया। अब गाजियाबाद और मेरठ की बारी है। सूत्रों की मानें तो गाजियाबाद और हापुड़ को मिलाकर नई पुलिस कमिश्नरी बनाई जा सकती है। या फिर गाजियाबाद में एडिशनल पुलिस कमिश्नर को बिठाकर इसे नोएडा पुलिस कमिश्नरी का हिस्सा बनाया जा सकता है।



### जिले की कानून व्यवस्था सुधारने में मिलेगी मदद

गौरतलब है कि फिलहाल उत्तर प्रदेश में इस समय विधान परिषद की 36 सीटों के लिए चुनाव चल रहे हैं। नौ अप्रैल को मतदान है। आदर्श चुनाव आचार संहिता 12 अप्रैल को खत्म हो रही है। इसके बाद सरकार गाजियाबाद और मेरठ को लेकर फैसला लेगी।

# मुनिराज जी को बनाया गया गाजियाबाद का नया एसएसपी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



वर्ष 2009 बैच के आइपीएस अधिकारी मुनिराज जी को गाजियाबाद जिले का अस्थाई एसएसपी बनाया गया है। आइपीएस मुनिराज जी ने रविवार सुबह ही गाजियाबाद पहुंचकर अपना कार्यभार संभाल लिया।

मुनिराज जी इसके पहले भी दो बार जिले में तैनात रह चुके हैं। वर्ष 2012 में वह एएसपी एवं सीओ सिटी प्रथम और वर्ष 2013 में वह यहां एसपी सिटी रहे थे।

गाजियाबाद जिले के एसएसपी पवन कुमार को बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया गया था। उन पर ड्यूटी में लापरवाही और अपराध को नियंत्रित करने में विफलता के बाद एक्शन लिया गया। पवन कुमार 2021 अगस्त में मुरादाबाद से गाजियाबाद आए थे। नये आइपीएस के सामने उनकी परीक्षा लेने के लिए कई बड़ी चुनौतियां जिले में पहले से ही तैयार हैं।

### सब्जी मंडी बंद कराने की धमकी, वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा पुलिस के ट्विटर हैंडल पर एक युवक की वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो में युवक सब्जी मंडी को बंद कराने की धमकी दे रहा है और एक दुकानदार को दुकान बंद करने की बात कह रहा है। ट्वीट का संज्ञान लेते हुए फेज 2 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक ट्विटर प्रोफाइल से नोएडा पुलिस के ट्विटर हैंडल अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में एक युवक सब्जी मंडी में खड़ा दिख रहा है। युवक दुकानदारों को सब्जी की दुकानें बंद करने की चेतावनी दे रहा है।

# गाजियाबाद और नोएडा में एंटी रोमियो अभियान हुआ शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा व गाजियाबाद में पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सबसे पहले नोएडा पुलिस ने बेटियों को सुरक्षा देने के लिए मनचलों पर शिकंजा कसने के लिए प्लान बनाया है।

महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ की एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया, अगले 15 दिनों के लिए एंटी-रोमियो अभियान शुरू किया है जिसमें भीड़ वाली जगहों पर एंटी-रोमियो स्क्वाड वर्दी और सादा कपड़ों में पेट्रोलिंग करेंगे। बेटियों से छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, गाजियाबाद पुलिस ने भी एंटी-रोमियो अभियान शुरु कर दिया है। एडिशनल डीसीपी नोएडा रणविजय सिंह ने बताया कि नवरात्र व रमजान पर सुरक्षा को लेकर पुलिस को सतर्क है।

### सादा कपड़ों में पेट्रोलिंग करेंगे जवान

# ई-बस किराए में 50 फीसदी की होगी कटौती

## सिर्फ एक माह के लिए सबसे कम होगा कौशांबी-मुरादनगर रूट पर किराया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ई-बस के किराये में ट्रायल के तौर पर एक महीने के लिए 50 फीसदी तक कमी की गई है। ट्रायल के तौर पर सोमवार से कौशांबी-मुरादनगर रूट पर ई-बस का किराया 10.40 रुपये की जगह 5.37 रुपये हो जाएगा। इस रूट पर 10 ई-बसों का संचालन हो रहा है।

मेरठ में पिछले सोमवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एके सिंह, नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर, जीडीए वीसी कृष्णा करुणेश, आरटीओ अरुण कुमार के साथ ई-बस की सेवाओं को लेकर बैठक थी। इसमें कौशांबी-मुरादनगर रूट पर 50 फीसदी तक किराये में कटौती की सहमति बनी थी।




सोमवार से कौशांबी-मुरादनगर रूट पर ट्रायल सेवा शुरू की जाएगी। यह ट्रायल एक महीने तक चलेगा। उसके बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा किराये को लेकर बोर्ड बैठक की जाएगी। इसके बाद किराये को आगे बढ़ाने या पिछले किराये पर फैसला लिया जाएगा। गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड प्रबंध निदेशक एके सिंह ने बताया कि कौशांबी-मुरादनगर रूट पर एक माह के लिए आज से 50 फीसदी कटौती के साथ ट्रायल के रूप में ई-बसों का संचालन शुरू किया जाएगा, जिसमें 5 रुपये से लेकर 37 रुपये तक किराया होगा।

# एक कॉल पर घर का मलबा उठाएगा प्राधिकरण

## अथॉरिटी ने सेक्टरवार जारी किया शेड्यूल, हेल्पलाइन नंबर 9315906083 पर सूचना दे सकते हैं निवासी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा को सी एंड डी कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट से मुक्त बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विशेष अभियान शुरू किया है। हर सेक्टर के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी किया है। अगर आपके आसपास सीएंडडी वेस्ट दिखे तो तय शेड्यूल से एक दिन पहले इसकी सूचना जरूर उपलब्ध करा दें। प्राधिकरण की टीम सी एंड डी वेस्ट को उठाकर ले जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में पहली बार सी एंड डी वेस्ट को निस्तारित करने की बड़ी पहल हुई है। इसके लिए पहला सी एंड डी वेस्ट प्लांट सेक्टर ईकोटेक थ्री में बन रहा है। यह लगभग 18 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। यह पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बन रहा है। सी एंड डी वेस्ट को यहां प्रोसेस किया जाएगा। इस वेस्ट से टाइल्स आदि बनेगी। इस मलबे से लोहे को अलग करके रीसाइकिल किया जाएगा, जबकि डस्ट का इस्तेमाल गड्ढों को भरने व रोड निर्माण में किया जाएगा। इस प्लांट की क्षमता 100 टन मलबा प्रतिदिन प्रोसेस करने का है।



प्राधिकरण शहर के कोने-कोने से सी एंड डी वेस्ट उठवाकर प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। प्लांट शुरू होने पर उसे प्रोसेस कराया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने सेक्टर वार शेड्यूल जारी किए हैं। इन तिथियों पर राइज इलेवन की टीम सेक्टरों में जाएगी और सीएंडडी वेस्ट को उठाकर प्लांट तक पहुंचाएगी। सीएंडडी उठवाने के लिए निवासी तय शेड्यूल से एक दिन पहले कॉल करके सूचना दे सकते हैं। टीम अगले दिन आकर वेस्ट उठाकर ले जाएगी

अगर आपके यहां सी एंड डी वेस्ट कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट निकले तो उसे कलेक्शन सेंटर भिजवा दें या फिर हेल्पलाइन नंबर 9315906083 पर कॉल करके नामित एजेंसी को सूचना दे दें। एजेंसी के प्रतिनिधि आपके यहां से सी एंड डी वेस्ट ले जाएंगे, लेकिन इधर-उधर न फेंके, अन्यथा तगड़ा जुर्माना लगेगा। सी एंड डी वेस्ट उठवाने के लिए आठ जगहों पर प्राधिकरण द्वारा कलेक्शन सेंटर बनवाए गए हैं।

# पांच अप्रैल को होगा भारत मेगा हेल्थ फेस्ट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विशेष ओलंपिक भारत के मेगा हेल्थ फेस्ट का आयोजन 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 5:00 बजे तक अमर ज्योति स्कूल, कड़कड़डूमा, दिल्ली में किया जाएगा, जहां कुल 800 एथलीटों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस मौके पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह होंगे।

वहीं, यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, कौशांबी के डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा के कुशल निर्देशन में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी हॉस्पिटल के कॉरपोरेट कम्युनिकेश प्रमुख गौरव पांडेय ने दी।

### 800 एथलीटों की स्वास्थ्य जांच होगी

हॉस्पिटल के एमडी और डायरेक्टर उपासना अरोड़ा के हवाले से पांडेय ने बताया कि यह शिविर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विशेष ओलंपिक भारत द्वारा की गई एक सकारात्मक पहल है, जिसके तहत शिविर का आयोजन देशव्यापी पैमाने पर किया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 4 अप्रैल, 2022



# कूड़े के पहाड़ के पास सांसों के लिए संघर्ष

## आसपास रहने वाले लोगों में बढ़ रहीं दमा, छाती में संक्रमण जैसी बीमारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में सबसे ऊंचे कूड़े के पहाड़ के साए में रह रहे गाजीपुर के लोगों में दमा, छाती में संक्रमण, सांस लेने में परेशानी और अन्य श्वास संबंधी बीमारियां आम है और उनकी मुश्किल में इस कूड़े के पहाड़ में बार-बार लगने वाली आग और इजाफा कर देती हैं तथा उन्हें सांस लेने तक के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

चुनाव घोषणा पत्रों में नियमित रूप से गाजीपुर डम्पिंग यार्ड (कूड़ा फेंकने का स्थान) का मुद्दा शामिल रहा है और यह राजनीतिक आरोप-प्रत्योप का कारण बनता है लेकिन इसके आसपास के लोग लगातार स्वास्थ्य खतरे को लेकर शिकायत कर रहे हैं। इस डम्पिंग यार्ड में 28 मार्च को आग लगी थी और करीब यह 50 घंटे तक बुझी नहीं। हालांकि, इससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ परंतु आसपास के लोगों को आसमान में छाई धुएं की मोटी परत की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा।



फाइल फोटो

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर में कूड़े के ढेर के नजदीक रहने वाली 55 वर्षीय जुम्मल बताती हैं कि वह दमे की शिकार हैं और पिछले नौ साल से लगातार श्वास संक्रमण का सामना कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जब से सेहत की समस्या हुई है तब से मैंने घर से बाहर निकलना छोड़ दिया है।

जब 28 मार्च को आग लगी तब सांस लेनी भी मुश्किल हो गई। हम केवल खिड़की बंद कर और घर में रहकर बचने की कोशिश कर सकते हैं। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। जुम्मल ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से मिलने की कोशिश की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने की घटना के दौरान यहां रहने वाले लोग या तो घरों में बंद थे या अस्पताल जाते नजर आए।

वर्ष 1983 से ही गाजीपुर में रह रहे रियाजुद्दीन ने कहा कि उनके परिवार के सभी सदस्य बीमारी से ग्रस्त हैं और उन्होंने इसके लिए बार-बार कूड़े की ढेर में लगने वाली आग और वहां से निकलने वाली बदबू को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। रियाजुद्दीन ने कहा कि मेरी पत्नी यहां की जहरीली हवा की वजह से दमे की मरीज हो गई है। एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) हमारी समस्या पर ध्यान नहीं देता। नेता केवल चुनाव के दौरान यहां का दौरा करते हैं। वे हमारे पास लंबे चौड़े वादे के साथ आते हैं लेकिन समस्या अब भी बनी हुई है। ज्ञात हो कि गाजीपुर लैंडफिल पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आता है। दिल्ली के अग्निशमन विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल भलस्वा लैंडफिल में 12 और गाजीपुर लैंडफिल में आग लगने की चार घटनाएं हुई। वहीं वर्ष 2020 में इन दोनों स्थानों पर 15 बार आग लगने की घटनाए हुई जबकि वर्ष 2019 में 37 ऐसी ही घटनाएं हुई थी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) को 24 घंटे में घटना से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल डीपीसीसी ने गाजपुर लैंडफिल में आग लगने के मामले में पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।



छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाता युवक। फोटो: रंजन डिमरी

# राजधानी में चढ़ रहा पारा गर्मी ने दिखाये तेवर

- पालम में तापमान 40 डिग्री पहुंचा, आगे तीन जारी रही हीट वेब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अप्रैल के शुरूआती हफ्ते में ही राजधानी में तेजी से पारा चढ़ने लगे है। साथ ही लोगों पर गर्मी का असर देखने को मिलने लगा है। दिल्ली के पालम इलाके में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। राजधानी की सुबह भी काफी गर्म रही। यहां सामान्य से एक डिग्री अधिक करीब 19 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

हालांकि, दिल्ली में मौसम विभाग के 11 में से ज्यादातर केंद्रों (सात केंद्रों) पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि पांच अप्रैल से तापमान बढ़ेगा और लू चलने के कारण अगले सप्ताह में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। आईएमडी के अधिकारियों ने कहा कि लगातार शुष्क मौसम रहने के कारण उत्तर पश्चिम भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है। तीन से छह अप्रैल के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। भीषण गर्मी तब होती है, जब तापमान सामान्य से 6.4 डिग्री ज्यादा हो जाता है। भारत में 122 वर्ष में मार्च सबसे गर्म रहा। इस असामान्य गर्मी के लिए पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिण भारत में किसी भी व्यापक मौसमी परिस्थितियां नहीं बनने के कारण वर्षा की कमी को जिम्मेदार ठहराया।



## अल नीनो से संबंध को नकारा

**नई दिल्ली।** भारत में 122 वर्षों में इस साल मार्च के महीने में औसत तापमान सबसे अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में उत्तर और मध्य भारत में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं हैं। इस ही काह कि मार्च से पड़ने वाली गर्मी का अल नीनो से कोई संबंध नहीं है। विज्ञानिकों ने कहा कि दुनियाभर में भी पिछले दो दशक में सबसे गर्म साल देखने को मिले हैं। जलवायु परिवर्तन का असर मौसम की तीव्रता पर पड़ रहा है, भारत में भी यह भीषण बाढ़, चक्रवात या भारी बारिश के रूप में देखने को मिला है। इसमें उत्तर में पश्चिमी विक्षोभ एवं दक्षिण में किसी व्यापक मौसमी तंत्र के नहीं बनने के कारण वर्षा की कमी का प्रभाव भी एक कारण है।

# एनडीएमसी का वित्त वर्ष में खूब भरा खजाना

- साल 2021-22 के दौरान कुल प्राप्तियां 4019.08 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 01 अप्रैल 2022 को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अपने अंतिम परिणामों की घोषणा 534.71 करोड़ के शुद्ध मुनाफे के साथ की है।

कुल प्राप्तियां रु. 4019.08 करोड़, वर्ष के संशोधित अनुमानों से



5.37 प्रतिशत अधिक है। एनडीएमसी का यह संग्रह राजस्व और पूंजी खातों दोनों में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है।

3494.21 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्तियां वर्ष के संशोधित अनुमानों से 4.73 फीसदी अधिक और पिछले वर्ष के वास्तविक अनुमान से 11.76 फीसदी अधिक हैं। पूंजी प्राप्तियां, रु. 524.87 करोड़ भी संशोधित अनुमान से 9.84 फीसदी अधिक है। प्रमुख योगदान संपत्ति कर संग्रह से आया है, जो अब तक के सबसे अधिक 942.32 करोड़ रुपये के आंकड़े पर है, जो पिछले वर्षों के संग्रह से 36.41 फीसदी अधिक है और 2018-19 में संग्रह से 47.6 फीसदी अधिक है।

बावजूद है कि पालिका परिषद ने पिछले पांच वर्षों से अपनी संपत्ति कर दरों में कोई वृद्धि नहीं की है। इस वर्ष पिछले बकाया की वसूली और करदाता सुविधा के लिए एक नया पोर्टल शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अभियान शुरू किया था।

## दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दलित लड़की से दुष्कर्म का मामना सामने आया है। मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर पड़ोस में रहने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, युवक ने शनिवार को महेंद्र पार्क इलाके में लड़की से उसकी झोपड़ी में कथित दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़की को चिकित्सा परीक्षण के लिए भेजा। लड़की की हालत ठीक बताई है।

# मोहल्ला क्लिनिक की सेवाओं से 93 फीसदी लोग संतुष्ट



- आप के सर्वे में मोहल्ला क्लिनिक पर दिल्ली वालों ने दी राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक में जाने वाले करीब 93 फीसदी मरीज वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से संतुष्ट हैं। दिल्ली सरकार की ओर से कराए गए एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक, एक मरीज़ के मोहल्ला क्लिनिक में औसतन 18 मिनट लगते हैं जिसमें से 9.92 मिनट डॉक्टर को दिखाने में और 8.35 मिनट दवाई लेने में। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मोहल्ला क्लिनिक आने वाले मरीजों की संख्या 2021 में बढ़कर प्रतिदिन करीब 116 हो गई है जो 2019 में 104 थी।

राष्ट्रीय राजधानी में 520 मोहल्ला क्लीनिक हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 में उनकी संख्या 403 और 2020 में 503 थी।

सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि दिल्ली सरकार की डिस्पेंसरी में प्रतिदिन मरीजों के आने की संख्या 2021 में घटकर 72 हो गई, जो 2019 में 190 और 2020 में 195 थी। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार के पॉलीक्लिनिक में प्रति दिन आने वाले मरीजों की औसत संख्या 2021 में घटकर 146 रह गई जो 2019 में 245 थी। फिलहाल, दिल्ली में 29 सरकारी पॉलीक्लीनिक हैं और 175 डिस्पेंसरी हैं। वहीं, राजधानी में अब सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को अपनी दुकान के बाहर 'जेनेरिक दवाइयां यहां उपलब्ध हैं' का बोर्ड लगाना होगा। दरअसल, जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा देने और इनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा सभी मेडिकल स्टोर संचालकों इस तरह का बोर्ड लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# बंबई निगम की तर्ज पर 1958 में अस्तित्व में आया था एमसीडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कभी एकीकृत रहा दिल्ली नगर निगम अप्रैल 1958 में अस्तित्व में आया था। इसे विभिन्न स्थायनीय निकायों, प्रशासनिक समितियों को मिलाने के बाद स्थापित किया गया था। दिल्ली नगर निगम का गठन दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम-1957 अधिनियम के आधार पर किया गया।

एमसीडी शुरुआत के वर्ष 1957 में 80 पार्षदों से हुई जो परिसीमन के बाद बढ़ते-बढ़ते वर्ष 2007 में 272 हो गई है। डीएमसी अधिनियम-1957 के शब्दों के मुताबिक, दिल्ली नगर निकाय सरकार का प्रशासन पंजाब जिला बोर्ड अधिनियम,1883 और पंजाब नगर निकाय अधिनियम, 1911 के तहत होता है। दिल्ली के नगरीय कामकाज को देखने के लिए विभिन्न निकाय और स्थानीय प्राधिकारी थे जिनमें नगरपालिका समिति, दिल्ली अधिसूचित



क्षेत्र समिति, सिविल स्टेशन अधिसूचित क्षेत्र समिति, लाल किला नगरपालिका समिति, दिल्ली-शहादरा नगर पालिका समिति, पश्चिमी दिल्ली नगर पालिका समिति, दक्षिण दिल्ली अधिसूचित क्षेत्र समिति, महरौली अधिसूचित क्षेत्र समिति, नजफगढ़ अधिसूचित क्षेत्र समिति, नरेला।

- दिल्ली नगर निगम की शुरुआत वर्ष 1957 में 80 पार्षदों से हुई जो परिसीमन के बाद वर्ष 2007 में 272 हो गई

दस्तावेजों के मुताबिक उपरोक्त निकायों के अलावा दिल्ली जिला बोर्ड, दिल्ली राज्य बिजली बोर्ड, दिल्ली सड़क परिवहन प्राधिकरण, दिल्ली संयुक्त जल एवं सीवेज बोर्ड जैसे अन्य स्थानीय निकाय भी थे। अधिनियम में कहा गया है, नगरीय मामलों को देखने के लिए कई स्थानीय निकाय और स्थानीय प्राधिकारियों के होने से विभिन्न अधिकारियों द्वारा जटिलता और समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए दिल्ली की नगरीय सरकार के प्रशासन के लिए एकीकृत निकाय की जरूरत महसूस की गई।

# अब फिर आयोजित होगा भारत कला महोत्सव

- महोत्सव के छठें संस्करण में देश भर से लाई गई 3,500 कलाकृतियां होंगी प्रदर्शित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित भारत कला महोत्सव सात अप्रैल से राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होगा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्ष से इसका आयोजन नहीं हो सका था। इस वार्षिक कला महोत्सव का यह छठा संस्करण है।


इस महोत्सव में देश भर से 20 से अधिक कला गैलरी द्वारा लाई गई 3,500 कलाकृतियां प्रदर्शित होंगी। परंपरागत रूप से त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाला यह महोत्सव इस साल कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार चार दिवसीय इस महोत्सव में आधुनिक, समकालीन और पारंपरिक भारतीय कलाकारों द्वारा आकर्षक कलाकृतियों और मूर्तियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जो कलाकारों, इंटीरियर डिजाइनरों, वास्तुकारों और कला पारखी के साथ गैलरी, डीलरों और खरीदारों को जोड़ेगी।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा अपना स्थापना दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इसकी शुरुआत 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन होगी। पीएम मोदी के भाषण को सुनने के लिए प्रमुख स्थानों पर बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी।

क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना जायेगा। पार्टी अपने स्थापना दिवस से लेकर 20 अप्रैल तक कई विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी जिसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रविवार को



पार्टी के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सांसद खेल प्रतियोगिता व कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती को बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मनाया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## विस अध्यक्ष राम निवास गोयल सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल को रविवार को प्रसिद्ध सफर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राम निवास गोयल ने सफर अवार्ड के डायरेक्टर इम्तियाज अहमद का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर वैश्य अग्रवाल पंचायत राणा प्रताप के महासचिव मदन लाल गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। लगातार दो बार से विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे राम निवास गोयल शाहदरा विधानसभा से विधायक हैं। उनकी वरिष्ठता एवं राजनीतिक अनुभव के मद्देनजर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष पद की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई जिसे वो अपने दूसरे कार्यकाल में भी बखूबी निभा रहे हैं। उनकी अन्य अनेकों विशेषताओं एवं राजनेतिक क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को देखते हुए ही उन्हें आइकन ऑफ पॉलिटिक्स मानते हुए 'सफर अवार्ड' 2022 से सम्मानित किया गया।

## अपने खुद के नाम से 'नाखुश' थे मनोज वाजपेयी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई किरदारों को अपने नाम से अमर करने वाले अभिनेता मनोज वाजपेयी खुद अपने नाम से नाखुश थे। दिल्ली में रहने के दौरान उन्होंने नाम बदलने की कोशिश भी की थी। यह बात दिल्ली में कार्यरत पत्रकार पीयूष पांडेय की लिखी एक किताब में यह बात सामने आई है। अभिनेता मनोज वाजपेयी के जीवन पर लिखी किताब 'कुछ पाने की जिद' का हाल ही पेंगुइन पब्लिकेशन ने किया है। अभिनेता मनोज बाजपेयी के अपना नाम बदलने की चाहत के किस्से का जिक्र है। बिहार से दिल्ली में आकर रंगमंच और संघर्ष की करने वाले मनोज बाजपेयी को अपना नाम काफी अरसे तक पसंद नहीं था और वह इसे बदलने की वजह जो वह बताते हैं, वह भी बड़ी रोचक है। मनोज बाजपेयी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मनोज नाम बिहार में बहुत कॉमन है। मैंने ये सोचा था कि मैं अपना नाम बदलूंगा। मैंने अपने लिए एक नया नाम भी सोच लिया था। ये नाम था समर। बैंडिट क्वीन के लिए जब धन मिला तो सोचा कि अब नाम बदलता हूं। लेकिन तब मेरे भाई ने कहा कि यार आप कमाल करते हो। आपकी पहली फिल्म देखेंगे लोग तो मनोज बाजपेयी और बाद में कुछ और नाम तो मैंने सोचा कि अब जो हो गया, बॉस हो गया। बस इस तरह से नाम नहीं कभी बदल न सका।

# तय समय पर होगा आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण

## अध्यक्ष मनोज जोशी ने प्रबंध निदेशक विनय सिंह के साथ किया दिल्ली से दुहाई तक कार्यों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय (एमओएचयूए) के सचिव एवं एनसीआरटीसी के अध्यक्ष मनोज जोशी ने एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह के साथ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

उनके निरीक्षण के शुरुआत सराय काले खां आरआरटीएस स्टेशन से हुई। इस स्टेशन को सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत एक बड़े परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

माना जा रहा है पूरा प्रोजेक्ट समय सीमा पर हो जाएगा।



आरआरटीएस के पहले चरण के सभी तीन आरआरटीएस कॉरिडोर एक साथ आ रहे हैं और आपस में इंटरऑपरेबल होंगे। सचिव ने आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता खंड पर बिजली आपूर्ति के लिए बनाए गए गाजियाबाद रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) की भी समीक्षा की।

उन्होंने अत्याधुनिक विद्युत उपकरणों की स्थापना का निरीक्षण किया। इसके अलावा जोशी ने गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन साइट का दौरा किया।

यह कॉरिडोर के 25 स्टेशनों में सबसे ऊंचा है। आगे बढ़ते हुए सचिव ने गुलधर आरआरटीएस स्टेशन और उसके पास चल रहे ट्रैक बिछाने के कार्य का निरीक्षण किया।

सचिव ने विभिन्न सुरक्षा और धूल-विरोधी उपायों सहित, विशेष रूप से प्राथमिकता खंड के निर्माण प्रगति की गति की सराहना की। सचिव को बताया गया कि 82 किमी लंबे कॉरिडोर के लिए वायडक्ट के सुपर स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए 23वां लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) को हाल ही में स्थापित किया गया है। किसी भी शहरी परिवहन प्रणाली के निर्माण में इतने बड़े पैमाने पर संसाधनों की तैनाती देश में पहली बार की जा रही है। उन्होंने इस बात पर भी संतोष जयता की परियोजना की गति समयसीमा के अनुसार है।

उन्होंने स्वीकार किया कि एनसीआरटीसी टीम सभी हितधारकों के सहयोग से कुशलतापूर्वक काम कर रही है और तय समय पर भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर को चालू करने और एनसीआर के सार्वजनिक परिवहन परिदृश्य को बदलने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### आनंद विहार स्टेशन में मल्टीमॉडल डिजाइन

यमुना नदी पर आरआरटीएस पुल के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य और आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन साइट का अवलोकन किया। आनंद विहार स्टेशन को कम्यूटर फर्स्ट दृष्टिकोण और कुशल मल्टीमॉडल एकीकरण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जा रहा है। दो टीबीएम आनंद विहार से न्यू अशोक नगर की ओर तथा दो आनंद विहार से साहिबाबाद की ओर। पहली टीबीएम आनंद विहार से न्यू अशोक नगर की ओर के टनल निर्माण के लिए लॉन्च किया गया है।

# पेट्रोलियम के दामों में बढ़ोतरी से टूट रही जनता की कमर: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मोदी सरकार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से पिछले 12-14 दिनों से लगातार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि कर रही है। पेट्रोलियम पदार्थों की इस महंगाई से जनता की कमर टूट रही है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार नेलगाया।

पटपडगंज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित महंगाई मुक्त भारत आंदोलन में भाग लेने वाले भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि कोविड से तबाह हुए लोगों पर पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में



बढ़ोतरी कहर बन कर टूट रही है। इससे घर का बजट अस्त व्यवस्त हो गया है, एक सप्ताह के भीतर घर के खर्चे में प्रति परिवार कम से कम एक हजार रुपये का इजाफा हुआ है।

अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रोजगार देने में विफल रहे हैं, लेकिन कम से कम उन्हें पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को कम करके और उत्पाद शुल्क को कम करके कीमतों में वृद्धि की जांच करनी चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 4 अप्रैल, 2022



# वैश्य महासम्मेलन: कलश यात्रा में हजारों महिलाएं शामिल

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से किया गया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अखिल** भारतीय वैश्य महासम्मेलन की जिला शाखा के तत्वावधान में आयोजित कलश एवं शोभा यात्रा में ढाई हजार महिलाएं शामिल हुई। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. गिरीश कुमार संघी के आह्वान पर नव संवत्सर एवं वैश्य दिवस के अवसर पर महासम्मेलन की जिला इकाई एवं महिला शाखा के तत्वावधान में कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।



गुरुग्राम में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस आयोजन की करीब एक महीने से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं। महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल, जिला महासचिव अरूण अग्रवाल एवं गजेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता तथा युवा जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे थे। महासम्मेलन की महिला उपाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष मिनाक्षी गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्षा सुरुचि गोयल, जिला महासचिव मीना गर्ग एवं ज्योति गुप्ता, कोषाध्यक्ष डिंपल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मीना एमडीएच, अमन गोपाल जिंदल, मधु, मंजू गोयल, क्षमा गर्ग, स्वाति गुप्ता, ऊषा गुप्ता, डोली गुप्ता तथा मीनू गर्ग सहित अनेक प्रमुख महिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी टीम को साथ ले कलश यात्रा के लिए महिलाओं को संगठित एवं उत्साहित कर रही थीं।



गुरुग्राम में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से निकाली गई कलश यात्रा में शामिल हुए कलाकार।

मथुरा, मेरठ, बड़ौत और गुरुग्राम से शामिल झांकियां सतरंगी छटा बिखेर रही थीं। पहली बार किसी भी शोभा यात्रा में 25 से अधिक झांकियों को शामिल किया गया। बंचारी के नगाड़े की थाप पर बाजार के व्यापारी झूम-झूम कर नाचने लगे। महाराजा अग्रसेन की झांकी और महालक्ष्मी जी की झांकी के स्वरूप अद्वितीय वैश्य समाज की शान लाला लाजपतराय की झांकी और देशभक्ति से ओत-प्रोत कारगिल की झांकी विशेष रूप से दर्शनीय थी।

शिव तांडव की थपकी पर कलाकारों द्वारा भवूत लगाकर चलना और हरिद्वार के अखाड़े के द्वारा सजीव प्रदर्शन करना लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा था। खाटू श्याम बाबात की झांकी गुरुग्राम के श्याम रंगीला परिवार द्वारा सजाई गई झांकी से समापन और प्रसाद वितरण पर लंबी कतार लगी रही। व्यापारी नेता रोशन लाल मंगला उर्फ पिंटू ने बताया कि ऐसे भव्य शोभा एवं कलश यात्रा पहली बार देखने को मिली।

# अहीर रेजिमेंट बनाकर कौम का हो सम्मान: सैनी

### पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने दिया अहीर रेजिमेंट की मांग को समर्थन

### अहीर रेजिमेंट संयुक्त मोर्चा की ओर से 59वें दिन जारी रहा धरना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अहीर** रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर यहां खेड़कीदौला में जारी आंदोलन से लोगों के जुड़ने और समर्थन देने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में रविवार को कुरुक्षेत्र से पूर्व सांसद राजकुमार सैनी धरने पर पहुंचे।

उन्होंने यहां सैंकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग का समर्थन करते हुए सरकार द्वारा इस पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की। पूर्व सांसद के अलावा भी अनेक लोगों ने





अहीर रेजिमेंट की मांग पर धरने को संबोधित करते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी।

इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। अहीर रेजिमेंट संयुक्त मोर्चा की ओर से अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर दिए जा रहे धरने के 59वें दिन कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के अलावा चंदू गांव के मौजिज लोग कुलदीप सरपंच, अजीत यादव जाटूसाना ब्लॉक, राजकुमार यादव रेवाड़ी, जयपाल यादव, रजोकरी के मौजिज लोग रणजीत यादव नंबरदार, सतपाल यादव, हरवीर यादव, अलका यादव, केहर सिंह यादव, चरण सिंह, प्रीतम सिंह के अलावा वजीरपुर से विजय सिंह चौहान नम्बदार, धर्म सिंह वजीरपुर, उर्मिला रामपुरा, सरोज यादव सेमत अनेक लोगों ने शिरकत की। पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि अहीर समाज ने सदा ही देश की रक्षा में विशेष भूमिका निभाई है। समाज के युवाओं ने सीमाओं पर खड़े होकर देश की रक्षा करते हुए सीने पर भी गोलियां खाई हैं।

हरियाणा का अहीरवाल तो वैसे भी सैनिकों की खान है। यहां हर मां की कोख से सैनिक जन्म लेता है। लगभग हर घर से यहां सेना में हैं। सरकार कौम का सम्मान करते हुए अहीर रेजिमेंट की जल्द से जल्द घोषणा करे।

समर्थन करने पहुंचे सभी लोगों के धरनास्थल पहुंचने पर अहीर रेजिमेंट संयुक्त मोर्चा की ओर से धन्यवाद किया गया। इस आंदोलन को गति दे रही अहीर समाज के अग्रणी लोगों ने धरने पर पहुंचे लोगों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। किसी भी आंदोलन में शायद ऐसा नजारा देखने को नहीं मिलता, लेकिन यहां धरने पर आने वालों का स्वागत अपने आप में खास होता है। मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि यहां समर्थन देने वाला हर उम्र का, हर ओहदे का व्यक्ति उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

अतिथि देवो भव: मानते हुए सब स्वागत करते हैं। मोर्चा के सदस्यों ने फिर दोहराया कि इस बार लड़ाई आरपार की है। यानी अहीर रेजिमेंट का गठन होने तक आंदोलन को खत्म नहीं करेंगे। उनका यह मांग पूरी तरह से जायज है। इसलिए सरकार बिना देरी किए इस पर सकारात्मक निर्णय ले।

# छह अप्रैल को 'आप' में शामिल होंगे सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति

### समर्थक समागम समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता लेंगे भाग



अरविंद केजरीवाल, सुशील गुप्ता, अभय जैन।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के 'समर्थक समागम समारोह' कार्यक्रम के संयोजक और पार्टी के नेता अभय जैन एडवोकेट ने लोगों का आम आदमी पार्टी से जुड़ने और पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा समारोह में शहर के सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति इस समागम में पार्टी में शामिल होंगे। यह समारोह यहां एमजी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने कोरस बैंकट हाल में 6 अप्रैल 2022 को होगा।

रविवार को इस बाबत प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी आम आदमी के सपने, उम्मीद और विजन के साथ आगे बढ़ रही है। लोग न सिर्फ पार्टी से जुड़ रहे हैं, बल्कि पार्टी की जीत भी सुनिश्चित कर सरकार बना रहे हैं। राजधानी दिल्ली के बाद पंजाब इसका उदाहरण है। ऐसे में गुरुग्राम सहित पूरा हरियाणा प्रदेश आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद और भरोसे के साथ देख रहा है। जिसके चलते ही समर्थक समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में पार्टी के सांसद सुशील गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, विधायक सौरभ भारद्वाज और हरियाणा के चुनाव सह प्रभारी महेंद्र चौधरी मुख्य रूप से भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी पार्टी के सशक्त नेता धीरेंद्र डागर, महाबीर शर्मा, अशोक वर्मा अधिवक्ता, धीरज यादव, मनजीत जेलदार, मन्जू साकला संभाल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया गया भारतीयों का नव वर्ष





गुरुग्राम की मियांवाली कालोनी में शोभा यात्रा निकालते लोग।

**गुरुग्राम।** विक्रम संवत 2079 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में यहां मियांवाली कालोनी में सीनियर सिटीजंस की ओर से प्रधान राजकुमार राव की अध्यक्षता में महिला मंडल मियांवाली व अन्य लोगों की मौजूदगी में शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में सुभाष चंद्र खंडूजा, बाबूलाल शर्मा, इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश भारद्वाज, सुभाष चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र यादव, वीके पाल, आरएसएस के विभाग कार्यवाह हरीश, संजीव सैनी महानगर कार्यवाह, संघ प्रचारक अक्षय, सतीश जैन, उत्तम चंद गुप्ता, आरपी जांगड़ा, चंडोक, योग गुरु एवं अन्य संस्थाओं में पदाधिकारी बीना घोरोई, प्रदेश भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, समाजसेवी आशा गोयल, पंतजलि जिला योग गुरु मंजू, पूनम गुप्ता, पूनम गोयल, कमला, वेद कुमारी, रामकली, रमा, शकुंतला ने भाग लिया। सबको मंगल कामनाओं की बधाइयां देते हुए मीठी खीलों का प्रसाद वितरण करते हुए यात्रा को संपूर्ण किया। सब के लिए मंगल कामनाओं की प्रार्थना की गई और बधाइयां दी गई। राजवीर कुराणा एंड पार्टी ने यात्रा में हरे रामा हरे कृष्णा की धुन से सबको आनंद विभोर किया और यात्रा में उत्साह बनाए रखा।

### घर से बाहर गई युवती संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** भोंडसी रेयान इंकलेव कॉलोनी में से युवती संदिग्ध हालत में लापता हो गई। युवती घर से बाहर किसी काम से निकली थी। पुलिस ने युवती के मौसा की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी राजपाल ने भोंडसी थाना में अपनी 21 वर्षीय भतीजी के संदिग्ध हालत में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। राजपाल ने पुलिस को बताया कि वह रेयान इंकलेव कॉलोनी भोंडसी में रहता है। उसके पास उसके छोटे भाई की बेटी 21 वर्षीय पारुल उर्फशैली रहने के लिए आई थी। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे पारुल उर्फशैली घर से किसी काम के लिए बाहर निकली थी। उस समय घर पर कोई नहीं था। वह देर शाम तक वापस घर न लौटने पर उसकी तलाश शुरु की। लेकिन शनिवार की शाम तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

### अहीर समाज के सम्मान की खातिर अहीर रेजिमेंट जरूरी

**गुरुग्राम।** अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर दिए जा रहे धरने पर मानेसर नगर निगम से मेयर पद के पंचायती भावी उम्मीदवार डा. विजय सिंह नम्बरदार पहुंचे। उन्होंने इस मांग का पुरजोर तरीके से समर्थन किया। डा. विजय सिंह नम्बरदार ने कहा कि वे वजीरपुर के बारह गांव की 36 बिरादरी की तरफ से भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने का समर्थन करते हैं। यह समर्थन वे इसलिए कर रहे हैं कि





अहीर रेजिमेंट की मांग पर धरने पर बोलते डा. विजय सिंह नम्बरदार।

अहीर समाज ने देश की रक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया है और दे रहे हैं। चाहे पाकिस्तान के साथ 1999 का कारगिल युद्ध हो या फिर इससे पहले की लड़ाइयां, सभी में अहीर फौजियों, सैन्य अधिकारियों ने जांबाजी के साथ मोर्चा संभाला। बहुत से शहीद हुए। तब जाकर देश का मस्तक ऊंचा हुआ। ऐसी कौम के सम्मान की खातिर सरकार को एक बार भी नहीं सोचना चाहिए। यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए थे। उन्होंने कहा कि सरकार तक यह बात पहुंच चुकी है। यहां सत्ताधारी पार्टी के नेता भी आ चुके हैं और विपक्ष के नेता भी। सभी ने एक स्वर में अहीर रेजिमेंट के गठन को समर्थन दिया है। ऐसे में अब देरी किस बात की है।

### स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम की 102 वर्षीय धर्मपत्नी कस्तूरी देवी का निधन



**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता सेनानी (आईएनए) श्रीराम की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी देवी का रविवार को 102 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गांव मानेसर में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम ने आजाद हिंद फौज में शामिल होकर अंग्रेजों के खिलाफ जारी लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वहीं देश की आजादी के उपरांत बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) में भी अपनी सेवाएं दी और वर्ष 1972 में बीएसएफमें रहते हुए उनका स्वर्गवास हो गया। श्रीमती कस्तूरी देवी की अंत्येष्टि में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व जिला प्रशासन गुरुग्राम की तरफ से मानेसर के नायब तहसीलदार नरेश कुमार ने उन्हें पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफ से समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल व महसचिव सेवानिवृत्त सूबेदार बिजेंद्र सिंह ठाकरान ने भी उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती कस्तूरी देवी के अंतिम संस्कार से पूर्व हरियाणा पुलिस की तरफसे एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया तथा सात राउंड फायर किए। इस दौरान कर्नल पर्वत सिंह, पार्षद तेजराम, मास्टर बलबीर सिंह, मास्टर रामकुमार, नरेश घनघस, हरीश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पंजाबी बिरादरी महा संगठन संस्कृति संवर्धन को प्रतिबद्ध : बोधराज सीकरी

### पंजाबी बिरादरी महा संगठन की बैसाखी मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आगामी 17 अप्रैल 2022 रविवार को बैसाखी के उपलक्ष्य में न्यू कॉलोनी दशहरा ग्राउंड में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने यहां बैठक आयोजित की। जिसमें पदाधिकारियों, चीफ एडवाइजर, चीफ पैटर्न, एग्जीक्यूटिव मेंबर व सदस्यों के साथ संगठन के प्रधान एवं हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के वाईस चेयरमैन बोधराज सीकरी ने कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

बैसाखी समारोह में हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। करनाल से सांसद संजय भाटिया अध्यक्षता करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव की गरिममयी उपस्थिति होगी। एनआईटी फरीदाबाद से विधायक सीमा त्रिखा, कुरुक्षेत्र विधायक सुभाष सुधा, पानीपत विधायक प्रमोद विज, विधायक जगाधरी घनश्याम दास, विधायक जींद डा. कृष्ण लाल मिड्डा, रोहतक से पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, विनोद भयाना विधायक, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला अध्यक्ष केशवपुर दिल्ली राजकुमार



पंजाबी बिरादरी महा संगठन की बैठक लेते प्रधान बोधराज सीकरी व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

भाटिया को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में गायक हंस राज हंस के पुत्र पंजाबी सिंगर नवराज हंस एवं हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन के माध्यम से कई पंजाबी कलाकार उपस्थित होंगे। बैसाखी मिलन समारोह के विशाल आयोजन में कोई कमी ना रह जाए, इसके लिए बोधराज सीकरी और मंत्री रामलाल ग्रोवर ने संगठन से जुड़े लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है।

कार्यक्रम के प्रबंधन को लेकर मिली जिम्मेदारी के लिए संगठन के सदस्यों में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। बैठक में एडवोकेट मुकेश नांगिया ने अपने 40 लोगों को संगठन का सदस्य बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक में फिरोजपुर झिरका से समाजसेवी अर्जुन चावला को आमंत्रित किया गया और उन्हें वरिष्ठ संरक्षक मनोनीत किया गया। श्रीसीकरी ने कहा कि अहीर रेजिमेंट के पक्ष में पंजाबी बिरादरी खड़ी है। सोमवार को बिरादरी का एक प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर जाएगा। इसके बाद उपायुक्त को ज्ञापन भी देंगे।

# मिट्टी को सम्मान दिलाने में जुटे अमित रोहिल्ला को कैनविन ने दिया सम्मान

### कैनविन फाउंडेशन की ओर से नवीन गोयल ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की वोकल फॉर लोकल मुहिम को गति देने के उद्देश्य से मिट्टी का सम्मान बढ़ाने की दिशा में कार्यरत अमित रोहिल्ला को कैनविन फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने अपने कार्यालय में दिया।

इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भारतीयता को आगे बढ़ाने, अपनी संस्कृति, अपने संस्कारों को आगे बढ़ाने में जुटे व्यक्तियों का हर स्तर पर सम्मान किया जाना जरूरी है। हमारे शहर, हमारे प्रदेश और देश में अनेकों व्यक्ति ऐसे हैं, जो कि कोई न कोई एजेंडा लेकर काम कर रहे हैं। इसमें उनका



अमित रोहिल्ला को सम्मानित करते कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल।

कोई स्वार्थ नहीं है, फिर भी वे लगातार काम कर रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं अमित रोहिल्ला। उन्हें मिट्टी को कद्र दिलाने की जुनून है। वे मिट्टी से बने बर्तनों को उपयोग करने की मुहिम चला रहे हैं।

सम्मानित हुए मिट्टी की खुशबू राष्ट्रीय मुहिम चला रहे हीरा अमित रोहिल्ला के मुताबिक उनका मुख्य उद्देश्य कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के सामान को जन-जन तक पहुंचाना है। इनमें इन माटी के कलाकारों की आजिविका अच्छी चलेगी और हमारे देश में मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने से बीमारियां कम होंगी। इस मुहिम को शुरू करने से पहले उन्होंने स्वयं इस काम को बारीकी से समझा। वे बर्तन बनाने वालों के पास गए। उनके साथ काम भी किया। पीएम मोदी के लोकल फॉर वोकल की मुहिम को प्रमोट करना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुग्राम में जल्द ही मिट्टी से बनी भारत माता की एक मूर्ति भी स्थापित की जाएगी, इस मूर्ति के निर्माण में काला पानी से लाई गई मिट्टी भी शामिल होगी। इसे जयपुर में मिट्टी के कलाकार सुरेश प्रजापति बना रहे है। अमित रोहिल्ला ने बताया कि अब वे मिट्टी से बनी चीजों का डिजिटली प्रचार भी कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस मुहिम को पहुंचाया जा सके। अब तक उन्होंने 500 से अधिक कुम्हारों से संपर्क करके एक डाटा तैयार किया है। हरियाणा, दिल्ली समेत कई जगह के बाजारों से संपर्क साध रहे हैं, ताकि वहां पर मिट्टी के सामान को प्रमोट किया जा सके। गरीब वर्ग के इन लोगों को आर्थिक मदद, मेडिकल सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।

# बल्लभगढ़-सोहना मार्ग से हटाएं नूनेरा टोल

### ग्रामीण एकजुट होकर टोल का कर रहे विरोध, होगी पंचायत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बल्लभगढ़-सोहना** मार्ग पर बने नूनेरा टोल को हटाने की मांग करने लगे हैं। मार्ग से लगते गांवों के ग्रामीण एकजुट होकर विरोध करेंगे। करीब 10 साल से टोल पर वसूली की जा रही है।

गुरुग्राम-सोहना एलीवेटेड मार्ग को भोंडसी टोल के बाद अब बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पिछले करीब 10 वर्ष से चल रहा नूनेरा में टोल को समाप्त करने की मांग ग्रामीण करने लगे है। सोहना से बल्लभगढ़ मार्ग की 33 किलोमीटर लंबाई में दो टोल बने है। पहला टोल नूनेरा तथा दूसरा जिला फरीदाबाद का गांव पाली में बना है। मार्ग से लगते गांव बादशाहपुर टैठड़, बाईखेड़ला, कुलियाका, खत्रीका, सरमथला, लोहसिंघानी, राहाका, बिलहाला, जोहलाका, लाला खेड़ली, मंडावर,



बल्लभगढ-सोहना मार्ग पर बनें गड्ढें।

निमौठ, रानी का सिंघौला, घंघौला, दमदमा, खेड़ला, दौला, खरौदा, बालूदा व सोहना शहर के निवासी नूनेरा टोल को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं।

#### टोल के खिलाफ आंदोलन होगा

**मार्ग** से टोल को समाप्त करने के लिए ग्रामीण एकजुट होने लगे है। गांव निमौठ सुरेश का कहना है कि जल्द ही इस संबंध में 15 से 20 गांवों की पंचायत बुलाई जाएगी। उसके बाद





बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर नूनेरा में बना टोल।

टोल को मार्ग से हटाने के लिए पंचायत द्वारा लिए जाने वाले फैसलों के आधार पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

#### समय सीमा समाप्त

**बल्लभगढ़-सोहना** मार्ग पर करीब 10 वर्ष पहले रिलायंस कंपनी द्वारा निर्माण कराया था। जिस पर बनाएं गए नूनेरा व पाली में टोल की समय सीमा 5 वर्ष की थी, लेकिन टोल 10 वर्ष का समय होने के बावजूद आज भी वसूली की जा रही है। लाला खेड़ली के पूर्व सरपंच रामनिवास का कहना है कि चंद लोग अवैध रूप से टोल को चला रहे है। यह सब उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से टोल को जबरन चलाकर वसूली की जा रही है।

#### मार्ग पर बने गहरे गड्ढे

**बल्लभगढ़-सोहना** मार्ग पर गड्ढे बने हुए हैं। जिसके कारण इस मार्ग पर वाहन नाचते हुए चलते है। ऐसे में आमने-सामने वाहनों के बीच टकराने का पूरा-पूरा खतरा बना रहता है। बादशापुर टैठड़ निवासी देवराज का कहना है कि टोल की वसूली की जा रही है। लेकिन मार्ग पर बने गड्ढ़ों को भरने पर एक पैसा खर्च नहीं किया जा रहा है। यह गड्ढ़े वाहन चालकों की जान के दुश्मन बने हुए हैं।

# धानुका आश्रम वृंदावन में 108 रुद्राभिषेक और शतचंडी यज्ञ भव्य हुआ आयोजन

### धानुका ग्रुप के चेयरमैन आरजी अग्रवाल ने हिंदू नव वर्ष की लोगों को शुभकामनाएं दीं

पायनियर समाचार सेवा। वृंदावन

**हिंदू** नव वर्ष एवं नव विक्रम संवत 2079 के पावन अवसर पर वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित धानुका आश्रम में 108 रुद्राभिषेक एवं शतचंडी यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया।

विद्वान यज्ञविदों की उपस्थिति में, धानुका आश्रम में रुद्राभिषेक एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन पूरे विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी धानुका ग्रुप के चेयरमैन आरजी अग्रवाल रुद्राभिषेक एवं शतचंडी यज्ञ में उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने मानव कल्याण के लिए सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर चलते हुए इस यज्ञ का आयोजन ऐसे समय किया, जब दुनिया के कुछ देश



आपसी प्रतिद्वंद्विता कर रहे हैं। बहुत से लोग कोरोना महामारी के नकारात्मक प्रभाव से उभरने की कोशिश कर रहे हैं। अपेक्षा है कि इस यज्ञ के प्रभाव से लोगों को कोरोना की नकारात्मकता से उभरने में मदद मिलेगी। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

यज्ञ में धानुका आश्रम में मौजूद सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके परिणाम स्वरूप धानुका आश्रम का पूरा वातावरण भक्तिमय था। रुद्राभिषेक एवं यज्ञ में धानुका ग्रुप से जुड़े हुए बहुत सारे व्यक्ति मौजूद रहे। यज्ञ में कुछ नामी-गिरामी पत्रकार गण भी मौजूद रहे। इस पावन अवसर पर धानुका ग्रुप के चेयरमैन आरजी अग्रवाल ने लोगों को हिंदू नव वर्ष, विक्रम नव संवत 2079 एवं चैत्र नवरात्र की बहुत सारी शुभकामनाएं दीं। सभी लोगों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उनके सर्वांगीण विकास की कामना की। 108 रुद्राभिषेक एवं शतचंडी यज्ञ के सफल आयोजन के उपरांत धानुका आश्रम में एक भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया।

यहां यह बताना आवश्यक है कि रमनरेती परिक्रमा मार्ग वृंदावन स्थित धानुका आश्रम में हर वर्ष नव विक्रम संवत के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जाता है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानी कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बनाए गए धानुका आश्रम में कुल 60 वातानुकूलित कमरे हैं। जहां कोने-कोने से आए हुए तीर्थयात्री अपने आध्यात्मिक एवं मानसिक कल्याण के लिए रुकते हैं।

# वीआईपी फोन नंबर बेचने के बहाने ठगने वाले गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नितीश अग्रवाल के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर 58 पुलिस टीम ने एक मोबाइल फोन के वीआईपी नंबर बेचने के बहाने फ्रॉड करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी दिलीप स्थाई रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। अस्थाई रूप से दिल्ली के न्यू अशोक विहार में रहता है। आरोपी दिल्ली की एक कंपनी में लाइनमैन का काम करता था। आरोपी की कंपनी से नौकरी छूट जाने के बाद आरोपी ने लोगों के साथ वीआईपी नंबर बेचने का फ्रॉड करने का काम शुरू किया है। इसी प्रकार आरोपी ने फरवरी माह में थाना सेक्टर 58 में रहने वाले एक व्यक्ति को गूगल से नंबर सर्च कर कॉल किया। जिसमें उसने वीआईपी एयरटेल नंबर बेचने का ऑफर दिया। आरोपी ने पहले व्हाट्सएप पर वीआईपी एयरटेल नंबर सीरीज भेजी। जिसमें एक नंबर का मूल्य 10000 रुपये बताया। जिसमें शिकायतकर्ता ने दो नंबर सिलेक्ट किए और बुकिंग के लिए 2000 रुपये आरोपी के खाते में भेज दिए। जिसके बाद आरोपी ने शातिर तरीके से दो एयरटेल ब्लैंक्स सिम नोएडा से फरीदाबाद के सेक्टर 58 में भिजवा दिए। जिस पर आरोपी ने 18000 रुपये और अपने खाते में डलवा लिए।

अब आरोपी 11000 रुपये रिचार्ज के लिए अपने खाते में डलवाना चाहता था। लेकिन शिकायतकर्ता ने पैसे नहीं डालें तो आरोपी ने अपना फोन बंद कर लिया। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने थाना सेक्टर 58 पुलिस को दी।

# गरीबी से उबरे बुनकरों की कोरोना ने तोड़ी कमर

## महामारी के बाद आई मंदी से भोजन तक को मोहताज हो रहे हैं बुनकर

कविता। फरीदाबाद



अपने साड़ियों और सूट के स्टॉल पर बैठे बदरूद्दीन।

**बनारस** से आए बुनकर बदरुद्दीन बचपन से पुश्तैनी मीनाकरी का काम कर रहे हैं। हथकरघा बुनकर उनका पुश्तैनी काम है। लोगों की आधुनिक पसंद के मुताबिक अपने लंबे अनुभव के आधार पर वे एक से बढ़कर एक साड़ियां और सूट तैयार करते हैं।

इस दौरान वे कड़ी मेहनत के दम पर अपने परिवार को काफी हद तक आर्थिक तंगी से उबारने में कामयाब भी हो गए थे। लेकिन करीब दो साल पहले आई कोरोना महामारी ने उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेरकर रख दिया है। लॉकडाउन के बाद आई मंदी के कारण अभी तक काम पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पा रहा है। मेले के स्टॉल नंबर 929 में वे अपने हाथों से तैयार किए गए कपड़ों की बिक्री कर रहे हैं।

बदरुद्दीन बताते हैं कि उनके दादा कासिम और पिता मौहम्मद अजूब शुरू से ही बुनकर का काम करते थे। बनारसी खड्डियों में घंटों पसीना बहाने के बावजूद परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं आ पा रहा था। बदरुद्दीन बताते हैं कि उनके पिता और दादा बताते थे कि आजादी के बाद करीब दस साल तक बुनकर गुरबत में दिन गुजार रहे थे। उस समय बुनकारों के घरों में एक समय का भोजन मुश्किल से बन पाता था। लेकिन हजारों परिवार इससे जुड़े रहे। लेकिन आजादी के करीब दस साल बाद धीरे धीरे बुनकरों की आर्थिक हालत में सुधार आना शुरू हो गया था।

बदरुद्दीन का कहना है कि परिवार की आर्थिक हालत ठीक न होने के कारण ही उन्हें दस साल की उम्र में काम करना पड़ गया था। पुश्तैनी काम में दादा और पिता का हाथ बंटाते हुए उन्होंने भी काम सीखन शुरू कर दिया था। पत्नी व उनके दो बेटे तोसिफ और हसीन अहमद भी उनके साथ काम करते हैं। जबकि छोटा बेटा सहदाब और बेटियां शिफाना और शवाना पढ़ रहे हैं। जैसे तैस परिवार का ठीक ठाक गुजारा चल ही रहा था कि कोरोना महामारी आ गई।

जिसकी वजह से सरकार को लॉकडाउन लगाना पड़ा। कोरोना की वजह से इन दो सालों के दौरान काम धंधा पूरी तरह चौपट हो गया। बनारस में बुनकर उद्योग का सबसे ज्यादा बुरा हाल हो गया है। जिसके कारण काफी संख्या में बुनकर बनारस से पलायन कर अमहमदाबाद और बैंगलौर का रूख कर रहे है, क्योंकि वहां इस काम की स्थिति काफी बेहतर है।

# दिव्यांग जनों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य : कृष्णपाल गुर्जर

## शिविर में वितरित किए गए कृत्रिम हाथ को इस्तेमाल करने का दिया प्रशिक्षण

## 400 ग्राम के कृत्रिम हाथ की बाजार कीमत है एक लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शिविर में दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग वितरित करते केंद्रीय भारी उद्योग एवं उर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं उर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। दिव्यांग समाज का अभिन्न अंग हैं। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक दिव्यांग को हरेक क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर सशक्त बनाया जाए। गुर्जर आज सेक्टर-8 फरीदाबाद में डा. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र में भारत विकास परिषद तथा रोटरी क्लब दिल्ली साउथ सेंट्रल व रोटरी क्लब पूना डाउन टाउन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दिव्यांगों के उत्थान की आवश्यकता है ताकि यह समाज में अपना अहम योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि पहले दिव्यांगों को विकलांग के नाम से जाना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग को एक नया नाम दिव्यांग दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके तहत दिव्यांगों को मोटराइज साइकिल, मूक बधिरों के लिए सुनने व बोलने में सक्षम बनाने वाले यंत्र, सहायक उपकरण तथा कृत्रिम अंग प्रदान किए जाते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा बीपीएल परिवारों के दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक यंत्र प्रदान करने की योजना भी चलाई जा रही है। गुर्जर ने कहा कि आज इस शिविर में दिव्यांग जनों को वितरित किए जा रहे कृत्रिम हाथ को अमेरिका से आयात किया गया है, जिनकी बाजार में कीमत लगभग एक लाख रुपये तक है। इसका वजन भी लगभग 400 ग्राम तक है, जिसके कारण इन कृत्रिम अंगों को इस्तेमाल करना दिव्यांगजन के लिए आसान रहता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का यह पहला शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें अमेरिकन प्रौद्योगिकी से बनाए गए कृत्रिम अंग प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि कोई भी दिव्यांग लाचार न रहे। इस प्रकार के आयोजनों से दिव्यांगों की सेवा करने का मौका मिलता है। शिविर में आने पर संस्था के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को पटका पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन कर कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त किया।

# जिलास्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन



एनआईटी तीन स्थित खेल परिसर में आयोजित किक बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खेलते खिलाड़ी।

**फरीदाबाद।** नगर निगम खेल परिसर, एनआईटी में जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 21वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ।

फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। हरियाणा किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की पिछले वर्ष टोक्यो ओलंपिक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के सेशन में किक बॉक्सिंग खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ओर्गनइजेशंस' को पूर्ण मान्यता दे दे गई है और पिछले वर्ष खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार ने किकबॉक्सिंग खेल को मान्यता दे दी है। आज पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के अवसर पर माननीय विधायक बड़खल सीमा त्रिखा मुख्य अतिथि थी, समारोह की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के द्विप्रान्त संगठन मंत्री उमेश कुमार ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन का सार है भागवत् : सुरेंद्र शर्मा बबली



**फरीदाबाद।** गांव पलवली ग्रेटर फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से जीवन सुधरता है अमृत रसपान के समान है। श्रीमद्भागवत कथा आचरण सुधरता है। जीव परमात्मा को प्राप्त कर जन्म मरण के बन्धन से मुक्त हो जाता है। कथा का आयोजन पंडित नंदकिशोर शर्मा, सुखराम शर्मा, कन्हैया लाल, दुलीचंद शर्मा, धर्मवीर शर्मा, बिजेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर छाजूराम, घंसी, लच्छीराम, टेकचंद, आनन्द, कन्हैया, भूदत, भीम, राजकंवर, प्रकाश, नंदकिशोर एडवोकेट, रामकुमार, रवि दत्त, मूलचंद, अमीचंद, नरेंद्र, प्रहलाद, दीपक, इन्द्र, सुरेन्द्र, कृष्ण सहित भक्तजन व सम्मानित महानुभाव उपस्थित रहे।

### एसी नगर में पांच दर्जन ने थामा आप का दामन

**फरीदाबाद।** पंजाब चुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत के बाद अब आम आदमी पार्टी का कुनाबा निरन्तर रोज बढ़ रहा है। इसी कड़ी में युवा समाजसेवी एवं ए.सी. नगर निवासी शिवम पाण्डे ने आज अपने पांच दर्जन से अधिक युवा साथियों के साथ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं नगर निगम फरीदाबाद के चुनाव इंचार्ज आभाष चंदेला के नेतृत्व में पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर श्री चंदेला ने शिवम पाण्डे व उनकी युवा टीम को पार्टी की टोपी पहनाई तथा पटका डाला। युवा शक्ति पार्टी में शामिल हो रही है तथा आम आदमी पार्टी की रीति-नीतियों से जनता को अवगत करने में जुटी है। फरीदाबाद नगर निगम के चुनावों में भी पार्टी सिम्बल पर चुनाव लड़ेगी तथा मेयर भी आम आदमी पार्टी का होगा। इस मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों में सादिक अली, प्रिंस गौतम, यासीन शेख, सरदार सुखमीत, सन्नी, संजय सिंह, धर्मेश गढ़वाली, सूरज पासी, संदीप खटाना, आशीष पाण्डे, अनिल शुक्ला, प्रिंस पाण्डे, पवन पाण्डे, महताब शेख, अनस अली, आफताब खान, अरीब खान, अरमान शेख, कौसर अली, आरिफ शेख शामिल थे।

### हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में मोटरसाइकिल यात्रा संपन्न

**फरीदाबाद।** हिन्दू जागरण मंच फरीदाबाद के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष जनजागरण मोटरसाइकिल यात्रा संपन्न हुई। जिसमें मुख्यातिथि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख माननीय गंगा शंकर मिश्र और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, बेटी बचाओ अभियान हरियाणा प्रांत के प्रमुख राकेश वशिष्ठ, यात्रा संयोजक अर्जुन सिंह, गजेंद्र उर्फ लाला, राघवेंद्र प्रताप सिंह, संजीव झा, आरपी सिंह, दिलीप तिवारी, मुकेश वर्मा, अमित कालरा, बृज किशोर, रविकांत मिश्रा, वीरेंद्र सरोज, आनंद, देवी, राजेश, रमन झा, मंच के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। यात्रा कार्यक्रम में 250 बाइक सवार युवकों की टोली शामिल रही। जिन्होंने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जयश्री राम, वंदेमातरम और भारत माता के जयघोष करते हुए निकले। राधा मंदिर से शुरू होकर बीकानेर से होते हुए शिव दुर्गा विहार के ए-ब्लाक ए के मिडल स्कूल, सरदार बल्ली फट्टा मार्ग ई -ब्लाक होते हुए बाबूलाल डेरा, पोल फ़ैक्ट्री, कैला देवी मंदिर, लक्कड़पुर रेलवे फाटक, ग्रामीण बैंक के पास से डी-1 दयालबाग एक्सटेंशन से होते हुए वापस राधा कृष्ण मंदिर पर संपन्न हुई।

### जब फैशन शो में रैंप पर उतर आया पूरा भारत



**सूरजकुंड।** अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में बीती रात बड़ी चौपाल में आयोजित माई हैंडलूम-माई प्राईड थीम पर आधारित फैशन शो पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। पार्टनर स्टेट जम्मु-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दीप प्रज्जवलन के साथ फैशन शो का विधिवत शुभारंभ किया। फैशन डिजाईन कौंसिल आफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित फैशन शो में देश के विभिन्न राज्यों की साड़ियां पहने महिलाओं ने रैंप पर कैटवॉक किया। रैंप के दोनों तरफ फैशन जगत की जानी मानी हस्तियां इस कार्यक्रम में शामिल रहीं। असम, मेघालय, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उतरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आई प्रभिगियों ने जब संबंधित प्रदेश की साड़ी पहनने की कला को प्रदर्शित किया तो ऐसा नजर आया, जैसे पूरा भारत रैंप पर उतर आया हो। मंच संचालन दिक्षा रानी ने किया। इस मौके पर पर्यटन विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा, जम्मू कश्मीर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव रंजन प्रकाश ठाकुर, टैक्सटाईल मंत्रालय के सचिव उपेंद्र सिंह, पर्यटन निगम हरियाणा के प्रबंध निदेशक डा नीरज कुमार सहित अनेक प्रदेशों के जाने माने फैशन डिजाईनर उपस्थित रहे।

### 'आपणा घर' ने लोगों तक पहुंचाई हरियाणवी संस्कृति

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले मेले की शुरुआत 19 मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा उज्बेकिस्तान के राजदूत ने संयुक्त रूप से की थी। पिछले 15 दिनों में विरासत हेरीटेज विलेज कुरुक्षेत्र द्वारा स्थापित किया गया 'आपणा घर' पर्यटकों एवं सैलानियों के लिए विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। यहां पर दर्शाई गई हरियाणवी संस्कृति के माध्यम से संस्कृति का प्रचार-प्रसार लाखों पर्यटकों तक पहुंचा। इतना ही नहीं सोशल मीडिया के माध्यम से 'आपणा घर' के सेल्फी प्वाइंट पर्यटकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। 'आपणा घर' में हरियाणा की लोक पारंपरिक विरासत को जिस तरीके से प्रस्तुत किया गया है वह मेले के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### गौरवमयी इतिहास का मंच बनी डिजिटल बैकलिट प्रदर्शनी

**फरीदाबाद।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में चल रही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा का योगदान थीम पर आधारित डिजिटल बैकलिट प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रही है। सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल के दिशा निर्देश अनुरूप आयोजित प्रदर्शनी से आमजन को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की सटीक जानकारी भी मिल रही है।

### अवैध हथियार रखने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने एक अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह नई जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जुबेर और फेपा फरीदाबाद के सेक्टर 56 आशियाना फ्लैट में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी के घर सेक्टर 56 आशियाना फ्लैट में रेड की जहां से आरोपी को 5 जिंदा रोंद और 113 खाली कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। आरोपी कहां से और कितने पैसे में अवैध हथियार लेकर आया है। मामले की इस पूर्ण जानकारी के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डीसीपी** एनआईटी नितीश अग्रवाल के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार की टीम ने के लिए अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के एसजीएम नगर की संजय कॉलोनी में रहने वाले लड़की (23) के बड़े भाई राजू की शिकायत उसकी बहन के पति और सास ने दहेज के लिए हत्या कर दी है। जिस पर कार्यवाही करते हुए तुरंत दहेज के लिए हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना एसजीएम नगर की पुलिस टीम ने आरोपी सोनू को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर एनआईटी में स्थित मुल्ला होटल से काबू कर लिया है। आरोपी सोनू (28) एसजीएम नगर की आदर्श कॉलोनी में रहता है। लड़की के भाई ने बताया कि वह गरीब आदमी है। जिसके कारण उसने अपनी बहन की शादी सामाजिक कल्याण संस्थाओं के द्वारा एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 नवंबर 2021 फरीदाबाद के सेक्टर 16 में कराई थी। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसकी शादी सम्मेलन में हुई थी। जिसमें उसकी पत्नी कोई दहेज नहीं लेकर आई थी।

# मानसी ने कुश्ती में जीता कांस्य पदक

**फरीदाबाद।** बिहार के जिला पटना के पाटिलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में संपन्न हुई जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में फरीदाबाद की मानसी भड़ाना कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही हैं। उनका ग्रेटर फरीदाबाद की जगरूप सिंह राठी अकैडमी पहुंचने पर स्वागत किया गया।

जानकारी के मुताबिक मानसी भड़ाना गांव अनंगपुर की रहने वाली हैं, जो जगरूप सिंह राठी कुश्ती अकैडमी पर ट्रेनिंग ले रही हैं। पिछले रेकार्ड को देखते हुए मानसी को जूनियर नैशनल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिला, जहां मानसी ने 68 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में कामयाबी पाई है। फरीदाबाद पहुंचने पर मानसी ने गुरु जगरूप सिंह राठी, नेहा राठी , सोनिया मोर और अमित कुमार का आभार जताया। दी जा रही ट्रेनिंग की बदौलत मुझे कामयाबी मिली है।

# महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस ने पुतला दहन कर किया प्रदर्शन

## भाजपा सरकार ने महंगाई के नाम पर देश में लूट मचाई : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ में पुतला फूंक कर रोष प्रकट करते कांग्रेसी।

**बढ़ती** महंगाई, बढ़ते पेट्रोल-डीजल-सीएनजी के दाम, बढ़ते घरेलू गैस के दाम को लेकर युवा कांग्रेस शहरी एवं ग्रामीण ने रविवार को सेक्टर-15 जिमखाना क्लब से लेकर सेक्टर-15 मार्केट तक पैदल मार्च प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, भाजपा सरकार मुर्दाबाद, महंगा राशन महंगा तेल मोदी फेल, मोदी फेल, शर्म करो, डूब मरो, खट्टर सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस के सभी युवा कार्यकर्ता बिना तेल की बाइक लेकर, हाथों में झंडे, गैस सिलेंडर के बैनर लेकर भाजपा की तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और बढ़ी हुई कीमतों को वापिस लेने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर एसडीएम परमजीत चहल को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नितिन सिंगला एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष अभिलाष नागर ने किया। जबकि मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने शिरकत की।

# मंदिरों में दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा





नवरात्र के अवसर पर मां काली के मदिंर में पूजा करते भक्तगण। तिकोना पार्क स्थित महारानी मंदिर में पूजा करते भक्तगण।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मंदिरों** में सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। पुजारियों ने बताया कि दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली देवी की संज्ञा दी जाती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। मां दाएं हाथ में जप की माला और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

**वैष्णो देवी मंदिर:** सिद्धपीठश्री वैष्णोदेवी मंदिर में प्रात: कालीन आरती में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की भव्य पूजा की। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने भव्य पूजा का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर मंदिर में मां के दरबार में जिला पार्षद शैलेंद्र सिंह, दिनेश खत्री, नीरज अरोड़ा प्रीतम धमीजा, रमेश झाम, वेद भाटिया, एसपी भाटिया, रोहित, विवेक डांग, तथा शिवानी ने हाजिरी लगाई। प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नवरात्रों के विशेष अवसर पर मंदिर के कपाट चौबीस घंटे खुले रहते हैं।

## सिद्धपीठश्री वैष्णोदेवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा

**काली मंदिर:** तिकोना पार्क में स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारियों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से मिलने वाले फल को बताया।

**बांके बिहारी मंदिर :** एनएच-पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर में ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। ललिमा गोस्वामी ने बताया कि दूसरे दिन पूजा करने में बच्चों की संख्या भी थी, क्योंकि इस पूजा में ब्रह्मचार्या का पालन करने वाले विद्यार्थी भी भाग लेते है।

## मां चंद्रघंटा की पूजा से दूर होंगे पांचों विकार: मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक महंत मुनिराज ने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से भक्तों के पांचों विकार दूर होते है। नवरात्रों में तीसरे दिन मां के अर्धचंद्र को धारण किए हुआ है अथवा मस्तक पर चंद्रमा और हाथ में घंटा लिए हुए मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा की जाती है। शुंभ व निशुंभ नाम के दो राक्षस, जिन्होंने राक्षसों की प्रेरणा से समस्त देवताओं पर आक्रमण कर दिया।

उस समय देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुती शुरू कर दी। चंड और मुंड ने अपने दुत्तो को मां भगवती को केश पकडक़र लाने के लिए भेजा। तब मां भगवती ने उन्हें कहा कि (गर्ज गर्ज महा मुंड यावत मधु पिवाहियम) अरे मूर्खों तब तक गर्जना कर लो, जब तक कि मैं मधु का पान कर रही हूं। ऐसा कहकर उन्होंने चंद्र मुंड का वध कर दिया।

# मीटिंग हॉल के निर्माण में बरती गई अनियमितताएं

## जेई पर लगाया आरोप, सीएम से की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



खुदाई के दौरान की गई पेड़ों की कटाई।

**डीईओ** ऑफिस (जिला शिक्षा विभाग कार्यालय परिसर) में मीटिंग हॉल निर्माण के लिए खुदाई कराई गई और पेड़ों की कटाई भी कराई गई। विभाग में मीटिंग हाल को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। नियमानुसार टेंडर न कराने पर एक जेई को घेरा जा रहा है। यहां तक मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरियाणा को इस बारे में शिकायत भी कर दी गई है, ताकि टेंडर निरस्त कर इस पूरे मामले की जांच कराई जाए।

दरअसल कार्यालय परिसर में एक बड़ा हाल पहले से ही बना हुआ है, जो बंद रहता है। खास कार्यक्रम के दौरान ही वह हाल खोला जाता है। रखरखाव के अभाव में वह हाल खराब हो रहा है। बावजूद मीटिंग हाल बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं कई ऐसे कमरे हैं, जो वर्षों से बंद हैं, उनको कमरों को कभी खोला तक नहीं गया। शौचालय में सामान रखा हुआ है। इन सब के बारे में शिक्षा विभाग के हरेक अधिकारियों को अवगत कराया गया, पर उन कमरों को नहीं खोला गया। शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने जरूर एक बार कई कमरों को खाली कराया तो उसमें साइकिल व सिलाई मशीन मिली थी, जिनकी नीलामी कराई गई।

## भारत-रूस संबंध

### बिजनेस महत्वपूर्ण

**भारत** ने अपने हित में रूस के साथ बिजनेस करने के फैसले का बचाव किया है। नई दिल्ली ने रूस के साथ अपने संबंधों पर पश्चिम की उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया अच्छी तरह समझ ली है। संरक्षक की तरह की जाने वाली उसकी टिप्पणियां व दृष्टिकोण परेशान करने वाला है। भारत का दृष्टिकोण निरंतरता से भरा तथा तीन चीजों की अभिव्यक्ति करने वाला है। इसमें राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता, यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपमान की चिन्ता तथा सबके साथ दीर्घकालीन संबंधों का सम्मान शामिल है। भारत, पश्चिम या रूस किसी के खेमे में नहीं है। वह युद्ध का समर्थन नहीं करता है और उसने संवाद के माध्यम से संकट समाधान का आह्वान किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के मामले में नाटकीय भूमिका निभाने वाले सभी पक्षों से बातचीत की है। रूस से सस्ता तेल खरीदना भी भारत के हित में है, लेकिन पश्चिम इसके बावजूद भारत के साथ खेल कर रहा है। मार्च की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के संबंध में भारत की स्थिति को 'अस्थिर' कहा था। पिछले सप्ताह राजनीतिक मामलों में अमेरिका के उप विदेश सचिव विक्टोरिया नुलंद ने भारत को सलाह दी। उन्होंने कहा, अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है कि भारत उसके साथ हो ताकि पता चले कि 'हम रूस के साथ कहां हैं' और 'महत्वपूर्ण है कि हम दोनों यह काम साथ करें।' अब अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र पर उप एनएसए दलीप सिंह ने भारत में उन देशों को 'नतीजे' बताये जो 'प्रतिबंधों को किनारे करने या निष्प्रभावी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।' लेकिन वाशिंगटन में विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एकदम अलग बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि देशों के 'रूसी संघ के साथ अपने संबंध हैं।' उन्होंने कहा, यह भूगोल का तथ्य है और 'हम इसे बदलने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, अमेरिका केवल यह देखने में दिलचस्पी ले रहा है कि 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय एकजुट स्वर में बात करे।' हालांकि, रुपया-रूबल व्यापार पर प्राइस का जवाब महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है। हम इसे समझते हैं।' भारत ने शायद अंततः तय कर लिया है कि वह साफ-साफ बात करेगा, क्योंकि राजनयिक रूप से एक पक्ष को छोड़ देना न सकारात्मक है और न तार्किक। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अतिथि ब्रिटिश विदेश सचिव लिज़ ट्रस को बताया कि भारत कुछ समय से देख रहा है कि 'इस मुद्दे पर एक अभियान सा चल रहा है।' उनका संदर्भ भारत द्वारा रूस से सस्ता तेल खरीदने की ओर था। उन्होंने बिना कोई लागलपेट के सीधे कहा कि यूरोपियन रूसी गैस के सबसे बड़े खरीदार हैं, जबकि भारत इसे बहुत कम खरीदता है। भारत ने इससे संभवः यही संदेश दिया है कि जब यूरोप यही काम कर रहा है तो भारत को अलग से क्यों देखा जा रहा है।



तथ्य यह है कि अमेरिका और यूरोप रूसी गैस के मामले में गलत तरीके से फंस गए हैं। प्रतिबंधों से अमेरिका में गैस के दाम बढ़ गए हैं जहां जल्द ही कार्यकाल के मध्य में चुनाव होने वाले हैं। अमेरिका अपने देश में मुद्रास्फीति तथा महंगाई रोकने के लिए रोज एक मिलियन बैरल तेल जारी कर रहा है। यूरोप में जर्मनी रूसी गैस के बिना नहीं रह सकता है, चाहे प्रतिबंध लगे हों या नहीं। रूस ने धमकी दी है कि यदि यूरोपीय खरीदार रूबलों में भुगतान नहीं करते हैं तो वह गैस सप्लाई बंद कर देगा। इसके बदले जर्मनी आंतरिक गैस सप्लाई की राशनिंग पर विचार कर रहा है। ब्रिटेन फिर से फ्रैकिंग की अनुमति देने पर विचार कर रहा है। इसलिए समस्या भारत के साथ नहीं, बल्कि कहीं और है।

# आतंकवाद की जकड़ में बांग्लादेश

बांग्लादेश में सत्तासीन शेख हसीना सरकार दोषियों को सजा दिलाने में काफी हद तक सफल रही है लेकिन हिंसा के खतरे टले नहीं हैं।

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)





सिलहट आतंकवाद विरोधी विशेष न्यायाधिकरण ने 12 मई, 2015 को बांग्लादेश के सिलहट में लेखक-ब्लॉगर अनंत बिजॉय दास की हत्या के लिए चार लोगों को मौत की सजा सुनाई। चार लोगों में से - अबुल खेर राशिद अहमद, अबुल हुसैन उर्फ अबुल हुसैन, हरानूर राशिद और फैसल अहमद - अबुल खेर हिरासत में है। बाकी फरार हैं। फैसला महत्वपूर्ण है। यह उस हिंसक चुनौती पर केंद्रित है जो चरमपंथी इस्लामी आतंकवादी संगठनों ने बांग्लादेश और उसके धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मानवतावादी नागरिक समाज के सामने पेश की है, जिसमें ब्लॉगर भी शामिल हैं जो अक्सर नास्तिक हैं जो धर्म की निंदा करते हैं।

जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश (जमात) और रजाकार, अल-बद्र और अल-शम्स जैसे संबद्ध संगठनों जैसे उग्रवादी कट्टरपंथी इस्लामी दलों ने पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए भयानक अत्याचारों के साथ सहयोग किया और भाग लिया। 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश की मुक्ति के बाद उनके कुछ नेताओं के विदेश भाग जाने के कारण 1971 का मुक्ति युद्ध लकड़ी के काम में आ गया। 15 अगस्त, 1975 को शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद वे फिर से उभर आए और दोनों के शासन द्वारा सक्रिय रूप से पदोन्नत किया गया। सैन्य तानाशाह, जनरल से राष्ट्रपति बने जिया-उर रहमान और एचएम इरशाद, और छद्म-नागरिक सरकारें, जो समय-समय पर सत्ता का संचालन करती थीं, उसके बाद हुईं। प्रधान मंत्री खालिदा ज़िया (1991-96 और 2001-06) के नेतृत्व वाली दो सरकारों के तहत जमात के साथ गठबंधन में समर्थन जारी रहा।

जमात और संबद्ध संगठनों के इर्द-गिर्द एकत्रित तत्वों को अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाली सोवियत सेना पर मुजाहिदीन की जीत (27 दिसंबर, 1979 से 15 फरवरी, 1989) और तालिबान की जीत से बढ़ावा मिला, जो 1994 में बनी थी और शासन में आई थी। सितंबर 1997 से लगभग पूरे अफगानिस्तान में। हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी-बांग्लादेश (हुजीब), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेयूएमबी) और जागृत मुस्लिम जनता बांग्लादेश (जेएमजेबी) जैसे संगठनों ने हिंसा शुरू की। बड़े पैमाने पर जिसने बांग्लादेश को हिलाकर रख दिया।

संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश, जो 1990 के दशक के उत्तरार्ध से अफगानिस्तान में तालिबान सरकार की मध्ययुगीन, प्रतिगामी नीतियों और अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ अल-कायदा के आतंकवादी हमलों के कारण बेहद असहज हो गए थे, ने बेगम जिया पर कड़ा दबाव डाला। सरकार कार्रवाई करे। 2009 में शेख हसीना के प्रधान मंत्री के रूप में दूसरी अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद और अधिक गंभीर प्रयास किए गए। परिणामी उपायों के कारण अराजकता में कुछ कमी आई, और आतंकवादी संगठन भूमिगत हो गए।

दो आतंकवादी संगठन जो अपने स्थान पर प्रमुखता से उठे और अपने अस्तित्व को ज्ञात किया, वे हैं अंसार-अल इस्लाम, जिसे पहले अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के रूप में जाना जाता था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल कायदा से संबद्ध था, और दाएश इराक में मूल इस्लामिक स्टेट और सीरिया (आईएसआईएस) से संबद्ध था। उन्होंने ब्लॉगर्स की हत्या में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, जो 15 फरवरी, 2013 को ढाका में अहमद रजीब हैदर की हत्या के साथ शुरू हुई थी।

ब्लॉगर्स पर हमले के बाद कई घटनाक्रम हुए, जो 1973 के अंतर्राष्ट्रीय अपराध (ट्रिब्यूनल) अधिनियम में संशोधन के साथ शुरू हुए, जो गतिविधियों की जांच के लिए अधिनियमित किया गया था - और नरसंहार के दोषी व्यक्तियों, मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के तहत अपराध। कानून, मुक्ति संग्राम के दौरान। 2009 में अधिनियम में संशोधन किया गया था और युद्ध अपराधियों और सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए क्रमशः 2010 और 2012 में दो अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण स्थापित किए गए थे। जमात और संबद्ध संगठन, जिनके नेताओं ने पाकिस्तानियों के साथ सहयोग किया था और स्वयं अकथनीय अत्याचारों को अंजाम दिया था, हिंसक विरोध में फैल गए, जो कि सजा की घोषणा के रूप में फैल और तीव्रता में बढ़ गया।

हालाँकि, अन्य लोगों ने महसूस किया कि वाक्य पर्याप्त कठोर नहीं थे। मामला तब और बढ़ गया जब जमात के सहायक सचिव अब्दुल कादर मुल्ला को 5 फरवरी, 2013 को मानवता के खिलाफ अपराधों के छह मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जबकि जमात ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की, युद्ध अपराधों के दोषी मुल्ला और अन्य लोगों को मौत की सजा की मांग करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इन मांगों को लेकर हजारों लोग, जिनमें अधिकतर छात्र और युवा थे, ढाका के शाहबाग चौराहे पर जमा होने लगे। सभा बड़े पैमाने पर हो गई और आंदोलन बांग्लादेश के अन्य हिस्सों में फैल गया। अंत में, बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को पलट दिया और मुल्ला को मौत की सजा सुनाई। उन्हें 12 दिसंबर 2013 को ढाका जेल में फांसी दी गई थी।

युद्ध अपराधों के मुकदमे के विरोधियों ने हत्या के साथ जवाब दिया। जैसा कि ऊपर देखा गया है, अंसारुल्ला बांग्ला टीम (बाद में अंसार-अल इस्लाम) के हथियार चलाने वाले कार्यकर्ताओं ने ब्लॉगर अहमद रजीब हैदर की हत्या कर दी, जो 15 फरवरी, 2013 को ढाका में शाहबाग सभा में सक्रिय थे। इसके बाद अन्य हत्याएं हुईं। मारे गए लोगों में न केवल ब्लॉगर बल्कि एलजीबीटी कार्यकर्ता, शिया, हिंदू शिक्षाविद शामिल थे - वास्तव में, सभी धार्मिक कट्टरता के विरोधी और मानवतावाद, धर्मनिरपेक्षता और तर्कवाद के समर्थक थे। प्रोफेसर अली रियाज़ ने अल जज़ीरा (28 जून, 2016) में बांग्लादेश : इस्लामिस्ट मिलिटेंसी, डेमोक्रेसी डेफिसिट एंड व्हेयर टू नेक्स्ट? में लिखा, पिछले 17 महीनों में कम से कम 49 लोग मारे गए हैं। उद्देश्य सरल था - आतंक का माहौल बनाना जिसमें कट्टरपंथी आतंकवादियों और संबद्ध संगठनों के विकृत विश्वदृष्टि के खिलाफ कोई भी नहीं बोलेगा।

1 जुलाई, 2016 को ढाका में होली आर्टिसन बेकरी पर हुए नृशंस हमले से मजबूत आतंकवाद विरोधी अभियान, जिसमें बांग्लादेशी सेना के कमांडो द्वारा मारे गए पांच आतंकवादियों के साथ 18 विदेशियों और महिलाओं सहित 20 लोगों को बेरहमी से मार दिया गया था। ईबब के लिए हिंसा। फिर भी, यह जारी है - पिछले साल 13 से 19 अक्टूबर तक हिंदू विरोधी दंगे, जिसके दौरान सात हिंदुओं सहित कम से कम 11 लोग मारे गए थे, स्पष्ट रूप से इस्लामी आतंकवादी संगठनों का काम था। सख्त कार्रवाई करने वाली शेख हसीना की सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है।

# वादे पूरे करने हेतु सही नियोजन आवश्यक

**वीरेंद्र सिंह रावत**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



खासकर लोकतांत्रिक देशों में लोकरंजकता एक वैश्विक परिघटना है और चुनावों के दौरान इसे अत्यधिक विस्तार मिल जाता है। परिभाषा पर गौर करें तो लोकरंजकता का अर्थ आम जनता की मूल आवश्यकतायें तथा महत्वाकांक्षायें पूरी करना है। इसे सार्वजनिक घोषणाओं से जोड़ा जाता है, भले ही इसका अर्थ राजकोषीय व्यावहारिकता या आर्थिक जीवन्तता पर ध्यान न देना हो। लेकिन इसके बावजूद लोकरंजकता की एक कीमत होती है। लोकरंजक शब्दावली में बनी योजनाओं व परियोजनाओं को तभी संभव बनाया जा सकता है जब उपयुक्त फंडिंग तथा नियोजन की व्यवस्था हो। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव समय की कसौटी पर खरी उतरी लोकरंजक नीतियों से कुछ खास अलग नहीं थे। भारत में लोकरंजक घोषणाओं ने चुनावी नतीजे निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका अदा की है। विश्वास किया जाता है कि मतदाता उस राजनीतिक पार्टी की ओर झुकते हैं जो बढ़-चढ़ कर आकर्षक चुनाव-पूर्व घोषणायें करती है। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दूसरी सरकार ने कमान संभाल ली है। उसके सामने राजकोषीय गणित ठीक रखने तथा लोकरंजक वादे पूरे करने के बीच रस्सी पर चलने जैसा काम है। यह महंत से मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ की कठोर परीक्षा होगी।

2022 में जारी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के चुनाव घोषणापत्र या 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' को देखने से स्पष्ट है कि नई सरकार को अपनी लोकरंजक घोषणायें तथा रियायतें पूरी करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त बजटीय आबंटन की आवश्यकता होगी। मजेदार बात है कि विपक्षी पार्टियों, खासकर समाजवादी पार्टी-सपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की जनता को चांद तोड़ कर लाने का वादा किया था। लेकिन उनकी पराजय ने उनको अपने चुनावी वादे पूरे करने के लिए कार्ययोजना बनाने की जटिलता से मुक्ति दिला दी है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में सभी प्रमुख वर्गों से जुड़ी चीजें रखी हैं जिनमें कृषि, सामाजिक सुरक्षा, डेरी, गन्ना, ढांचागत संरचना, कौशल विकास, रोजगार, आदि शामिल हैं। अनुमान है कि इन मुद्दों पर राज्य सरकार द्वारा संचालित आम सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों पर खर्च पैसे से अतिरिक्त पैसा खर्च करना होगा। उदाहरणार्थ इस पर गौर करें: भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि वह जीवन्त शीत श्रृंखला विकसित करने पर 25,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी ताकि किसानों को प्रमुख बागवानी फसलों का लाभदायक मूल्य मिल सके। इस योजना का नाम सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि ढांचा मिशन रखा गया है। इसी प्रकार एक अन्य विशाल योजना पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि खेतों को सिंचाई सुविधा बढ़ाने पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।




भाजपा ने अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए राज्य चीनी मिलों के उच्चीकरण हेतु 5,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धनराशि का वादा किया है। इसका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की चीनी मूल्य श्रृंखला को समृद्ध करना है जिसका संबंध सीधे 4 मिलियन से अधिक किसान परिवारों से है जो सीधे गन्ने की खेती व संबंधित गतिविधियों से जुड़े हैं। चूंकि यह घोषणापत्र किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में बनाया गया था, इसलिए इस पर स्पष्ट रूप से कृषि क्षेत्र की छाप है। भाजपा के घोषणापत्र में शामिल अन्य योजनाओं के लिए भी बजटीय आबंटन की जरूरत होगी जिनका लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक प्रगति तेज करना तथा रोजगार सृजन व स्वरोजगार गतिविधियों को बढ़ावा देना है। हालांकि, 50,000 रुपये से अधिक वित्तीय खर्च आने वाले वित्त वर्षों में विभाजित होगा, पर इसे उत्तर प्रदेश में बजट के आकार तथा अनेक वित्तीय सीमाओं व बाधाओं के संबंध में भी देखना होगा। 16 दिसंबर, 2021 को योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार ने 2022-23 के लिए उत्तर प्रदेश का 5.4 ट्रिलियन रुपयों का बजट रखा था। उस समय उत्तर प्रदेश चुनावों के निकट था। अंतरिम बजट का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि वर्तमान विकास परियोजनायें जारी रहें तथा चुनावों के दौरान सरकार के छोटे-मोटे खर्च चलते रहें। यह उस समय के लिए होता है जब आदर्श आचार संहिता लागू हो तथा चुनाव के बाद नई सरकार का गठन हो रहा हो।

अब आने वाले महीनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूसरी सरकार की कैबिनेट पूर्ण बजट रखेगी। इस पूर्ण वार्षिक वित्तीय कथन में वित्तीय संसाधन बढ़ाने की रूपरेखा भी शामिल होगी जिससे पता चलेगा कि चुनाव घोषणापत्र में व्यक्त दृष्टिकोण को जमीन पर कैसे उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश के अंतरिम बजट में योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार ने लेखानुदान के माध्यम से केवल 1.68 ट्रिलियन रुपये प्राप्त किए थे जो चार महीनों, अप्रैल-जुलाई 2022-23 के लिए प्रभावी रहेंगे। अनुमान है कि इनसे सदन में पूर्ण बजट रखने से पहले सरकार को मजबूती का काफी अवसर मिलेगा। अंतरिम बजट के अनुसार, पूंजी व राजस्व खर्च को लगभग 1.31 ट्रिलियन व 4.14 ट्रिलियन रखा गया था। बजट का अनुमान था कि कुल प्राप्तियां 5.45 ट्रिलियन से थोड़ी कम होंगी जिनमें पूंजी व राजस्व प्राप्तियां शामिल हैं। अनुमानित 4.53 ट्रिलियन रुपयों की राजस्व प्राप्तियों में 2 ट्रिलियन से अधिक राज्य के अपने कर संग्रह से मिलेंगे, जबकि 1.26 ट्रिलियन केन्द्रीय करों में उसके हिस्से से प्राप्त होंगे। इसके साथ ही गैर-कर राजस्व और केन्द्रीय योजनाओं से उसे क्रमशः 23,400 करोड़ तथा 95,000 करोड़ रुपयों की प्राप्ति होगी। हालांकि, कागज पर राज्य काफी अच्छी वित्तीय स्थिति में दिखता है, पर सरकार के अनेक फ्लैगशिप कार्यक्रमों में सुस्ती दिख रही है जिनमें एक्सप्रेसवे, सार्वजनिक कल्याण योजनायें, मुफ्त राशन, आदि हैं जिन पर राजस्व का बड़ा हिस्सा खर्च होता है। उत्तर प्रदेश के अंतरिम बजट में अनुमान लगाया गया है कि विभिन्न स्रोतों से 2022-23 के दौरान विभिन्न प्रकार के कर्जों से 90,000 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। कर्ज की वर्तमान अदायगी को देखते हुए सार्वजनिक कर्ज पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल मूल्यों में वृद्धि और वैश्विक महामारी किसी भी सरकार के लिए चिन्ता के दो प्रमुख क्षेत्र हैं। इसलिए सरकार को बजट के मोर्चे पर सुस्पष्ट योजना बनानी होगी तथा प्राप्तियों व खर्च में उपयुक्त संतुलन बनाने की व्यवस्था तेजी से करनी होगी। इसके साथ ही अप्रत्याशित स्थितियों के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

## आप की बात

### योगी मंत्र, सक्रिय तंत्र

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी ने बृहस्पतिवार को राजधानी लखनऊ में राजभवन के पास जाम में फंसी एम्बुलेंस को आगे निकालने का आदेश दिया। मानवीय संवेदना के इस कार्य की प्रशंसा सभी कर रहे है। वाराणसी के दौरे में अधिकारियों के साथ बैठक कर योगी ने अधिकारियों को अपनी छवि सुधारने का निर्देश दिया।जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करे। वहीं पुलिस अधिकारियों को थानों को दलाल मुक्त बनाने का आदेश दिया। जनता से मित्रवत व्यवहार करने की सलाह दिया।हर विभाग में अधिकारी गण जिले से लेकर विकासखंड तक अपने व्यवहार में सुधार लाये। अक्सर घटना होने के बाद अधिकारी समय से मौके पर नही पहुँचते। जिससे शासन प्रशासन की छवि धूमिल होती है। सरकारी अधिकारी सूचना पर तुरन्त पहुंचे और मीडिया को सही जानकारी दे। योगी का जोर भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का है। जिसे कायम रखने के लिये सक्रिय और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र की जरूरत है। योगी जी को उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिये। जो अपने आचरण और कर्तव्य भ्रष्टता से सरकार की बदनामी कर रहे हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

### गंभीर विषय

**आज**, मानसिक अस्वस्थता एक बड़ी समस्या के तौर पर उभरा है। हाल ही में कुछ वैज्ञानिकों द्वारा एक अध्ययन किया गया था जिसका उद्देश्य आपराधिक मामलों के बढ़ने का कारण पता लगाना था यथा अध्ययन खत्म होने पर चौंकाने वाली बात सामने आई की अधिकांश आपराधिक घटनाएं बिमार मानसिक अवस्था के कारण हो रही है, यानी अपराध जैसे चोरी, हत्या, और सबसे दयनीय आत्महत्या घटने के पीछे मानसिक उपद्रव और मानसिक तनाव एक बड़ा कारण है। दरअसल, स्थिति कुछ ऐसी है जहां बिगड़ते हालातों में इंसान मानसिक तनाव झेल अनैतिक कार्य कर रहा है और यही वह बात है जो मानसिक स्वास्थ्य को एक गंभीर विषय बनाती है। लेकिन आज हमारा समाज? मानसिक अस्वस्थता सुनते ही उसे पागलपन के साथ जोड़ कर देखने लगता है और यही सब वो बातें हैं जो इस तरफ इशारा करती है कि समाज क्यों मानसिक स्वास्थ्य के मर्म से अनजान हैं। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य में हमारा भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल होता है यानी अगर हमे इन तीन पहलुओं पर पकड़ बनानी है तो मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता के साथ समझना होगा।

- **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

### रैगिंग रोकना जरूरी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का समसामयिक मुद्दों पर संबंधित लोगों से रूबरू चर्चा करना लोगों में हिम्मत बंधाने का काम करता है। 'परीक्षा पर चर्चा' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने छात्रों को परिस्थितियों से लड़ने और आत्मविश्वास पैदा करने की कई सीख दी। यह सकारात्मक पहल है। आज उच्च शिक्षा रैगिंग जैसे घातक रोग से पीड़ित है जिसमें अक्सर विद्यार्थी तनाव में आकर जान गवा बैठते हैं। रैगिंग की कुप्रथा ने हमारे लाखों प्रतिभावान डॉक्टरों को हमसे छीन लिया है। उज्जैन जिले के एक छोटे से गांव के किसान के बेटे चेतन की संदेहास्पद मौत कॉलेज के प्रशासन के रवैये पर सवालिया निशान तो है ही संबंधित कानून पर पड़ी धूल को साफ करने की जरूरत भी महसूस करवाती है। प्रधानमंत्री अब तक कई अनछुए पहलुओं को अपनी चर्चा में लाकर उनका समाधान सामने लाए हैं। रैगिंग जैसे घातक अपराध पर प्रधानमंत्री का मंतव्य जरूरी है ताकि छात्र आत्मविश्वास के साथ विद्या अध्ययन कर समाज सेवा की इस अनुपम उपलब्धि डॉक्टरी को प्राप्त कर सके।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमें** बिम्स्टेक देशों के बीच आंतरिक व्यापार बढ़ाने के प्रयास तेज करने होंगे।
- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**रूस** की गंभीरता पर संदेह है। वह कहता कुछ और है तथा करता कुछ और है।
- **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**हमारी** सरकार लाकडाउन आदेश के उल्लंघन के संबंध में दर्ज सभी मामले वापस ले लेगी।
- **दिलीप वालसे पाटिल**
महाराष्ट्र के गृह मंत्री

# ईमानदारी से काम करने पर जनता भर देती है झोली: राजनाथ

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं: रक्षा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** के सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डीएवी कालेज में होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उप्र के मुख्यमंत्री बहुत ही इमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। जब से हमारी केंद्र में सरकार आई है भारत का किस हद तक पूरी दुनिया में नाम बड़ा हुआ है। पहले विश्व में भारत के प्रति धारणा कमजोर थी पर अब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर भारत की बातों को सुनती है और गंभीरता से विचार करती है। रक्षामंत्री ने कहा कि पहले भारत के कई मामलों में दूसरों पर निर्भर रहता था पर अब आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। प्रधानमंत्री की कल्पना है कि भारत की धरती पर ही सारे सामान बनाने हैं और विदेशो को भारत में बने उत्पाद निर्यात करना है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार 400 बिलियन डालर का निर्यात दुनिया के देशों में किया गया।

हमारे प्रधानमंत्री कहना है कि कोई टेक्नोलॉजी अगर हमारे पास नहीं है तो हम दुनिया के दूसरे देशों से कहेंगे अपनी तकनीक भारत में लाकर भारत की तकनीक से सामान को तैयार करो और भारत की धरती से उसको निर्यात करो। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया, पहले हम बहुत सारे सामान दुनिया के दूसरे देशों से मांगते थे अब भारत की धरती पर तैयार करेंगे। भारत आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। जनसामान्य में भाजपा की साख निरंतर बढ़ती जा रही है। राज्यसभा में 88 के बाद किसी भी राजनीतिक पार्टी को 100 सीटें राज्यसभा में नहीं थी यह अवसर भाजपा को प्राप्त हुआ है। संसद में हमारा बहुमत है और अब राज्यसभा में भी हमारा बहुमत हो गया है। कोरोना जैसी आपदा में प्रधानमंत्री ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, दुनिया के अधिकांश देश अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों ने हमारे कोरोना प्रबंधन की सराहना की। कोरोना का टीका भी हम भारत में बनाने लगे और दूसरे देशों को देने लगे। रूस और यूक्रेन में भारत की नीति की सराहना विपक्षी के साथ बहुत देश कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी तारीफकर रहे हैं। भाजपा के लिए आम जन मानस का समर्थन बढ़ता जा रहा है यह हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा आम जनमानस के लिए कार्यों के कारण हो पाया है। उन्होंने कहा कि हम जब भी कभी पर्व मनाते हैं एक नई ऊर्जा का संचार होता है। भारत में जो पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं वह आपसी भाईचारा पैदा करने के लिए मनाया जाता है। हर पर्व के पीछे बहुत बड़ा उद्देश्य होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है 5 वर्ष के अंदर लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा पर्व लोग मनाते हैं। होली के 1 सप्ताह पहले लोकतंत्र का पर्व उत्तर प्रदेश की जनता ने मनाया है।



उप्र की जनता ने लोकतंत्र के अवसर पर उप्र और बीजेपी को केसरिया रंग में रंग दिया। इस होली के पर्व पर लग रहा था कि हर पिचकारी से निकलने वाला रंग केसरिया था। इसका श्रेय उत्तर प्रदेश की जनता को जाता है। आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने जनता तक मोदी और योगी के कार्य पहुंचाने का कार्य किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक इतिहास को देखें तो उत्तर प्रदेश में कोई भी राजनीतिक पार्टी लगातार दो बार सरकार बनाने में कामयाब नहीं हुई है पहली बार यह कामयाबी उप्र की जनता ने बीजेपी को दी है।

पांच राज्यों में चुनाव हुए थे जिसमें चार राज्यों में भाजपा की सरकार बनी। कोई भी ईमानदारी से काम करें तो इस देश की जनता उसकी झोली भर देती है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा हम सब कार्यकर्ता को रक्षामंत्री राजनाथ ने आगे बढ़ाने के लिए लखनऊ के लिए सैकड़ों कार्य किए है। देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में जितने कार्य नही हुए होंगे उससे अधिक कार्य लखनऊ में हुए है। पहले पूरे शहर में एक वाटर वर्क्स होता था अब दूसरे वाटर वर्क की आधारशिला भी रक्षा मंत्री के आशीर्वाद से होने वाली है। पहले एक सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भरवारा में होता था रक्षामंत्री ने चिंता की तो 1090 पर करोड़ों की लागत से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। लखनऊ की परिकल्पना रक्षामंत्री द्वारा ऐसी की है कि आने वाले कुछ दिनों में आप देखेंगे लखनऊ भारत ही नहीं पूरी दुनिया का नंबर एक शहर होने वाला है।

# स्कूल चलो अभियान आज से सीएम करेंगे श्रावस्ती से शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**तकरीबन** दो साल बाद राज्य सरकार स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ सोमवार से करने जा रही है। यह अभियान 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में चलाया जायेगा। अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद श्रावस्ती से करेंगे।

प्रदेश में शारदा कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन कर विद्यालयों में नामांकन किया जा रहा है, जिसमें अध्यापक, ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का सहयोग लिया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 1.33 लाख स्कूलों को बुनियादी अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। प्रदेश में कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में निःशुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, जूता.मौजा एवं स्कूल बैग की धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किये जाने की व्यवस्था लागू है। सभी राजकीय, परिषदीय, सहायतित विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों



अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक सभी बालक-बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं कार्यपुस्तिका वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में प्री-प्राइमरी पर समुदाय जागरूकता हेतु हमारा आँगन-हमारे बच्चे, विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में 6 से 14 आयु वर्ग के समस्त दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु ब्रेल पाठ्यपुस्तकें तथा अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु इलाज पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था की गयी है तथा गम्भीर रूप से दिव्यांग बालिकाओं हेतु स्टाइपेन्ड दिया जा रहा है। कक्षा 1 से 3 में अध्ययनरत समस्त दिव्यांग बच्चों को हिन्दी भाषा एवं गणित विषय की सुगम्य वर्कशीट्स का वितरण किया गया है।

# बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में गांव-गांव पहुंचा पीने का पानी

● 59202 से अधिक घरों को दिये पानी के कनेक्शन और 236808 से ज्यादा लोगों को मिलना शुरू हुआ लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** और विंध्य क्षेत्र में इस गर्मी स्वच्छ पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में मिलने लगा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर हर घर नल योजना का लाभ सैकड़ों गांव तक पहुंचाया है। नतीजतन अब गांव-गांव में घर-घर तक टैप से पीने के पानी मिल रहा है।

सरकार के प्रयासों से पानी की किल्लत से जूझने वाले बुंदेलखंड के 7 और विंध्य के 2 जिलों में लाखों लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। अब तक 59202 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन दे दिये गये हैं और 236808 से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिला है। बुंदेलखंड और विंध्य में कई पुरानी योजनाओं को भी नए सिरे से शुरू किया गया है। रेट्रोफिटिंग की इस योजना से 102445 से अधिक घरों तक पानी सप्लाई दी जा रही है। सरकार ने बड़ी तेजी से काम करते हुए 60,000 से अधिक गावों में योजना के तहत जल आपूर्ति संबंधी कार्य पूरे कराए हैं जिसके चलते पानी से वंचित रहने वाले इलाकों की सूरत आज बदल चुकी है।

कभी पानी के त्राहिमाम करने वाले बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की हर घर नल से जल योजना नई कहानी बन गई है। लोग अब वो दिन भूल गये हैं जब बूंद-बूंद पानी के लिए उनको कई मील दूर जाना पड़ता था। सरकार के प्रयासों से विभाग ने झांसी में 1037 से अधिक घरों में पानी के कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। ललितपुर में 5414, जालौन में 5203, हमीरपुर में 5779, बांदा में 9658, चित्रकूट में 2902 और महोबा में 11279 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन दे दिये गये हैं। मिर्जापुर में 17930 और सोनभद्र में 321403 से अधिक परिवारों तक फंक्शनल हाउस होल्ड कनेक्शन का लक्ष्य को भी तेजी से पूरा करने में विभाग के अधिकारी जुटे हैं।

बुंदेलखंड ओर विंध्याचल के 9 जिलों में पुरानी योजनाओं को नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने बड़ी तेजी से पूरा किया है। विंध्य के मिर्जापुर और सोनभद्र की स्थिति बदल गई है। मिर्जापुर में 62 में से 59 रेट्रोफिटिंग योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 24150 से अधिक परिवारों को शुद्ध पानी मिल रहा है। सोनभद्र में 10974 से अधिक घरों तक पानी के कनेक्शन हो चुके हैं। जालौन में 9156, झांसी में 20969, ललितपुर में 1450 महोबा में 11966 से अधिक परिवारों को लाभ मिलना शुरू हो चुका है। हमीरपुर में 10554 और चित्रकूट में 835 से अधिक परिवारों तक पानी के कनेक्शन पहुंचा दिये गये हैं। बांदा में 12391 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन दिये गये हैं।

बुंदेलखंड और विंध्य के आर्सेनिक से प्रभावित इलाकों में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए 26900 से ज्यादा घरों में पेयजल आपूर्ति शुरू कराई है। योजना से 107600 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। जालौन में 2 ऑनगोइंग योजनाओं से 1189 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन दिये गये तो झांसी में 2400, ललितपुर में 5184, महोबा में 5062 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन पहुंचा दिये गये हैं। हमीरपुर में 1686, चित्रकूट में 1219, बांदा में सबसे अधिक 4596 परिवारों तक पानी कनेक्शन दिये जा चुके हैं। मिर्जापुर में 617 और सोनभद्र में ऑनगोइंग स्कीम से 10000 से अधिक घरों तक पानी कनेक्शन पहुंचाए गए हैं।

# आर्सेनिक व संचारी रोगों से प्रभावित गांवों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें: स्वतंत्र देव

● जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** और विंध्य क्षेत्र के साथ प्रदेश भर के ग्रामीणों के मोबाइल पर अब गूंजेगा संदेश 'बधाई हो आपके घर पहुंचेगा शुद्ध पानी'। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अब ग्रामीणों को उनके मोबइल पर यह जानकारी देगा। इसके निर्देश प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को अफसरों को दिये। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बरसात से पहले आर्सेनिक और संचारी रोगों से प्रभावित गांव को प्राथमिकता के आधार पर



लेकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारी योजना वाले जनपदों में रात्रि विश्राम करें। इसकी लिस्ट जल्द तैयार करने के उन्होंने निर्देश दिये। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को जल निगम सभागार में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमें अथक परिश्रम से विभाग की छवि को बदलना है। अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब मेरे परिवार का हिस्सा हैं। मेरे दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले हैं। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों ओर कर्मचारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमको हर घर नल योजना के जरिये गरीबों के घर तक स्वच्छ पेजयल पहुंचाने का सौभाग्य दिया है। हमें इस अवसर से चूकना नहीं चाहिये। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर वक्त परिश्रम करने को तैयार हूं। विभागीय बैठक में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि योजनाओं की रफ्तार और गुणवत्ता में अगर किसी तरह का रोड़ा आ रहा है तो अफसर मुझे बताएं। मैं तत्काल उसका समाधान करूंगा। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, अधिशाषी निदेशक ग्रामीण जलापूर्ति अखंड प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने सदस्यता अभियान 15 अप्रैल तक बढ़ाया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ नए कलेवर और तेवर के साथ पुनः सदस्यता अभियान में जुट गई है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान की तिथि को 15 अप्रैल तक आगे बढ़ा दिया गया है। इस परिपेक्ष में आज उत्तर प्रदेश मीडिया हाल में प्रदेश के जिला शहर अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ संगठन के समस्त राष्ट्रीय सचिव एवं सहायक चुनाव अधिकारी हर्ष चौधरी ने बैठक करके आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी प्रदेश में व्याप्त समस्याओं और मुद्दों को लेकर अपने मजबूत संगठन ढांचे को लेकर काफी गंभीर है। कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई समेत जनता को परेशान करने वाले मुद्दों को लेकर चुप बैठने वाली नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अपने कील कांटों को दुरुस्त कर पूरे उत्साह के साथ जनता के बीच जल्दी सड़कों पर उतरेगी। कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन और जनसंघर्ष के लिए बूथ स्तर पर और न्याय पंचायत स्तर पर अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर सदस्य अभियान चला रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित इस आवश्यक बैठक को राष्ट्रीय सचिव जुबेर खान, धीरज गुर्जर, मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय सचिव बाजीराव, सत्यनारायण पटेल, रोहित चौधरी, मीडिया के वाइस चेयरमैन पंकज श्रीवास्तव, संगठन महासचिव दिनेश सिंह आदि ने संबोधित किया।

# टीईटी परीक्षा लीक मामले में एक और वांछित गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने टीईटी परीक्षा लीक मामले में थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमें में वांछित अजय उर्फ बबलू को शामली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार 28 नवंबर 2021 को 75 जनपदो में कुल 273 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 होनी थी। इस परीक्षा में पर्चा लीक मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में थाना कोतवाली शामली में दर्ज मुकदमें धर्मेन्द्र, पवॉर उर्फ बन्टी, मनीष मलिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि 29 नवंबर को राहुल चौधरी को बडौ़त बागपत, 30 नवंबर को गौरव कुमार टप्पल अलीगढ़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अभियुक्त अजय वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। अभिसूचना संकलन के दौरान एसटीएफ टीम मेरठ को जानकारी मिली कि अजय टिकैत तिराहा शामली के पास मौजूद है जो कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने आईसीआईसीआई बैंक के पास टिकैत तिराहे की ओर थाना क्षेत्र कोतवाली शामली के पास से आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त अजय ने संक्षिप्त पूछताछ पर बताया कि 28 नवंबर 2021 को होने वाली यूपी टीईटी की परीक्षा की प्रथम पाली का पेपर मोनू निवासी झाल द्वारा किसी से लाखों रूपये में खरीदा था तथा उसने मुझे कहा था कि जो अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने वाले हैं ऐसे अभ्यर्थियों से सम्पर्क कर यूपी टीईटी की परीक्षा पेपर पढ़वाने के लिए 50-50 हजार रूपये में बात तय कर लो। इस पर मैने 50-50 हजार रूपये लेकर 14-15 छात्रों को मोनू के पास पेपर पढ़ने के लिए भेजा था। गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना कोतवाली शामली पर दाखिल किया गया।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल कल जाएगा चंदौली

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल 5 अप्रैल कोजनपद चंदौली जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल चंदौली जनपद के चकिया थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव में आगजनी की घटना की जांच और पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना देगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल में प्रभुनारायण सिंह यादव विधायक, राम किश्न पूर्व सांसद, सत्य नारायण राजभर जिलाध्यक्ष चंदौली, सुधाकर मौर्या राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, जितेन्द्र कुमार एडवोकेट प्रत्याशी विधानसभा चकिया तथा गार्गी पटेल जिलाध्यक्ष महिलासभा चंदौली शामिल होंगी। स्मरणीय है कि समाजवादी पार्टी द्वारा यह मामला उठाने पर ही सरकार चेती अन्यथा भाजपा को जनता की पीड़ा से कोई परेशानी नहीं होती है। भाजपाइयों की भोजन के बाद विश्राम की आदत है।

# आरएसएस के एजेण्डे को ही पूरा करने का काम करती है भाजपा :अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की दूसरी पारी में भी उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बनाने की प्रक्रिया चालू है। भाजपा का मातृ संगठन आरएसएस है और वही अपना नियंत्रण रखता है। इसका एजेण्डा ही है समाज में तनाव पैदा हो और जनता सुखचैन की जिंदगी बसर न कर सके। भाजपा आरएसएस के एजेण्डे को ही पूरा करने का काम करती है। वह उत्तर प्रदेश में अराजकता और अव्यवस्था को इसीलिए बढ़ावा देती है ताकि लोग असुरक्षा में तनावपूर्ण जिंदगी जीने को बाध्य हों। अखिलेश ने कहा कि गाजियाबाद, बुलन्दशहर, आगरा में दिन दहाड़े लूट की घटनाएं हो रही है। झूठे भाषणों से भाजपा अपनी नाकामियां ढ़कने का काम कर रहे हैं लेकिन सच को कब तक छुपाएंगे, जनता जानती है कि सत्ता संरक्षित अपराधी ही जब प्रदेश में खुलेआम वारदातें कर रहे हैं तो उन पर लगाम कौन लगाएगा। भाजपा के राज में बेकारी, बदहाली और बेरोजगारी से तो आर्थिक असुरक्षा है ही अब तो जो कुछ पैसा लोगों के बैंक में बचा भी है वो या तो बैंक के बाहर या अंदर लूट लिया जा रहा है। लॉकर तक से चोरी हो रही है। अब जनता बैंक लॉकर में



रखे जरूरी कागजात और जेवर की सुरक्षा को लेकर भी बेहद चिंतित है। गाजियाबाद में पुलिस की नाक के नीचे से हुई पंजाब नेशनल बैंक में लूट की वारदात सांठगांठ की घंटी बजा रही है। बैंक से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित कोतवाली फिर भी 20 मिनट देरी से पहुंची पुलिस। बैंक में 15 मिनट रहे लुटेरे और 2 पुलिस चौकियों के बीच से आराम से लुटेरे लूट के कई लाख रुपए लेकर फरार हो गए। अछनेरी मंडी में ग्यारह महीनों में दो बैंकों में लूट की घटनाएं हुई। 72 घंटे में लूट और 24 घंटे में चोरीए जाहिर है योगीराज में अपराधी पूरी गर्मी दिखा रहे हैं। तीन माह में बैंकों में 30 लूट की घटनाएं हुई। गाजियाबाद पूरी तरह अपराधियों के हवाले हो गया है। बुलन्दशहर के उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक में बीस लाख की डकैती पड़ गई। आगरा में व्यापारी से दिनदहाड़े लाखों की लूट हुई। एक रात में श्रीनगर महोबा के गरीबों के दस घरों का माल लेकर चोर फरार हो गए। राजधानी लखनऊ में भी हत्या, लूट की वारदातें थम नहीं रही है। भाजपा राज में न कानून का डर, न पुलिस का खौफ, उत्तर प्रदेश में है सिर्फजंगलराज। जिस सरकार में बैंक तक सुरक्षित नहीं वहां आम आदमी की सुरक्षा का प्रश्न ही बेमानी है। भाजपा जिस तरह प्रशासन को पंगु बना रही है उससे सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है, प्रदेश में बढ़ रही अराजकता के लिए भाजपा अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। जनता के समक्ष उसको जवाबदेही देनी होगी।

### सपा प्रमुख ने रमजान पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुस्लिम भाईयों को रमजान पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक माह में दूसरे लोगों से हमदर्दी और सब्र की सीख मिलती है। इस माह में अल्लाह अपनी रहमतों और बरकतों की बारिश करता है। अखिलेश यादव ने कहा है कि रमजान का मकसद बुराईयों से बचना और नेकियों पर चलना भी है। इसलिए रमजान को नेकियों का मौसम.ए.बहार भी कहा जाता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब की शिक्षा और उनके सन्देश को याद करने का यह अवसर है। उनके जीवन से समानता व भाईचारे की शिक्षा लेना और उनके बताए मार्ग पर चलना हमारी जिम्मेदारी बनती है।

# तीन हफ्ते में होगी तीन लाख टीबी के सैम्पल की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** को वर्ष 2025 से पहले क्षय मुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से जुट गया है। इसके तहत प्रदेश के करीब 14000 आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए तीन हफ्ते का विशेष अभियान चलाकर तीन लाख टीबी के सैम्पल की जांच का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग ने तय किया है। इस काम में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की मदद में ग्राम प्रधान, आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी, एएनएम और क्षेत्र के टीबी चैम्पियन को भी लगाया गया है।

प्रदेश के हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को क्षय रोगियों के चिन्हीकरण, जाँच, उपचार, एडहेरेंस, निक्षय पोषण योजना के तहत डीबीटी, काउंसिलिंग और मनोसामाजिक सहयोग प्रदान करने का बड़ा जिम्मा सौंपा गया है । इसके लिए विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च से 13 अप्रैल तक 21 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के बारे में अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद प्रदेश ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य



● आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

चिकित्सा अधिकारी को जरूरी निर्देश जारी कर दिया है। इसके तहत आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के संभावित मरीजों की सूची एएनएम को देंगी और एएनएम सैम्पल लेकर नजदीकी जाँच केंद्र को भेजेंगी। अगर कोई व्यक्ति केंद्र पर जाकर सैम्पल देना चाहता है तो उसमें भी मदद करेंगी।

सीएचओ दैनिक आधार पर इन मरीजों की सूचना को संकलित करेंगे और सैम्पल की रिपोर्ट को अपडेट करेंगे। टीबी की पुष्टि जिन मरीजों में होगी उनको उपचार के लिए सीएचओ प्रेरित करेंगे और मरीज की सूचना को सेंटर पर सुरक्षित रखेंगे। हर जिले को आबादी के अनुपात में सैम्पल कलेक्शन का लक्ष्य तय किया गया है। सीएमओ स्तर से जनपद को आवंटित लक्ष्य को जिले के सभी चिकित्सालयों जैसे जिला,संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान भारत.हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के मध्य आवंटित किया जाए।

## ऐसे होगा लक्ष्य पूरा

**माइक्रोस्कोपी** जाँच में धनात्मक पाए गए मरीजों का सैम्पल सेन्सटीविटी जाँच के लिए सीएचओ नजदीकी केंद्र पर भेजेंगे। इसके साथ ही धनात्मक पाए गए मरीजों को सीएचओ फर्स्ट लाइन उपचार की दवा भी मुहैया कराएँगे। यह सूचनाएँ दैनिक आधार पर ब्लाक से लेकर राज्यस्तर को मुहैया करायी जायेंगी। सीएचओ अपने क्षेत्र के तीन उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन करेंगे, जिनमें वह क्षेत्र शामिल होंगे जहाँ पिछले दो साल में सर्वाधिक क्षय रोगी या कोविड संक्रमित चिन्हित हुए हों या जो क्षेत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से दूरस्थ हैं। ऐसे क्षेत्रों में कैम्प भी लगाये जायेंगे जिसकी सूचना आशा कार्यकर्ता घर.घर जाकर तीन दिन पहले देंगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कैम्प में पहुँच सकें। आशा और एएनएम उन लोगों को कैम्प तक लाने में भी सहयोग करेंगी जिन्हें दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आ रही हो, बुखार बना रहता हो, वजन में कमी आ रही हो, रात में पसीना आता हो। ऐसे चिन्हित लोगों का कैम्प स्थल पर दो सैम्पल एक घंटे के अंतराल पर लिए जायेंगे। सैम्पल की रिपोर्ट के बारे में 24 घंटे में सीएचओ और आशा को अवगत करा दिया जायेगा। जाँच के बाद चिन्हित क्षय रोगियों को समीप के सीएचसी,पीएचसी के चिकित्सक द्वारा परीक्षण के बाद तय रेजिमेन के अनुसार उपचार शुरू किया जायेगा। पहले सात दिन की दवाएं सीएचसी,पीएचसी से देते हुए शेष औषधियां सम्बन्धित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को सौंप दी जाएगी । सीएचओ क्षेत्र की आशा को हर माह की दवाएं सौंपेंगे और ट्रीटमेंट, एडहेरेंस और एडवर्स इवेंट की मानिटरिंग की जाएगी।

# सीएम का जनता दरबार आज से फिर शुरू होगा

● विधानसभा चुनाव के चलते कुछ महीनों से लग गया था विराम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पांच** कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर कल सोमवार से जनता दरबार फिर शुरू होगा, जिसमे लोगों की दिक्कतों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। सीएम आवास पर होने वाले जनता दरबार की परंपरा को बसपा और सपा सरकार की सरकारों में खत्म कर दिया गया था। साल 2017 में यूपी की बागडोर संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने जनता दरबार की व्यवस्था को शुरू कराया था। विधानसभा चुनाव के चलते कुछ महीनों से सीएम आवास पर जनता दरबार का आयोजन नहीं हो रहा था। चुनाव में भारी कामयाबी और फिर सीएम की कुर्सी पर ताजपोशी के बाद योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास पर कल से जनता दरबार को फिर से शुरू करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री आवास पर लगने वाले जनता दरबार में वैसे तो योगी आदित्यनाथ प्रतिदिन नौ बजे से लोगों से मिलकर उनकी बातों को सुनते हैं, लेकिन अगर वो मौजूद नहीं हैं तो किसी मंत्री को इस काम में लगाया जाता है। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर चार अप्रैल को होने वाले पहले जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनने के लिए राज्यमंत्री अजीत पाल मौजूद रहेंगे। इसके बाद मंगलवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सीएम के सरकारी आवास पर जनता की समस्या सुनने के लिए मौजूद रहेंगे।

प्रदेश के सभी जिलों में जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जनता की हर प्रकार की समस्या को सुनने के लिए समय दिया गया है। अगर वहां पर पुलिस तथा प्रशासन के अफसर उनकी समस्या नहीं सुन रहे हैं तो फिर वह लोग सोमवार से लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर शुरू हो रही जनसुनवाई में पहुंच सकते हैं।

# गैंगेस्टर की 1.28 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

● अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

●सरकारी भूमि कराई गई कब्जा मुक्त

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी



**पुलिस एवं** राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शातिर गैंगस्टर टाप-10 अभियुक्त के अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति एक करोड़ अठ्ठाईस लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को भी कब्जा मुक्त किया गया।

रविवार को उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध कुमार जायसवाल व प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी के शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ पुत्र चुन्ना खां निवासी पठाननपुरवा मजरा पढुवा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लगभग एक करोड़ अठ्ठाईस लाख रुपए की संपत्ति कुर्क कर जब्त की गयी। इसमें चल व अचल सम्पत्ति सम्मिलित हैं। अभियुक्त हनीफ द्वारा कब्जा की गई सरकारी जमीन को भी कब्जा मुक्त कराया गया हैं। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में लगभग दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। जिसमें हत्या एवं लूट जैसे जघन्य अपराध शामिल हैं।

अपराधी हनीफ की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव मय पुलिस फोर्स शामिल रहे।

शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ के घर पहुंच कर उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह कुर्की के दौरान परिवार वालों से पूछताछ भी की। एक एकड़ से अधिक भूमि, मकान, सोनालिका ट्रैक्टर, स्कार्पियो कार एवं सुपर बाइक आदि जप्त कर ली गई हैं। शातिर गैंगस्टर टाप-10 अपराधी हनीफ खां ग्राम पंचायत पढुवा का वर्तमान ग्राम प्रधान भी हैं। तहसील निघासन क्षेत्र की अपराधियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में सबसे बड़ी कार्रवाई हैं।

**एक्शन में एंटी रोमियो स्क्वायड, 10 शोहदों पर हुई कार्रवाई**

# जिले भर में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

●कइयों को चेतावनी देकर छोड़ा गया

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर का** एंटी रोमियो स्क्वाड रविवार को एक्सन मोड में दिखाई दिया। जिले के अलग-अलग थाना इलाकों में एंटी रोमियो स्क्वाड ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दस शोहदों व मनचलों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की गई। जबकि कई शोहदों को चेतावनी दी गई। अभियान के क्रम में कोतवाली नगर में 02 तथा महोली, पिसावां, इमलिया सुल्तानपुर, बिसवां, कमलापुर, रामकोट, सिधौली तथा महमूदाबाद में एक-एक शोहदे पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण को लेकर वृहद स्तर पर जागरुकता अभियान भी चलाया गया। महमूदाबाद के मीरानगर, कोतवाली देहात के रमवापुर, मिश्रिख के बर्मी, इमलिया सुल्तानपुर के आलमपुर व सरौरा के अलावा कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा रसूलपुर, लहरपुर टीम द्वारा भवानीपुर, नैमिषारण्य टीम द्वारा औरंगाबाद व अटवा, रामपुर मथुरा टीम द्वारा भागीपुर, बिसवां टीम द्वारा कोटरा, मानपुर टीम द्वारा डोभा, महेशपुर व फूलपुर, सकरन पुलिस टीम द्वारा मुन्शीपुरवा में महिला बीट पुलिस कर्मी के साथ वृहद स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

## क्विक न्यूज

### होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन सीतापुर द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी को संगठन के पिछले वर्ष के क्रियाकलापों की जानकारी दी। आने वाले वर्ष में संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अधिक से अधिक पीड़ितों की मदद करने की सभी से अपील की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, मोहम्मद रेहान खान, दिनेश पाराशर, राम नारायण श्रीवास्तव, ऋषि कांत अवस्थी, आशुतोष शुक्ला, रमाकांत त्रिवेदी, रामनरेश, राकेश कुमार, महफूज आलम, राम गोपाल, राम शंकर आदि मौजूद थे।

### वीरांगना ऊदा देवी मूर्ति की स्थापना पर कार्यक्रम

**सीतापुर।** ब्लॉक गोंदलामऊ के गोड़ा गांव में शिक्षा प्रेरक संघ अध्यक्ष दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में वीरांगना ऊदा देवी मूर्ति की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रामनरेश ने किया। दुर्गेश सिंह व रामनरेश, मूलचंद द्वारा वीरांगना ऊदा देवी व सावित्री बाई फुले की मूर्ति स्थापना की गई। ऊदा देवी की वीरता की कहानी इतिहास में अमर है। कार्यक्रम में दुर्गेश सिंह ने डॉक्टर अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या में 13 अप्रैल को लखनऊ में होने जा रहे 2000 डेलीगेट सम्मेलन की जानकारी दी गई। भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर द्वारा उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान जयरामपुर सुनील कुमार, मंगूलाल आजाद, वैजनाथ कुरील, कैलाश दीन भारती, कल्लू, तेजपाल, देशराज, श्रीकेशन आदि मौजूद थे।

### अभाक्षम की मासिक बैठक आयोजित

**सीतापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर इकाई की मासिक बैठक वरिष्ठ महामंत्री कुंवर वरुण सिंह तोमर के आवास पर हुई। अध्यक्षता संरक्षक मंडल के अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने की। महामंत्री वरुण सिंह द्वारा कई प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया गया। जिस पर सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। 9 मई को शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं तहसील अध्यक्ष को भी ब्लॉकों में तहसील स्तर पर 9 मई को कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सूचना दी गई। बैठक में इदू सिंह चौहान, प्रहलाद सिंह गौर, सोम प्रकाश सिंह, विजय वीर विक्रम सिंह, संजीव कुमार सिंह, अतुल सिंह, देवेंद्र सिंह, अनिल सिंह, गोपाल तोमर आदि मौजूद थे।

### रामोत्सव का भव्य शुभारंभ

**सीतापुर।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा शहर स्थित काशीराम कालोनी में रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में देर रात तक रामलला के भजनों पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। शुरुआत मूर्ति स्थापना व पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री राजेश सिंह, गोरक्षा प्रमुख पूरन सिंह सहित उपस्थित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह, विपुल सिंह, महेश तिवारी, अभिनव मिश्र, राजू लाला, साहिल ठाकुर, दीपक, बन्दना, ध्रुव सोनी, कल्पना, पूनम, रेखा, दिनेश, सन्दीप, छोटू, सन्तोष, राकेश, हिमान्शू नागा, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

### ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** सीतापुर के भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। रेउसा ब्लॉक परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकेश मिश्रा, रामेंद्र तिवारी, अवधेश चौहान, कृष्णानंद अवस्थी, रामपाल मौर्य आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ब्लाक रेउसा क्षेत्र के प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मतदान करने का सही तरीका बताया गया।

### अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

**सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। तहसीलदार मनीष कुमार के नेतृत्व में राजस्व प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने रविवार को मुर्तजा नगर में संचालित शिव ब्रिक फील्ड पर छापा मारा, ईट भट्टे पर कार्रवाई करते हुए पानी डालकर बंद करा दिया। तत्पश्चात तहसील प्रशासन पुलिस बल के साथ मदन बेहद स्थित शिवनारायण ब्रिक फील्ड पर पहुंचा और वहां कार्रवाई करते हुए भट्टे पर पानी डलवा कर बंद करा दिया। तहसीलदार मनीष कुमार ने कहा क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से ईट भट्टों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

# एलुमिनी मीट सप्ताह का किया आयोजन

● डीएम ने सभी बीसी सखियों को आईआईबीएफ का प्रमाण-पत्र वितरित किया

संवाददाता। सीतापुर

**इण्डियन बैंक** द्वारा संचालित इण्डबैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एलुमिनी मीट सप्ताह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने सभी बीसी सखियों को आईआईबीएफ का प्रमाण-पत्र वितरित किया। इण्डसेटी का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ज्ञान की शक्ति के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि ज्ञान की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार के लिए विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने में संस्थान के महत्व की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने में संस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी अपने भाग्य के विधाता हैं लेकिन यह तब तक सम्भव नहीं है, जब तक आर्थिक रूप से स्वतंत्र न हों। उन्होने बीसी सखी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गावों मे वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर इण्डियन बैंक के उप अंचल प्रमुख राजीव कुमार, आरसेटी निदेशक प्रीती पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनल कुमार सहित समस्त स्टॉफमौजूद था।

# मैक्स हॉस्पिटल ने अब बरेली में शुरू की यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी

संवाददाता। बरेली




**2022 वर्ष** देश के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, नई दिल्ली ने आज बरेली स्थित दार्पिन हॉस्पिटल के साथ भागीदारी से वहां किडनी प्रत्यारोपण और यूरोलॉजिकल रोगियों के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवाएं शुरू की। यह ओपीडी सेवाएं शुरू होने से अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के सभी उम्र और सभी पृष्ठभूमि के लोगों को सर्वश्रेष्ठ इलाज और परामर्श पाने के लिए अब दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा।आज से यह ओपीडी दार्पिन हॉस्पिटल, संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली,में संचालित होगी और प्रत्येक महीने के पहले शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 तक मरीजों को सेवाएं देगी। इससे मरीज यूरोलॉजिकल और किडनी संबंधी बीमारियों के बारे में जानकारी और नियमित फॉलोकृअप पाने के लिए डॉक्टरों से अप्यांटमेंट मिल सकेगा।'ओपीडी का उद्घाटन मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज के डॉ. पंकज गौर (सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट)' ने किया। आम लोगों में कई तरह की एहतियाती कदम के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण छोटे और मझोले शहरों में यूरोलॉजी तथा किडनी डिसऑर्डर की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। इन शहरों में अच्छे स्वास्थ्य विशेषज्ञों और अधोसंरचना का अभाव रहता है।डॉ. पंकज गौर बताते हैं, श्लोगों में अल्कोहल, नशे का सेवन, डिहाइड्रेशन, असंतुलित खानपान और दर्दनिवारक दवाओं का असीमित इस्तेमाल आदि के कारण क्रोनिक किडनी रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमारी यूरोलॉजी टीम यूरोलॉजिकल और किडनी रोगों से जुड़ी सभी समस्याओं से निपटने में व्यापक अनुभव रखती है। हमारा लक्ष्य मरीजों को अपने घर के पास ही रोग का प्रभावी प्रबंधन और विशेष चिकित्सा मदद उपलब्ध कराना है। बरेली में ओपीडी सेवाएं शुरू करने से शहर और आसपास के लोगों को सभी तरह की चिकित्सा सहायता मिल जाएगी। अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की उपलब्धता के कारण मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज हमेशा इस क्षेत्र के मरीजों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पसंदीदा संस्थान बन गया है।

# चोरी की तीन बाइक व तमंचे सहित आटो लिफ्टर गिरफ्तार

रेलवे क्रासिंग भंसड़िया के पास से पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**कोतवाली सदर** पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त विवेक रस्तोगी को चोरी की तीन मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 316/22 धारा 379 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त विवेक रस्तोगी उर्फ बल्ली पुत्र स्व. अवधेश रस्तोगी निवासी कन्नौजिया कॉलोनी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित भसड़िया रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की अन्य दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई। चोरी की मोटरसाइकिलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विवेक रस्तोगी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया। इसके संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा अपराध संख्या 320/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रंजीत सिंह यादव, उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र, हेड कांस्टेबल विजय शर्मा, कांस्टेबल मांगेराम व कांस्टेबल सलमान शामिल रहे।

# गन्ना क्रय केंद्र पर घटतौली से किसानों में भारी आक्रोश



**ढखेरवा-खीरी।** उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी के सहकारी चीनी मिल बेलरायां क्षेत्र के खरवहिया नंबर 02 में स्थित गन्ना क्रय केंद्र से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने निकल कर आ रही है। बताते चलें कि वहां पर मौजूद कांटा बाबू ने प्रत्येक डनलप व ट्राली के हिसाब से दो कुंटल की घटतौली कर रहे थे। तभी वहां पर मौजूद किसानों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और जमकर हंगामा काटा। तौल न होने से सेंटर पर काफी जाम लगा हुआ है और किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। किसानों की मानें तो सीसीओ ने मौके पर पहुंच कर तौल मशीन की लीड या तार काटकर तौल बंद करा दिया। वहां पर कुछ किसानों ने पूछा कि यह घटतौली हम लोगों के साथ क्यों किया जा रहा है। वहां पर मौजूद लोगों ने सीसीओ से उपरोक्त घटना के बारे में जानकारी व वर्जन मांगा तो उन्होंने तत्काल इंकार कर दिया और किसानों से अभद्रता की। फिलहाल डायरेक्टर समसुल लखाही ने उपरोक्त घटना के संबंध में जिलाधिकारी खीरी को सूचना दे दी है। अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश योगी सरकार में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जाती है या फिर यूं ही गुलाबी गुलाबी नोटों के चक्कर में लीपापोती कर दी जाएगी।

# सात दंपतियों के मध्य करा दिया गया सुलह-समझौता

● परामर्श केंद्र पर हुई काउंसिलिंग

●एक हफ्ते बाद बुलाए गए दम्पत्ति

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**मिशन शक्ति** अभियान के अंतर्गत महिला थाना खीरी परामर्श केन्द्र पर पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई। सात दम्पत्तियों के मध्य सुलह-समझौता कराया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना खीरी द्वारा थाना परिसर में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष शकुन्तला उपाध्याय व काउंसलर किरण अग्रवाल व कुसुम गुप्ता द्वारा महिला आरक्षियों की मदद से 7 दम्पत्तियों में सुलह-समझौता कराकर साथ-साथ विदा किया गया। आज सुलह-समझौता होने वाले परिवार को कुशल क्षेम बताने के लिए अगले रविवार भी बुलाया गया है। जनपद खीरी के महिला थाने पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक परामर्श केन्द्र में काउंसलर की मध्यस्थता से पारिवारिक मामलों की शिकायतों में सुलह-समझौता कराने का प्रयास कराया जाता है। इस मौके पर महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा, महिला आरक्षी नीलम सांगवान व रेनू सिंह द्वारा भी दम्पत्तियों में सुलह कराने का प्रयास किया गया।

## पेज एक का शेष

### पाकिस्तान में...

ने एक अलोकतांत्रिक काम किया है। इमरान खान ने इस कदम के माध्यम से खुद को बेनकाब किया है। हम इस फैसले को वापस लेने तक नेशनल असेंबली के अंदर मौजूद रहेंगे। वह हार देखकर अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ भाग रहे हैं। उन्होंने बाद में ट्वीट किया, हमारे वकील उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। हम सभी संस्थानों से पाकिस्तान के संविधान की रक्षा, उसे बनाए रखने, बचाव करने और उसे लागू करने का आह्वान करते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज नेता मरियम औरंगजेब ने कहा, इमरान खान एक गद्दार हैं। उन्होंने एक असंवैधानिक कदम उठाया है और हम अब नेशनल असेंबली में विरोध कर रहे हैं और जब तक यह फैसला रद्द नहीं हो जाता तब तक हम कहीं नहीं जाएंगे। पाकिस्तान की सेना ने कहा कि देश में उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति से उसका कोई लेना देना नहीं है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने यह टिप्पणी अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किए जाने और प्रधानमंत्री इमरान खान की सलाह पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली को भंग करने की पृष्ठभूमि में एक निजी टीवी चैनल से बात करते हुए की। इफ्तिखार ने कहा, नेशनल असेंबली में आज जो भी हुआ, उससे सेना का कोई लेना देना नहीं है। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के बाद से अबतक 73 वर्ष से अधिक की अवधि में से आधे से अधिक समय तक देश पर सेना का शासन रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने गत एक सप्ताह में कम से कम दो बार प्रधानमंत्री खान से मुलाकात की है।

### श्रीलंका में...

रविवार को सोशल मीडिया तक जनता की पहुंच को समाप्त करने के लिए इंटरनेट सेवा पर रोक लगाने का आदेश दिया था तथा लोगों के एक जगह इकट्ठा होने पर रोक लगा दी थी। उधर, श्रीलंका सरकार ने व्हाट्सऐप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों पर लगाया गया प्रतिबंध रविवार को हटा दिया। देश में बदतर आर्थिक संकट को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन से पहले देशव्यापी सार्वजनिक आपातकाल घोषित करने और 36 घंटे के कर्फ्यू के साथ ही सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रतिबंध हटाए जाने के बारे में एक अधिकारी ने कहा कि फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टोकटोक, स्नैपचैट, व्हाट्सऐप, वाइबर, टेलीग्राम और फेसबुक मैसेंजर की सेवाएं 15 घंटे के बाद बहाल कर दी गईं। इन सेवाओं को पूरी तरह या आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया गया था। राजपक्षे के भतीजे एवं खेल मंत्री नमल राजपक्षे ने संवाददाताओं से कहा कि इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध अनुपयोगी है, क्योंकि बहुत सारे लोग सोशल मीडिया साइट से जुड़ने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल करेंगे। इससे पहले कोलंबो पेज अखबार की खबर में कहा गया था कि इस कदम का उद्देश्य घंटों तक बिजली कटौती के बीच भोजन, आवश्यक वस्तुओं, ईंधन और दवाओं की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाने में सरकार की नाकामी के विरोध में कोलंबो में लोगों को एकत्रित होने से रोकना है।

### पंजाब के...

2018 को नवांशहर जिले के राहों पुलिस स्टेशन में दर्ज एक कथित अवैध रेत खनन मामले से जुड़ा है। हनी के सहयोगी लुधियाना के कुदरतदीप सिंह और 25 अन्य पर पंजाब पुलिस ने मामला दर्ज किया था। ईडी द्वारा कुद्रतदीप सिंह की पूछताछ से पता चला कि हनी रेत खनन घोटाले में मुख्य सूत्रधार था।

### जल्द घर...

है। 2011 के बाद इन 11 सालों में हमारे सामूहिक प्रयासों के चलते अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया।' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हम (कश्मीरी पंडित) पिछले 3-4 दशकों से अपने ही देश में, अपने ही घर से विस्थापित होने का दंश झेल रहे हैं। यह जरूरी है कि हम इन हालातों में हार न माने और चुनौतियों का सामना करें।' हाल ही में रिलीज फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' पर टिप्पणी करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि पंडितों ने जो दुख और परेशानी झेली उसे इस फिल्म ने उजागर कर दिया।

### आसमान से...

अज्ञात वस्तुएं गिरने की सूचना दी। पूर्वी महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि सिंदेवाही तहसील के लाडबोरी गांव में शाम करीब पौने आठ बजे एल्यूमिनियम और स्टील की एक वस्तु गिरी। इस तरह के दृश्य महाराष्ट्र के बुलढाणा, अकोला और जलगांव जिलों में शाम करीब साढ़े सात बजे और पड़ोसी मध्य प्रदेश के बड़वानी, भोपाल, इंदौर, बैतूल और धार जिलों में भी देखने को मिले। विशेषज्ञों ने अनुमान व्यक्त किया है कि ये या तो पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने वाले उल्कापिंड हो सकते हैं या रॉकेट बूस्टर के टुकड़े हो सकते हैं, जो उपग्रह प्रक्षेपण के बाद गिर जाते हैं।

### राजस्थान के...

कि घटना की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया, हिंसक घटना में हुए नुकसान और क्षतिग्रस्त सामान का आकलन किया जा रहा है और इसके बाद ही चीजें स्पष्ट होंगी। उन्होंने कहा कि इलाके में कर्फ्यू जारी है। कुछ विक्रेताओं को पुलिस की मौजूदगी में सब्जी और दूध जैसी जरूरी चीजें बेचने की अनुमति दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि लगभग 30 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस महानिदेशक से बात करके वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली है। इस बीच, घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें कुछ लोग संकरी गली से गुजरने वाली बाइक रैली में घरों की छतों से पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए ऐसे वीडियो की जांच कर रही है। करौली में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीती रात पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस निरीक्षक रैंक के 50 अधिकारियों समेत 600 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। राहुल प्रकाश सहित चार भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को भी करौली में स्थिति पर नजर रखने के लिए जयपुर से भेजा गया था। वहीं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने एक 10-सदस्ईय जांच समिति का गठन किया है, जो करौली का दौरा करेगी और सभी पक्षों से बात करेगी। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार, गठित समिति में प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अलका सिंह गुर्जर, प्रदेश महासचिव मदन दिलावर, मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, जसकौर मीणा, मनोज राजोरिया, रंजीता कोली और विधायक कन्हैया लाल चौधरी और पूर्व विधायक रामहेत यादव शामिल हैं।

### हाथियों के...

शाखा द्वारा एक ऑडियो अलार्म सिस्टम भी विकसित किया गया है। चूंकि हाथियों की मौत दोनों राज्यों को प्रभावित करती है, इसलिए रेलवे ने तमिलनाडु और केरल के वन विभाग से संपर्क कर रात के समय रेल पटरियों की निगरानी के लिए वन पर्यवेक्षकों को तैनात करने का अनुरोध किया। तमिलनाडु वन विभाग ने रेलवे को बताया कि वे इस उद्देश्य के लिए चुने गए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। राज्य में जल्द ही वन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की संभावना है। हालांकि केरल ने इस अनुरोध पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हालांकि इस खंड में ट्रेनों की गति कम करने का प्रस्ताव था, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने अपनी बेबसी जाहिर की। उनका कहना है कि हमें मोड़ और ग्रेडिएंट्स पर 45 किमी की गति से तो चलना ही होगा। यदि गति को और नीचे लाया जाता है, तो बड़ी दुर्घटना की संभावना रहती है। इसीलिए अब यहां सबवे बनाने पर तेजी से विचार चल रहा है। इससे हाथियों को ट्रैक से नीचे होकर आसानी से एक से दूसरे क्षेत्र में जाने में मदद मिलेगी। मद्रास उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश रेलवे पटरियों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने की तैयारियों की निगरानी के लिए कोयंबटूर-पलक्कड़ खंड का निरीक्षण करेंगे।

### रूस ने...

के सिर में गोली मारी गई थी और उनके हाथ बंधे हुए थे, जबकि कई शवों पर शारीरिक यातना के निशान थे। उन्होंने रूसी सैनिकों पर यूक्रेनी महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने और उन्हें जलाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। अरेस्तोविच ने कहा कि यूक्रेनी अधिकारी कथित युद्ध अपराधों की जांच करेंगे और इसके साजिशकर्ताओं का पता लगाएंगे। यूक्रेन में युद्ध अपराध की खबरों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आलोचना की। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि यूक्रेन में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अंधाधुंध हमलों के सबूत बढ़ रहे हैं और इनकी जांच युद्ध अपराधों के रूप में की जानी चाहिए। ट्रस ने कहा, हम रूस को दुष्प्रचार के जरिए इन युद्ध अपराधों में अपनी संलिप्तता छिपाने की अनुमति नहीं देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि रूसी कार्वाई की हकीकत दुनिया के सामने लाई जाए।

# आयुर्वेद में अब क्वांटम मैकेनिक्स और रोबोटिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**आयुर्वेद चिकित्सा** में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम के छात्रों को अब क्वांटम मैकेनिक्स, सामान्य सर्जरी, योग और जीवनशैली प्रबंधन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। साथ ही, छात्रों को रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग की बुनियादी जानकारी भी दी जाएगी। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) के अध्यक्ष डा. जयंत यशवंत देवपुजारी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में बताया, आयोग ने हाल में अधिसूचना जारी कर स्नातक आयुर्वेद शिक्षा के न्यूनतम मानक तय किए हैं। इसके तहत आयुर्वेदिक औषधि एवं सर्जरी में स्नातक कोर्स का खाका तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा में स्नातक डिग्री कोर्स के तहत प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीएएमएस में पदार्थ विज्ञान विषय में क्वांटम मैकेनिक्स को शामिल किया गया है। क्वांटम मैकेनिक्स भौतिकी का उपखंड है। इस विषय को आयुर्वेद में शामिल किए जाने के बारे में पूछे जाने पर देवपुजारी ने कहा, पदार्थ विज्ञान के तहत क्वांटम मैकेनिक्स शामिल किया गया है। इसका प्रैक्टिकल उपयोग है, यह दर्शन नहीं है। आयुर्वेद में सैकड़ों वर्षों से इसका उल्लेख है। ऐसे में इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। एनसीआईएसएम के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विकास का ढांचा तैयार करना चाहती है और इस उद्देश्य के लिए एक बहुविषयक समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समिति जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, माइक्रो बायोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायो इंफार्मेटिक्स जैसे विषयों में नवाचार एवं नए घटनाक्रमों पर विचार विमर्श करेगी। देवपुजारी ने कहा कि समिति रोग पहचान एवं जांच के तरीकों, सर्जरी की तकनीक, शिक्षण एवं प्रशिक्षण उपायों, अनुसंधान एवं उपकरणों के मानदंड, साफ्टवेयर, उपचार प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्र पर विभिन्न पक्षकारों के साथ विचार विमर्श करेगी और इनमें सुधार के उपाए सुझाएगी। आयोग के दस्तावेज के अनुसार, आयुर्वेद में बीएएमएस पाठ्यक्रम में तीन सेमेस्टर होंगे, जो 18-18 महीने के होंगे तथा अनिवार्य इंटर्नशिप 12 महीने का होगा। दस्तावेज के मुताबिक, बीएएमएस पाठ्यक्रम में मुख्य कोर्स और ऐच्छिक पाठ्यक्रम शामिल होंगे। छात्रों को अन्य विषयों के साथ-साथ आयुर्वेद के लिए संस्कृत की बुनियादी शिक्षा और बुनियादी जीवन सहायता एवं प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा भी दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि पाठ्यक्रम में पदार्थ विज्ञान विषय के तहत आयुर्वेद के बुनियादी सिद्धांत और क्वांटम मैकेनिक्स पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, जीवन शैली प्रबंधन, प्रसूति विज्ञान एवं स्त्री रोग विज्ञान जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। पाठ्यक्रम में छात्रों को सामान्य सर्जरी की जानकारी भी दी जाएगी। इंदौर में फिजियोलॉजी संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोहर भंडारी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह को पत्र लिखकर भारतीय भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा का नूतन पाठ्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया था।



पटना में इंटरनेशनल हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीन तोगड़िया भारतीय वनवर्ष पर यात्रा निकालते हुए

## मप्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रामलीला, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करने की सलाह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले साल नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने इस महीने आने वाली रामनवमी और हनुमान जयंती पर अपने पदाधिकारियों, विधायकों एवं कार्यकर्ताओं को रामलीला, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जनता में अपनी पैठ और मजबूत कर सके। वहीं, प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस के इस कदम को पाखंड बताते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने भगवान राम एवं रामसेतु को काल्पनिक बताया था।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर द्वारा दो अप्रैल को समस्त जिला, शहर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, पार्टी विधायकों, पार्टी के लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशियों, समस्त जिला प्रभारियों, मोर्चा संगठन एवं विभाग के अध्यक्षों को जारी पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश के अनुसार वे 10 अप्रैल को रामनवमी और 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा, रामनवमी के अवसर पर भगवान राम कथा वाचन, रामलीला और भगवान राम की पूजा अर्चना के कार्यक्रम तथा हनुमान जयंती पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि कमलनाथ रामनवमी के अवसर पर शुभकामना संदेश प्रेषित करेंगे तथा हनुमान जयंती के अवसर पर अपने गृह क्षेत्र छिंदवाड़ा में विशेष पूजा अर्चना करेंगे। कांग्रेस के इस कदम के बारे में पूछे जाने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, कमलनाथ भगवान हनुमान के भक्त हैं और पिछले कई सालों से छिंदवाड़ा में इस तरह के कार्यक्रम कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने पिछले साल इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए थे। भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि इस पत्र से कांग्रेस के पाखंड का पर्दाफाश हुआ है।

# अगर मुस्लिम व्यक्ति प्रधानमंत्री बना तो 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा : यति नरसिंहानंद

**भाषा।** नई दिल्ली

**विवादित बयानों** से प्राय: चर्चा में रहने वाले दिल्ली से सटे गाजियाबाद स्थित डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने रविवार को एक बार फिर अपने बयान से विवाद पैदा कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि अगर कोई मुस्लिम व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बना तो 20 साल में 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा। दिल्ली प्रशासन की अनुमति के बिना आयोजित हिंदू महापंचायत को संबोधित करते हुए नरसिंहानंद ने कथित तौर पर हिंदुओं को अपना अस्तित्व बचाने के लिए हथियार उठाने की भी नसीहत दी। यह महापंचायत बुराड़ी मैदान में उसी संगठन ने आयोजित की थी जिसने पूर्व में इसी तरह के कार्यक्रम हरिद्वार और दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित किए थे जहां कथित तौर पर




मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गए थे। बुराड़ी मैदान में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में हिंदू श्रेष्ठता की भावना रखने वाले कई नेता शामिल हुए। नरसिंहानंद हरिद्वार की घटना को लेकर इस समय जमानत पर हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2029 में या वर्ष 2034 में या वर्ष 2039 में मुस्लिम प्रधानमंत्री बन जाएगा। अगर एक बार मुस्लिम प्रधानमंत्री बना तो अगले 20 साल में 50 प्रतिशत हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा, 40 प्रतिशत की हत्या कर दी जाएगी और बाकी बचे 10 प्रतिशत या तो शरणार्थी शिविरों में होंगे या दूसरे देश में होंगे।

सोशल मीडिया पर महापंचायत के आए वीडियो में नरसिंहानंद कथित तौर पर कहते सुनाई देते हैं, यह हिंदुओं का भविष्य होगा। अगर आप इस भविष्य से बचना चाहते हैं तो मर्द बनो और हथियार उठाओ। हालांकि, पीटीआई-भाषा इस वीडियो की सत्यता की स्वतंत्र जांच नहीं कर सकी। इस बीच, कार्यक्रम को कवर करने गए दिल्ली के कुछ पत्रकारों के साथ वहां कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की खबर है। पुलिस ने हालांकि, उन्हें हिरासत में लेने के दावे से इनकार किया है। कार्यक्रम को कवर गए पत्रकारों में से एक ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि महापंचायत में हिंदू भीड़ ने मीडिया के दो मुस्लिम सदस्यों पर हमला किया और उन्हें हिरासत में भी लिया गया। उत्तर पश्चिमी दिल्ली की पुलिस आयुक्त उषा रंगनानी ने ट्विटर पर कहा कि किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ संवाददाता अपनी उपस्थिति के हो रहे विरोध से बचने के लिए स्वेच्छा से वहां मौजूद पुलिस पीसीआर में बैठे और सुरक्षा कारणों से उसी में पुलिस थाने जाने का विकल्प चुना। किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

## गोड्डा में महिला ने व्यक्ति की हत्या की

**गोड्डा (झारखंड)।** झारखंड के गोड्डा जिले में कथित प्रेम प्रसंग में एक महिला द्वारा एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) वाईएस रमेश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पथरगामा थाना क्षेत्र के सुरनिया गांव के राहुल कुमार सिंह (22) का अपने ही गांव की एक विवाहित महिला से कथित रूप से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को सिंह की लाश उसके घर से बरामद हुई थी। शुरुआत में मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या के पीछे जमीन संबंधी विवाद को कारण बताया था, जिसे लेकर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लेकिन, जांच के दौरान महिला की संलिप्तता का खुलासा हुआ। एसपी ने बताया कि सिंह ने महिला को अपने घर बुलाया था और नशे की हालत में अपने गले में फंदा डालकर उसे घर रुकने की जिद कर रहा था।

## जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद बनाने में उपयोग किए जाने वाले 40 चूल्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया

**भाषा।** पुरी

**ओडिशा के** पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में मिट्टी के करीब 40 चूल्हों को रविवार को टूटी हुई अवस्था में पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन चूल्हों का इस्तेमाल महाप्रसाद बनाने में किया जाता था, जिसका भोग भगवान को रोस घर (रसोई घर) में लगाया जाता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी रसोई घर है जहां पर रोजाना करीब 300 क्विंटल चावल पकाया जाता है। जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने पुलिस अधीक्षक वीके सिंह के साथ मौके का दौरा करने के बाद कहा, रोस घर के करीब 40 चूल्हों में तोड़फोड़ की गई है। हमने इस संबंध में रिपोर्ट तलब की है और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वर्मा ने बताया कि पुलिस और मंदिर के अधिकारियों की संयुक्त जांच के आदेश दिए गए हैं। इस घटना से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का कार्य प्रभावित होगा लेकिन साथ ही दावा किया कि दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। वर्मा ने कहा कि मंदिर के अनुष्ठान प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि केवल एक या दो कोठा चूल्हों में तोड़फोड़ की गई है जिसपर बने भोजन का भोग मंदिर प्रशासन भगवान को लगाता है जबकि शेष सुरक्षित हैं। भगवान को सकल धूप (प्रात: भोग) अर्पित करने में करीब 30 मिनट की देरी हुई। उल्लेखनीय है कि 12वीं सदी के मंदिर के दस्तावेजों के मुताबिक कुल 240 चूल्हें हैं जिनमें से 40 को क्षतिग्रस्त किया गया है। केवल सौरा (खाना बनाने वाला) को रसोई घर में जाने की अनुमति है और संदेह है कि शनिवार रात को चूल्हों में तोड़फोड़ की घटना में कुछ सेवादार संलिप्त रहे होंगे।

## जानवरों का मांस के लिए वध करने से पहले अनिवार्य रूप से अचेत करें: कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पशु पालन और पशु चिकित्सा सेवा ने बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) से कहा है कि वह सभी कसाईखानों और चिकन की दुकानों को निर्देश दे कि वे मांस के लिए जानवर का वध करने से पहले सुनिश्चित करें कि उन्हें अचेत किया जाए। विभाग ने नगर निकाय को कहा है कि वह कसाई खाना और चिकन की दुकान को लाइसेंस देने के दौरान पशुओं को अचेत करने की सुविधा का निरीक्षण करे। हालांकि, इस सबंध में जारी पत्र को सामान्य प्रक्रिया बताया जा रहा है परंतु यह ऐसे समय आया है जब उगाडी त्योहार के दौरान दक्षिणपंथी समूह हलाल मांस का बहिष्कार करने की मांग कर रहे हैं। बेंगलुरु शहरी जिले में पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के उप निदेशक द्वारा एक अप्रैल को बीबीएमपी को लिखे पत्र में पशु क्रूरता (कसाई खाने में) निषेध अधिनियम-2001 का हवाला दिया गया है और पशु का मांस के लिए वध करने से पहले उन्हें अचेत करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग ने कहा कि उसे शिकायतें मिली हैं कि इन नियमों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दक्षिण पंथी संगठनों ने उगाडी के अगले दिन मनाए जाने वाले वर्षाडोडकु को हलाल मांस का बहिष्कार करने की अपील की थी। कर्नाटक के कई समुदाय वर्षाडोडकु के दिन मांसाहार का सेवन करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने तो हलाल खाने को आर्थिक जिहाद तक की संज्ञा दे दी है।

## गंगोत्री के कपाट तीन मई को पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे खुलेंगे


**उत्तरकाशी (उत्तराखंड)।** गढवाल हिमालय की ऊंची पहाडियों पर स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर्व पर तीन मई को पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चैत्र नवरात्र के मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने गंगोत्री धाम के कपाट खोले जाने का शुभ मुहूर्त निकाला। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा को समर्पित मंदिर के कपाट अक्षय तृतीया पर अभिजीत मुहूर्त में पूर्वाह्न 11:15 पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलने के बाद आगामी छह माह तक श्रद्धालु गंगोत्री धाम में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे। सेमवाल ने बताया कि दो मई को मां गंगा अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा गांव से डोली में सवार होकर दोपहर 12:15 पर गंगोत्री धाम के लिए रवाना होंगी। डोली अगले दिन गंगोत्री पहुंचेगी। इसके अलावा, अक्षय तृतीया पर ही खोले जाने वाले एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट खुलने का मुहूर्त सात अप्रैल को यमुना जयंती पर यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों द्वारा तय किया जाएगा। गंगोत्री और यमुनोत्री सहित गढवाल हिमालय के चारों धामों के कपाट सर्दियों में भारी बर्फवारी की चपेट में रहने के कारण अक्टूबरनवंबर में श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं, और अगले साल अप्रैलमई में दोबारा खोल दिए जाते हैं। दो अन्य धामों, बदरीनाथ और केदारनाथ के कपाट खोले जाने की तिथि भी तय हो चुकी है। केदारनाथ के कपाट छह मई को और बदरीनाथ के कपाट आठ मई को खोले जाएंगे।

# भारत में कोविड-19 के 1,096 नए मामले, 81 मरीजों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,096 नए मामले सामने आने के साथ अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,30,28,131 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घट कर 13,013 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 81 मरीजों के जान गंवाने से कुल मृतक संख्या बढ़कर 5,21,345 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.03 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है।

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 432 की कमी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि



देश में 19 दिसंबर 2020 को कोविड-19 के मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले वर्ष चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। मंत्रालय के अनुसार दैनिक संक्रमण दर 0.24 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.23 प्रतिशत है। संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,24,93,773 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 184.66 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, जिन 81 लोगों की संक्रमण से मौत हुई है, उनमें 74 केरल से थे। मंत्रालय के मुताबिक, देश में इस महामारी से अब तक 5,21,345 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से ।,47,787 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 68,066 की केरल, 40,054 की कर्नाटक, 38,025 की तमिलनाडु, 26,153 की दिल्ली, 23,496 की उत्तर प्रदेश और 21,197 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में न्यायाधीशकी मौत, एक न्यायाधीश सहित दो घायल

**छतरपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने से कार सवार एक न्यायाधीश की मौत हो गई,वहीं एक अन्य न्यायाधीश सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक शशांक जैन ने रविवार को बताया कि यह हादसा छतरपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर मातगुवां थाना क्षेत्र के पराचौकी के पास शनिवार रात करीब आठ बजे के आसपास हुआ। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में बड़ामलहरा में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) ऋषि तिवारी की मौत हो गई। जैन ने बताया कि इस हादसे में बड़ामलहरा में ही पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) आशीष मथोरिया और कार चला रहे उनके साले राम दिनकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें ग्वालियर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ये लोग बड़ामलहरा से छतरपुर आ रहे थे और कार रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।



अहमदाबाद में स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन करते पंजाब के सीएम भगवंत मान

## डिस्कवरी पर लीजेंड ऑफ द रामायण विद अमीश

**मुंबई।** क्या आप जानते हैं कि भगवान राम की एक बड़ी बहन भी थी, कैकेयी ने भगवान राम को केवल 14 साल के लिए ही वनवास के लिए क्यों कहा, नासिक शहर का नाम कैसे पड़ा, क्या आप भगवान राम और गौतम बुद्ध को जोड़ने वाले सामान्य सूत्र को जानते हैं,सदियों से, रामायण को भारत के सबसे प्रसिद्ध शब्द, इतिहास के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसने हमारे पूरे देश की सामूहिक चेतना को वैसा ही आकार दिया है। हालाँकि हमारी संस्कृति में गहराई से निहित होने के बावजूद, रामायण के इर्द-गिर्द मौजूद ऐसी कहानियों की प्रचुरता बनी हुई है जिनके बारे में कम लोग जानते हैं। और यही समय है कि हम इसे सुलझाएं। रामनवमी के शुभ अवसर से पहले डिस्कवरी् लीजेंड ऑफ द रामायण विद अमीश् में दुनिया की सबसे बड़ी कहानियों में से एक के पवित्र भूगोल को फिर से दिखाएगीए जो अत्यधिक बिकने वाले पुरस्कार विजेता लेखक और राजनयिक, अमीश त्रिपाठी द्वारा सुनाई गई एक सम्मोहक डॉक्यूमेंट्री है।

## लाउडस्पीकर के जरिए हनुमान चालीसा बजाने पर मनसे कार्यकर्ता हिरासत में लिया गया, बाद में छोड़ा गया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र नवनिर्माण** सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे द्वारा मस्जिदों पर लाउडस्पीकर से अजान का विरोध हनुमान चालीसा बजाकर करने की चेतावनी देने के एक दिन बाद उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता को मुंबई के असलफा इलाके में इस तरह का कृत्य करने के प्रयास पर हिरासत में लिया गया और बाद में रविवार दोपहर को उसे रिहा कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घाटकोपर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने कहा कि महेंद्र भानुशाली को उस समय हिरासत में लिया गया जब उसने चांदिवली के असलफा में हिमालय सोसाइटी में एक पेड़ पर लाउडस्पीकर लगाया और हनुमान चालीसा बजाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची, भानुशाली को हिरासत में लिया और लाउडस्पीकर को जब्त कर लिया। उसे करीब दो घंटे बाद रिहा कर दिया गया। भानुशाली पर 5,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 149 के तहत उसे इस तरह के कृत्य को नहीं दोहराने के लिए नोटिस जारी किया गया। भानुशाली ने पुलिस की कार्रवाई की निंदा की और कहा कि उन्हें आरती करने के लिए परेशान किया जा रहा है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को मस्जिदों में लाउडस्पीकर बंद करने की मांग की थी। उन्होंने मुंबई के शिवाजी पार्क में गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए चेतावनी दी थी, मस्जिदों में लाउडस्पीकर इतनी तेज आवाज में क्यों बजाए जाते हैं? अगर इसे नहीं रोका गया, तो मस्जिदों के बाहर इससे भी अधिक ऊंचे स्वर में हनुमान चालीसा बजाए जाएंगे।

# आशीष की जमानत को चुनौती वाली याचिका पर आज सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा को जमानत दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की विशेष पीठ ने 30 मार्च को उत्तर प्रदेश सरकार को आशीष की जमानत रद्द करने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच की निगरानी कर रहे एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की दो रिपोर्ट पर चार अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि निगरानी न्यायाधीश ने मामले में आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार को पत्र

**लखीमपुर मामला**



लिखा था।

पीठ ने कहा था, एसआईटी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को निगरानी न्यायाधीश के दो पत्र भेजे हैं जिन्होंने मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने के लिए राज्य को लिखा था। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने तब पीठ को सूचित किया था कि अतिरिक्त सचिव (गृह) ने कहा है कि उन्हें पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। पीठ ने तब जेठमलानी को एसआईटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर गौर करने और चार अप्रैल तक जवाब देने को कहा था।इससे पहले, राज्य सरकार ने कहा था कि जमानत देने को चुनौती देने का निर्णय संबंधित अधिकारियों द्वारा विचाराधीन है।शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश की एसआईटी की जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया था। पिछले साल तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में हिंसा के दौरान आठ लोग मारे गए थे, जब किसान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इलाके के दौरे का विरोध कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, चार किसानों को एक एसयूवी ने कुचल दिया, जिसमें आशीष मिश्रा बैठा था।

# अमेरिकी सांसद ने की शांति प्रयासों के लिए मोदी की प्रशंसा



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** की एक शीर्ष सांसद ने यूक्रेन पर अमेरिका और रूस के बीच शांति कायम करने के प्रयासों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की है। साथ ही, उम्मीद जताई कि उनके प्रयास क्षेत्र में शांति बहाल करने में मददगार होंगे। मोदी ने शुक्रवार को भारत की यात्रा पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से कहा था कि भारत, यूक्रेन संकट का हल करने के लिए शांति प्रयासों में किसी भी तरीके से योगदान देने के लिए तैयार है और उन्होंने युद्धरत देश में हिंसा पर तत्काल रोक लगाने का आह्वान किया। अमेरिकी कांग्रेस की सदस्य कैरोलिन मैलोनी ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे लगता है कि अभी वह (मोदी) यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के बीच शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत सकारात्मक उद्देश्य है।

उन्होंने कहा, हमारे (भारत और अमेरिका के) बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं, हमारे मजबूत शांति संबंध हैं और हमारे एक जैसे मजबूत मूल्य (वैल्यू) हैं, मैं कहना चाहूंगी कि हमारी एक जैसी सरकार है। सदन की शक्तिशाली ओवरसाइट कमेटी की अध्यक्ष मैलोनी (76) अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में सबसे वरिष्ठ डेमोक्रेट सदस्यों में से एक हैं। वह 1993 से अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित होती रही हैं। मैलोनी कांग्रेस में तथा उसे बाहर भारत और भारतीय अमेरिकियों की मित्र भी हैं। वह दिवाली के त्योहार पर संघीय अवकाश घोषित करने और अमेरकी संसद का प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल महात्मा गांधी को देने के दो विधेयकों को पारित कराने की कोशिशें कर रही हैं। मैलोनी ने विश्वास जताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन उनके दोनों विधेयकों पर आखिरकार हस्ताक्षर कर देंगे। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी शांति के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बात सच है कि अगर आप कोशिश नहीं करते तो आप कभी कामयाब नहीं होते हैं। आपको प्रयास करते रहने होंगे। दुनिया के लिए मैं उम्मीद करती हूं कि यूक्रेन, रूस और विश्व के बीच शांति के लिए काम करे रहे किसी भी व्यक्ति के प्रयास मददगार होंगे। न्यूयॉर्क से सांसद मैलोनी ने कहा, यह बहुत खतरनाक दौर है क्योंकि हम सभी तीसरे विश्वयुद्ध का भार नहीं उठा सकते। हम परमाणु शक्ति संपन्न हैं। हम यह जोखिम नहीं ले सकते। हमें एक समझौता करना होगा और लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। मुझे राष्ट्रपति बाइडन पर गर्व है।

## रूस ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों को अकारण बताया

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर प्रतिबंध लगाकर पश्चिमी देशों ने प्रदर्शित किया है कि उन्होंने अपनी समझदारी खो दी है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को टेलीविजन पर अपनी टिप्पणी में कहा कि पुतिन के खिलाफ प्रतिबंध अकारण हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने ऐसा कर यह दिखाया है कि मूर्खता दिखाने की उनकी कोई सीमा नहीं है। पेसकोव ने कहा कि जब रूस-यूक्रेन, दोनों देशों के वार्ताकार चर्चा के लिए एक मसौदा समझौता तैयार कर लेंगे तो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ पुतिन की बैठक काल्पनिक रूप से संभव है।

## यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस में दवाओं की किल्लत

**मास्को।** यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण रूस में कई जरूरी दवाओं की कमी हो गई है। युद्ध शुरू होने से पहले ही लोग रूस में अपने परिजनों, दोस्तों को सूचित कर रहे थे और सोशल मीडिया पर ऐसे संदेश डाल रहे थे कि प्रतिबंधों की आशंका के कारण जरूरी दवाएं घर में खरीद कर रख लेनी चाहिए। समय बीतने के साथ मास्को और कुछ अन्य शहरों में दुकानों में कई दवाएं तेजी से खत्म होती गईं। अपने पिता के लिए, रक्त को पतला करने की दवा ढूंढ रहे कजान के एक निवासी ने मार्च में कहा था, शहर में एक भी जरूरी दवा उपलब्ध नहीं है। रूस में विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि दवाइयों की कमी अस्थाई है लेकिन कुछ विशेषज्ञ चिंतित हैं कि उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं रूसी बाजार से गायब हो जाएंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतिबंधों से आपूर्तिकर्ताओं में घबराहट और आपूर्ति से जुड़ी कठिनाइयों के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। मास्को में हॉस्पिटल नंबर 29 में हृदय रोग गहन देखभाल इकाई के प्रमुख डॉ. एलेक्सी एरलिक ने कहा, (दवा की) किल्लत हो सकती है। हालांकि यह समस्या कितनी गंभीर होगी, यह नहीं पता। युद्ध शुरू होने के बाद मार्च की शुरुआत से ही ऐसी खबरें आने लगीं कि रूस के लोगों को कुछ खास प्रकार की दवा मिलने में कठिनाई आ रही है। रूस के क्षेत्र दागिस्तान में मरीजों के हितों के लिए काम करने वाले समूह पेशेंट मॉनिटर को मार्च के दूसरे सप्ताह से इस तरह की किल्लत की शिकायतें मिलने लगीं।

## यूक्रेन में युद्ध अपराध केसबूत मिले, ब्रिटेन ने की निंदा

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सलाहकार ओलेक्सी अरेस्तोविच ने रविवार को कहा कि अधिकारियों को राजधानी कीव के बाहरी इलाके में रूसी सैनिकों द्वारा गंभीर युद्ध अपराधों को अंजाम दिए जाने के सबूत मिले हैं। अरेस्तोविच ने बताया कि रूसी सैनिकों की वापसी के बाद कीव के इरपिन, बुशा और होस्तोमेल उपनगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में नागरिकों की लाशें बिछी मिली हैं। उन्होंने इस दृश्य की तुलना हॉरर फिल्म से की। अरेस्तोविच ने कहा कि कुछ मृतकों के सिर में गोली मारी गई थी और उनके हाथ बंधे हुए थे, जबकि कई शवों पर शारीरिक यातना के निशान थे। उन्होंने रूसी सैनिकों पर यूक्रेनी महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने और उन्हें जलाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया। अरेस्तोविच ने कहा कि यूक्रेनी अधिकारी कथित युद्ध अपराधों की जांच करेंगे और इसके साजिशकर्ताओं का पता लगाएंगे। यूक्रेन में युद्ध अपराध की खबरों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आलोचना की। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि यूक्रेन में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अंधाधुंध हमलों के सबूत बढ़ रहे हैं और इनकी जांच युद्ध अपराधों के रूप में की जानी चाहिए। ट्रस ने कहा, हम रूस को दुष्प्रचार के जरिए इन युद्ध अपराधों में अपनी संलिप्तता छिपाने की अनुमति नहीं देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि रूसी कार्वाई की हकीकत दुनिया के सामने लाई जाए।

## लिथुआनिया ने रूसी गैस आयात समाप्त किया

**विलनियस।** लिथुआनिया ने रूस पर अपनी ऊर्जा निर्भरता समाप्त करने के लिए खुद को मॉस्को से गैस आयात से पूरी तरह से अलग कर लिया है। लिथुआनिया कथित तौर पर यूरोपीय संघ के उन 27 देशों में से ऐसा करना वाला पहला देश बन गया है जो रूसी गैस का उपयोग करते हैं। यह जानकारी एक बयान से मिली। लिथुआनिया के ऊर्जा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, रूसी गैस से पूर्ण ऊर्जा स्वतंत्रता हासिल करने के प्रयास के तहत और यूरोप में रूस के ऊर्जा ब्लैकमेल और यूक्रेन में युद्ध के जवाब में लिथुआनिया ने रूसी गैस को पूरी तरह से त्याग दिया है। बयान के अनुसार, यह कदम अप्रैल की शुरुआत में प्रभावी हुआ। मंत्रालय ने कहा कि लिथुआनिया शनिवार को रूसी गैस के आयात को शून्य तक कम करने में कामयाब रहा और इस कदम को देश में ऊर्जा स्वतंत्रता हासिल करने में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है। लिथुआनिया के राष्ट्रपति गितानस नौसेदा ने एक ट्वीट करके अन्य यूरोपीय देशों से भी ऐसा करने का आग्रह किया।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगतः राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

**अश्गाबात।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कहना है कि यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगत रही है। साथ ही जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रों की संप्रभुता के सम्मान में निहित है। दुनियाभर की अन्य प्रमुख शक्तियों की तरह भारत ने यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर रूसी हमले के निंदा संबंधी प्रस्तावों पर मतदान से दूरी बनाई थी। भारत इस संकट को बातचीत और कूटनीतिक तरीके से हल किए जाने पर जोर देता रहा है। अश्गाबात में शनिवार को इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन में युवा छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि भारत यूक्रेन में बिगड़ते मानवीय हालात को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ व सुसंगत रही है। हम बिगड़ते मानवीय हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं। हमने युद्ध एवं हिंसा को तत्काल रोकने के साथ ही बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। हमने यूक्रेन को मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है।

## जॉनसन ने यूक्रेन के प्रमुख क्षेत्रों से रूसी बलों को पीछे धकेलने के लिए जेलेंस्की को बधाई दी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने राजधानी कीव समेत प्रमुख क्षेत्रों से रूसी बलों को सफलतापूर्वक पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बधाई दी। कीव पर यूक्रेनी बलों के दोबारा नियंत्रण हासिल करने की खबरों के बीच शनिवार शाम टेलीफोन पर बातचीत के दौरान जॉनसन ने कहा कि रूस के साथ चल रहे युद्ध में देश के अन्य हिस्सों में बड़ी चुनौतियां कायम हैं। दोनों नेताओं ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए प्रतिबंधों को जारी रखने के महत्व पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंस स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री ने आज शाम फिर से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। उन्होंने कई क्षेत्रों में रूस की हमलावर सेना को सफलतापूर्वक पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन के बहादुर सशस्त्र बलों को बधाई दी, लेकिन यह भी स्वीकार किया कि बड़ी चुनौतियां अभी कायम हैं और आम लोग अब भी पीड़ा का सामना कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह ब्रिटेन द्वारा आयोजित 35 देशों के सैन्य अनुदान सम्मेलन में हुई प्रगति के बारे में राष्ट्रपति जेलेंस्की को जानकारी दी, जिसमें सैन्य समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध जताई गई थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक स्वतंत्र व लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में यूक्रेन के अस्तित्व की लड़ाई की तात्कालिकता और अंतरराष्ट्रीय सहायता के महत्व को रेखांकित किया। बताया जा रहा है कि जेलेंस्की ने शांति वार्ता की स्थिति के बारे में जॉनसन को जानकारी दी। साथ ही राजनयिक प्रयासों में ब्रिटेन की भागीदारी का स्वागत किया।

## सहायता समूह का दावा, भूमध्य सागर में डूबे 90 से अधिक प्रवासी

**काहिरा।** बेहतर जीवन की तलाश में उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की ओर जा रहे प्रवासियों की एक नौका भूमध्य सागर में डूब गई है। नौका में 90 से अधिक प्रवासी सवार थे। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक एक सहायता समूह ने यह जानकारी दी है। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने शनिवार देर रात कहा कि प्रवासी जिस नौका में सवार थे, वह नौका पिछले हफ्ते लीबिया से यूरोप की ओर जा रही थी। समूह के मिशन प्रमुख जुआन मटियास गिल ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नौका में कब परेशानी हुई। फ्रांसीसी एमएसएफ नाम से भी प्रचलित समूह के मुताबिक एक तेल टैंकर ने शनिवार तड़के चार प्रवासियों को बचा लिया। सुरक्षित बचे प्रवासियों के मुताबिक नौका पर करीब 100 लोग सवार थे।

## चीन के शंघाई शहर में बढ़ रहे हैं कोरोना के मामले

**बीजिंग।** चीन की सबसे बड़े शहर शंघाई में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं, लाखों लोग लॉकडाउन के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 438 नए मामलों की पुष्टि हुई है। साथ ही, 7,788 ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। दोनों तरह के मामले कल की तुलना में थोड़े ज्यादा हैं। वहीं, उत्तर पूर्वी प्रांत जिलिन में रविवार कोरोना वायरस के कुल 4,455 नए मामले सामने आए, जो शनिवार को सामने आए मामलों से अधिक हैं।

## अमेरिका के सैक्रामेंटो में गोलीबारी में छह लोगों की मौत, नौ घायल

**सैक्रामेंटो (अमेरिका)।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की राजधानी सैक्रामेंटों के व्यस्त इलाके में गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सैक्रामेंटो पुलिस विभाग ने कहा कि रविवार सुबह गोलीबारी की घटना हुई। ट्विटर पर साझा किए गए वीडियो में लोग सड़कों पर भागते हुए नजर आए जबकि पृष्ठभूमि में गोलियां चलने की आवाजें आ रही थीं। मौके पर कई एंबुलेंस भी जाती हुई दिखीं। पुलिस ने घटना के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी, लेकिन एक ट्वीट में कहा कि घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। फोन पर सैक्रामेंटो पुलिस से संपर्क किया गया लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला है। जिस जगह गोलीबारी की घटना हुई वहां पर कई रेस्तरां और बार हैं। लोगों से घटनास्थल की तरफ जाने से परहेज करने को कहा गया है। सामुदायिक कार्यकर्ता बेरी ऑकुइस ने कहा कि गोलीबारी के तुरंत बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा, मैंने कई घायलों को देखा। एक युवती के शरीर से खून निकल रहा था। एक लड़की चिल्ला रही थी कि उसकी बहन को गोली लगी है। एक महिला अपने बेटे को खोज रही थी।



यूक्रेन के शहर में साइकिल पर बैठा हुआ बच्चा के सामने गश्त करते यूक्रेन की सेना का जवा

# नरम वृद्धि के बीच ऊंची महंगाई का अधिक प्रचारः राजीव कुमार

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** अर्थव्यवस्था एक बड़े आर्थिक पुनरुद्धार के मुहाने पर है और पिछले सात साल के दौरान सरकार द्वारा किए गए उपायों से एक मजबूत आर्थिक बुनियाद रखी गई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने रविवार को यह बात कही। कुमार ने कहा कि वृद्धि दर में नरमी के बीच ऊंची महंगाई यानी स्टैगफ्लेगशन की बात का कुछ अधिक प्रचार किया जा रहा है। ऐसी स्थिति नहीं है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष कुमार ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद सभी संकेतों से स्पष्ट है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। कुमार ने कहा, पिछले सात वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सभी सुधारों और यह उम्मीद करते हुए कि संभवतः हम कोविड-19 महामारी का अंत देख रहे हैं और 2022-23 में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकेंगे, यह कहा जा सकता है कि आगामी वर्षों में अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि के लिए एक मजबूत बुनियाद रखी जा रही है। हालिया सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के 2021-22 में 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। कुमार ने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि भारत एक बड़े आर्थिक पुनरुद्धार और आर्थिक वृद्धि के करीब है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान में संशोधन हो सकता है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने हालांकि कहा कि इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## मार्च में बेरोजगारी की दर घटकर 7.6 प्रतिशत रही, हरियाणा में सबसे ऊंचीः सीएमआईई

**कोलकाता।** अर्थव्यवस्था के धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौटने के साथ देश में बेरोजगारी की दर घट रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सीएमआईई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, देश में बेरोजगारी की दर फरवरी में 8.10 प्रतिशत थी, जो मार्च में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई। दो अप्रैल को यह अनुपात और घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। शहरी बेरोजगारी की दर 8.5 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 7.1 प्रतिशत रही। भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के अर्थशास्त्र के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अभिरूप सरकार ने कहा कि बेरोजगारी की दर घट रही है, लेकिन भारत जैसे गरीब देश की दृष्टि से यह अब भी काफी उंची है।

# भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 418 अरब डॉलर का निर्यात किया

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुओं, रत्न एवं आभूषण और रसायन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का वस्तुओं का निर्यात 418 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को वित्त वर्ष 2021-22 के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2022 में देश ने 40 अरब डॉलर का निर्यात किया जो एक महीने में निर्यात का सर्वोच्च स्तर है। इसके पहले मार्च, 2021 में निर्यात का आंकड़ा 34 अरब डॉलर रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2020-21 में 292 अरब डॉलर का निर्यात किया था। वर्ष 2021-22 में निर्यात आंकड़ा बड़ी बढ़त के साथ 418 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। गत 23 मार्च को देश ने 400 अरब डॉलर के निर्यात आंकड़े को पार कर लिया था। गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि इस वित्त वर्ष में भारत ने सबसे ज्यादा अमेरिका को निर्यात किया और उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन, बांग्लादेश एवं नीदरलैंड का स्थान रहा। गोयल ने कहा, "भारत से वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 417.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस आंकड़े में गैर-ईडीआई बंदरगाह से निर्यात के आंकड़े शामिल नहीं हैं और उसे जोड़ने पर निर्यात का पूरा आंकड़ा 418 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। यह भारत के निर्यात इतिहास का सर्वकालिक उच्च स्तर है। गोयल ने कहा कि निर्यातकों एवं उद्योग संगठनों की कोशिशों, विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और राज्य सरकारों के प्रयासों ने इस उपलब्धि तक पहुंचाने में योगदान दिया है।

# चालू वित्त वर्ष में एक करोड़ टन से अधिक रह सकता है गेहूं निर्यातः गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि वैश्विक बाजार में बढ़ती मांग की वजह से देश का गेहूं निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में एक करोड़ टन के पार जाने की उम्मीद है। गेहूं निर्यात 2021-22 में 70 लाख टन (15,000 करोड़ रुपए से अधिक) को पार कर गया था जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 21.55 लाख टन रहा था। वर्ष 2019-20 में यह महज दो लाख टन (500 करोड़ रुपए) रहा था। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, हम बड़े पैमाने पर गेहूं निर्यात जारी रखेंगे और उन देशों की जरूरतें पूरी करेंगे जिन्हें संघर्षरत क्षेत्रों से आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। मेरा मानना है कि इस बार हमारा गेहूं निर्यात बहुत आसानी से 100 लाख टन से पार निकल जाएगा। गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में रूस और यूक्रेन की करीब एक चौथाई हिस्सेदारी रहती आई है। इन दोनों देशों में गेहूं की फसल इस साल अगस्त और सितंबर में पक जाएगी। गोयल ने कहा कि किसान भी गेहूं का उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं और गुजरात तथा मध्य प्रदेश जैसे क्षेत्रों से पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक आयात हो रहा है। गेहूं निर्यात के बारे में मिस्र से भारत की अंतिम दौर की बातचीत चल रही है जबकि चीन और तुर्की के साथ भी संवाद चल रहा है। इस अवसर पर विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि अन्य बंदरगाहों से निर्यात सुगम बनाने के लिए वाणिज्य विभाग, खाद्य एवं जन सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। ज्यादातर निर्यात कांडला बंदरगाह से होता है।

## आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए इस हफ्ते ऑस्ट्रेलिया जाएंगे गोयल

नई दिल्ली, तीन अप्रैल (भाषा) भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक संबंधों को और गहरा करने, द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने तथा क्वाड समूह के सदस्यों के बीच एकजुटता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल इस हफ्ते ऑस्ट्रेलिया जाएगा जिसकी अगुवाई वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। क्वाड जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का समूह है। गोयल छह अप्रैल को तीन दिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे जहां वह ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष अधिकारियों और कारोबारियों के साथ बातचीत करेंगे। एक अधिकारी ने कहा, इस दौरे का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक संबंधों को और गहरा करना है।

# शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.61 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**घरेलू** शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रहे तेजी के रुख के बीच शीर्ष दस कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 2,61,767.61 करोड़ रुपए बढ़ गया। सबसे ज्यादा फायदा एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में पिछले कारोबारी सप्ताह में।,914.49 अंक यानी 3.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बाजार की इस तेजी का लाभ बड़ी बाजार मूल्यांकन वाली कंपनियों को भी हुआ। शीर्ष दस कंपनियों के समू ह में से सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन बढ़ा। इस दौरान इस निजी बैंक का पूंजीकरण 41,469.24 करोड़ रुपए बढ़कर 8,35,324.84 करोड़ रुपए हो गया। इस हफ्ते में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का भी पूंजीकरण 39,073.7 करोड़ रुपए बढ़कर 17,95,709.10 करोड़ रुपए हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का पूंजीकरण 29,687.09 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 4,88,808.97 करोड़ रुपए हो गया। भारती एयरटेल की पूंजी भी बीते हफ्ते 27,103.16 करोड़ रुपए बढ़कर 4,16,625.19 करोड़ रुपए हो गई। एचडीएफसी की पूंजी में पिछले सप्ताह 26,851.9 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई और उसका कुल मूल्यांकन 4,44,363.28 करोड़ रुपए हो गया।

## मौद्रिक समीक्षा में यथास्थिति कायम रखेगा रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों के मोर्चे पर यथास्थिति कायम रख सकता है। हालांकि खुदरा मुद्रास्फीति के ऊपरी संतोषजनक स्तर पार कर जाने, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से पैदा हुई अनिश्चितताओं और वृद्धि को संरक्षण और प्रोत्साहन देने की जरूरत के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के रुख में बदलाव भी हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक छह से आठ अप्रैल को होगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा आठ अप्रैल को की जाएगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अप्रैल 2022 की नीतिगत समीक्षा में एमपीसी द्वारा अपने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान में संशोधित किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा 2022-23 के लिए वृद्धि दर के अनुमानों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा, एमपीसी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए वृद्धि का त्याग नहीं करेगी। मध्यम अवधि के लिए मुद्रास्फीति का लक्ष्य छह प्रतिशत के उंचे स्तर पर है।

## गैस के दाम बढ़ने से ओएनजीसी की आय तीन अरब डॉलर, रिलायंस की 1.5 अरब डॉलर बढ़ेगीः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की इस वित्त वर्ष में सालाना आय गैस कीमतों में दोगुनी वृद्धि होने से तीन अरब डॉलर बढ़ने की उम्मीद है जबकि निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आय में 1.5 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। इसके मुताबिक तेल बाजारों में त्रिस्तरीय गिरावट (भंडार, निवेश और अतिरिक्त क्षमता) आने के साथ घरेलू गैस उत्पादन में एक दशक बाद आई तेजी से गैस कंपनियों के लिए लाभ कमाने का एक चक्र शुरू होने की स्थिति बनी है। सरकार ने एक अप्रैल से तेल उत्पादकों एवं नियमित क्षेत्रों को दी जाने वाली गैस के दाम 2.9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर रिकॉर्ड 6.10 डॉलर प्रति इकाई कर दिए हैं। रिलायंस के गहरे समुद्र में स्थित कठिन उत्खनन वाले क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए यह कीमत 62 प्रतिशत ज्यादा 9.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई हैं।

## मप्र, राजस्थान में डीजल का शतक

**नई दिल्ली।** वाहन ईंधन कीमतों में रविवार को लगभग दो सप्ताह में 11वीं बार बढ़ोतरी की गई। इससे देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर के पार हो गया है। वहीं कुछ स्थानों पर डीजल भी शतक को पार कर गया है। रविवार को पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 80-80 पैसे प्रति लीटर और बढ़ाए गए हैं। पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 102.61 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 103.41 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल का दाम 93.87 रुपए से बढ़कर 94.67 रुपए प्रति लीटर हो गया है। देशभर में स्थानीय करों की वजह से वाहन ईंधन कीमतों में अंतर होता है। यह वाहन ईंधन कीमतों में 22 मार्च से 11वीं वृद्धि है। इससे पहले करीब साढ़े चार माह तक वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए गए थे।

## टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और उषा सिलाई स्कूल की साझेदारी

**मुंबई।** टाटा पावर की सहायक टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और ग्रामीण महिलाओं को कुशल बनाने और उन्हें उद्यमी बनने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलायी जाने वाली उषा इंटरनेशनल लिमिटेड की एक पहल उषा सिलाई स्कूल के बीच एक नेक उद्देश्य से साझेदारी की गयी है। इस साझेदारी के तहतए उषा सिलाई स्कूल गांव की महिला लोगों को सिलाई मशीन्स मुहैया कराएगा और अपने एनजीओ पार्टनर सर्वोदय आश्रम के माध्यम से सिलाई का प्रशिक्षण भी देगा। जबकिए टीपीआरएमजी अपने सोलर माइक्रोग्रिड के जरिए उषा सेंटर की इलेक्ट्रिक सिलाई मशीनों को स्वच्छए किफायती और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति करेगी। इस पहल से उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों के 200 गांवों में 20 से अधिक उषा केंद्रों को लाभ होगा। इस साझेदारी का उद्घाटन कार्यक्रम 31 मार्च 22 को लखीमपुर खेरी जिले के रेवाना गांव में यूपी का पहला ग्रीन डिजिटल स्मार्ट विलेज मितौली में संपन्न हुआ।

## चालू वित्त वर्ष में 7.4 फीसदी जीडीपी वृद्धि की उम्मीदः फिक्की

भाषा। नई दिल्ली

उद्योग संगठन फिक्की ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बढ़ती हुई कीमतें वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। फिक्की की तरफ से रविवार को जारी आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला शुरू कर सकता है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक रेपो दर में 50-75 आधार अंक की वृद्धि हो सकती है। सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि आरबीआई अगले हफ्ते की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को अपरिवर्तित रखकर आर्थिक पुनरुद्धार को अपना समर्थन बरकरार रख सकता है।

## ईसीटीए को व्यापक रूप देने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समिति बनाई

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देशों ने एक उप-समिति का गठन किया है जो इसे एक पूर्ण व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) में बदलने के लिए ढाई महीने के भीतर वार्ता शुरू करेगी। अंतरिम समझौते या आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन टेहन ने दो अप्रैल को हस्ताक्षर किए थे। ईसीटीए के ब्यौरे के मुताबिक दोनों देशों ने एक वार्ताकार उप-समिति का गठन किया है जिसमें दोनों पक्षों के सरकारी प्रतिनिधि होंगे। इसके मुताबिक, इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के 75 दिन के भीतर उप-समिति इस समझौते में संशोधनों पर बातचीत शुरू करेगी ।



# डिजिटल स्तर पर करें भविष्य सुरक्षित

**पुरवा अग्रवाल कहती हैं कि पूर्व-किशोर उम्र में वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में वित्त प्रबंधन में जिम्मेदार आदतों को सीखने और अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी**

महामारी ने बच्चों के रहने और सीखने का तरीका बदल दिया है। रहने की जीवन शैली इनडोर गतिविधियों की ओर बढ़ी है और इसलिए शिक्षण भी इंनडोर हुआ है। पाठ्यक्रम हो या पाठ्येतर पाठ्यचर्या – इंटरनेट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बच्चे चीजों को जल्दी समझ लेते हैं, लेकिन जब वित्तीय साक्षरता की बात आती है, तो माता-पिता सोचते हैं कि यह बच्चों के लिए अभी उचित नहीं है। और ऐसा रवैया क्यों – क्योंकि इसका पालन करने का इतना कठिन पैटर्न है कि बच्चे को दिलचस्प नहीं लगता।

महामारी के बाद से शिक्षण पैटर्न काफी बदल गया है और वर्तमान परिदृश्य के अनुसार, ई-लर्निंग आपके बच्चे को शिक्षित रखने का एकमात्र तरीका है। हम सभी जानते हैं कि भविष्य है इंटरनेट लर्निंग – तो क्यों न वित्तीय साक्षरता सिखाई जाए। इंटरनेट बैंकिंग और पेमेंट गेटवे में तत्काल वृद्धि हुई है। बच्चे अक्सर अपने माता-पिता को ऑनलाइन लेनदेन करते हुए देखते हैं, लेकिन कई सुरक्षा, जोखिम वाले कारकों के कारण, जिनसे निपट पाना शायद एक बच्चा समझ नहीं सकता है, उन्हें स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है। लेकिन क्या होगा अगर बच्चे को ये सब एक कार्टूनिस्ट, रचनात्मक, मजेदार ढंग से सिखाया जाए?

वर्तमान पीढ़ी में माता-पिता के लिए बच्चों की परवरिश करना कोई आसान काम नहीं है! हालांकि बच्चे तकनीक-प्रेमी होते हैं, वे अपने गैजेट्स पर अधिक आदी होते हैं, और कुछ ऐसे सिद्धांतों को नहीं सीखते हैं जो उनके बेहतर भविष्य की ओर ले जाते हैं। इसलिए वित्तीय जिम्मेदारी को जल्दी सिखाने से उनके समूचे जीवन में फर्क पड़ेगा और धीरे-धीरे उनमें आवश्यक मूल्य और परिश्रम आत्मसात हो जाएंगे।

इसी मसले को मूल रूप से समझते हुए, पूर्व-किशोरों के लिए यह वित्तीय साक्षरता ऐप इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चों को यह सभी रचनात्मक पैटर्न और विषयों के साथ पसंद आएगा।

इस ऐप में मौजूद, पुरस्कार युक्त कार्य-संचालित सुविधा, इसे पूर्व-किशोरों व माता-पिता के लिए दिलचस्प बनाती है। तो यहां बच्चों को पैसे की अहमियत सिखाने के कुछ लाभ दिए गए हैं :

**बचत की बेहतर समझ**

डिजिटलबैंक एक बचत उपकरण है। लेकिन उस बचत का उपयोग कहां करना है यह एक बच्चा अपने माता-पिता से सीख सकता है। वयस्कों के लिए भी यह चुनना बहुत मुश्किल है कि पैसे को सही तरीके से कैसे खर्च किया जाए। बचपन से सीखना वित्त को समझने के कौशल में सुधार कर सकता है।



**पूर्वा अग्रवाल**
सीईओ, गुड गुड पिग्गी

**गणित में सुधार**

गणित एक ऐसा विषय है जो बहुत से बच्चों को पसंद नहीं आता है। डिजिटल मनी जैसे माध्यमों से बैंक बच्चों को गणित का आनंद लेने के साथ-साथ उनके माता-पिता द्वारा दिए गए कार्य को पूरा करके बचत भी कराते हैं। गणना से बच्चों में गणित में सुधार होगा और बदलाव को बनाए रखने की बेहतर समझ होगी।

**पैसों की अहमियत**

यह समझदारी का और सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय शिक्षाओं का कौशल है। बच्चे बस इतना समझते हैं कि पैसा कहीं से आता है – चाहे वह पॉकेट मनी के रूप में हो या पुरस्कृत मूल्य के रूप में। उन्हें इसे महत्व देना और इसे बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाना उन्हें भविष्य में अच्छे वित्तीय निर्णयकर्ता बना सकता है।

**काम है फायदेमंद**

मनी मैनेजमेंट ऐप जैसे उपकरण बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा निर्धारित कार्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें इस बारे में शिक्षित करने में मदद करता है कि पैसा कैसे कमाया जाता है और निश्चित रूप से इसे महत्व देने की बेहतर समझ है।

**माता-पिता को लाभ**

यह माता-पिता को अपने बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने और उन्हें इस तरह से पालने में मदद करता है कि भविष्य की मांग है। हम जानते हैं कि भविष्य तकनीक से संबंधित है और यहां तक कि माता-पिता भी पीढ़ीगत अंतर की भावना के बगैर कुशल व अपडेट होकर साथ चलेंगे। अपने बच्चों में ऐसी आदतें डालने से माता-पिता कई तरह से सुरक्षित महसूस करते हैं। ऐप्स डिजिटल कल्याण भी सुनिश्चित करते हैं और माता-पिता स्क्रीन समय को नियंत्रित करने व अधिक पारिवारिक समय सुनिश्चित करने के लिए ऐप पर स्क्रीन टाइम सेट कर सकते हैं। ऐसे मंच न केवल पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास के बारे में बच्चे को शिक्षित करने में सही कदम उठाते हैं बल्कि माता-पिता के लिए आवश्यक उपकरण भी देते हैं।

किशोरावस्था से पहले की वित्तीय साक्षरता इस डिजिटल युग में पैसे का प्रबंधन करते समय जिम्मेदार आदतों को सीखने व अभ्यास करने में बच्चों के लिए एक मूल्य-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगी। यह माता-पिता को भविष्य के ऐसे वयस्कों को पालने में मदद करेगा जो स्वयं की देखभाल कर सकते हैं और स्वतंत्र रूप से विकसित हो सकते हैं क्योंकि स्वतंत्रता व जिम्मेदारी सफलता की उम्मीद में महत्वपूर्ण कारक हैं। इस तरह के मंच दुनिया को बच्चों के लिए अधिक इंटरैक्टिव, मजेदार और व्यापक बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से शिक्षित करते हैं। जैसा कि भारत में वित्तीय शिक्षा की कमी है, पैसे की अहमियत को सुदृढ़ करने के बहुत कम व्यावहारिक तरीके हैं ताकि वे जीवन भर बच्चों के साथ रहें।

डिजिटल बैंक एक पारंपरिक उपकरण है जिसे ज्यादातर हर भारतीय बच्चा अपनाता है। उसी पैटर्न को डिजिटलाइजेशन में बदलने से बच्चों को सीखने और साथ ही साथ वित्तीय साधनों का आनंद लेने में मदद मिलेगी।

बच्चों को वित्तीय नियोजन के बारे में शिक्षित करने में मदद करना उनके लिए बड़े होने पर एक आशीर्वाद हो सकता है।

# हर महिला का सहयोग मायने रखता है, चाहे वो बड़ा हो या छोटा

**विभा चुग का कहना है कि हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को एक बेहतर भविष्य दें, ऐसा करने के लिए प्रत्येक महिला, विशेष रूप से वंचितों को सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है**

**वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आपको किस वजह से प्रेरित हुईं?**

महामारी के दौरान हर कोई अपने घरों में बंद था। मैं अक्सर रातों में गली के कुत्तों की भूखी चीत्कारों से जाग जाती था क्योंकि जो लोग उन्हें खिलाने वाले थे वे सड़कों से गायब हो गए थे। मैंने अपनी सोसाइटी के बाहर करीब 10 कुत्तों को खाना खिलाना शुरू किया और एक महीने के भीतर मैं करीब 200 कुत्तों को खाना खिला रही थी। उन बेजुबानों की देखभाल करने के लिए मुझे पैसे की जरूरत थी इसलिए मैंने कुछ ऐसा शुरू करने की सोच रखी, जहां मैं उनकी जरूरतों के लिए पैसे कमा सकूं। मैंने निठारी गांव में कुशल महिलाओं की तलाश शुरू कर दी, ताकि वे उस तरह के कौशलों को समझ सकें जो मौजूद थे। वे जानती थीं कि कैसे बुना जाता है। इस तरह यह सब शुरू हुआ और सखा एक पहल फाऊंडेशन का जन्म हुआ।



**विभा चुग**
निदेशक, साखा एक पहल फाउंडेशन

**महिलाओं को सशक्त बनाने के बाद आपने उनमें क्या बदलाव देखे हैं?**

बहुत। इनमें से कुछ महिलाओं ने कभी अपने घरों से बाहर कदम नहीं रखा था। जब मैं अपनी टीम को दोपहर के भोजन के लिए बाहर ले गयी, तो उन्होंने पहली बार ऐसा खाना खाया था जो घर पर नहीं बना था। लेकिन हमारे साथ जुड़े होने के कारण, हमें एक साथ आए डेढ़ साल से अधिक हो गए हैं, उनके पास बैंक खाते हैं। हो सकता है कि वे भरपूर पैसे न कमाएं, लेकिन यह उन्हें सशक्त बनाता है – कि उनका भी समाज में एक स्थान है और वे सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। हर महिला का योगदान मायने रखता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा।

**महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना कितना महत्वपूर्ण है?**

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें से कुछ महिलाओं को कभी नहीं पता था कि उनके हाथों में पैसा होने का अर्थ क्या है। मैंने उनसे कहा कि उनके छोटे बच्चे हैं। जब उन्हें स्कूल भेजने का समय होगा तो उन्हें पैसे कहां से मिलेंगे? वित्तीय स्वतंत्रता उन्हें यह स्वतंत्रता देती है कि वे अपने हिसाब से खर्च करने में सक्षम हों। यळ कुछ ऐसा था जो पहले उनके लिए अजनबी था। बरसात के दिनों में सुरक्षित रहना या अपने बच्चे की शिक्षा का भुगतान करना मुक्ति है। यह उन्हें सशक्तिकरण की भावना देती है जिसे वे कभी नहीं जानती थीं कि उनके लिए यह पाना संभव था।

**फाऊंडेशन की स्थापना के बाद आपकी यात्रा में कौन सी चुनौतियां आईं?**

फाऊंडेशन स्थापित करना कठिन नहीं था। इन महिलाओं को बुनना और क्रोचेट करना सिखाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। कुछ महिलाओं को कौशल पता था, उन्होंने दूसरों को सिखाया। मैंने वीडियो देखने में घंटों बिताए कि कैसे क्रोचेट करना है और फिर इन महिलाओं को सिखाना होगा। लेकिन यह सब इसके लायक रहा है। जब मैं इन महिलाओं को देखती हूं और उन्होंने जिस तरह की प्रगति की है, मुझे उन पर गर्व होता है।

**कितनी महिलाएं फाऊंडेशन से जुड़ी हैं? क्या और अधिक शामिल हो सकती हैं?**

हमने कुछ मुट्ठी भर महिलाओं से शुरुआत की थी। आज 75 ऐसी महिलाएं हैं जो हमारे फाऊंडेशन से जुड़ी हुई हैं। अधिक की गुंजाइश हमेशा रहती है। जैसे-जैसे हमारे उत्पादों की श्रृंखला (कुत्ते के स्वेटर, बीनियां, मफलर, लेग वार्मर, मिट्टेंस, क्रोकेट टेबल रनर, सोफा थ्रो) बढ़ती है, वैसे ही उन महिलाओं की मांग भी बढ़ जाती है जो उन्हें बना सकती हैं।

**ये महिलाएं कितना कमाती हैं?**

कुछ नए सदस्य महीने में केवल 500 कमाते हैं क्योंकि वे इतना समय नहीं दे पाते। अन्य 9,000-10,000 कमाते हैं (ये टीम लीडर हैं)। लेकिन औसतन हमारी महिलाएं 6,000-7,000 प्रति माह के बीच कमाती हैं।

**आप यहां से कहां पहुंचने वाली हैं?**

अब जब गर्मी आ गई है, तो हम अपने उत्पादों (क्रोकेट बिकनी, बंडाना) को व्यापक बनाने की योजना बना रहे हैं, जिन्हें गर्मियों में भी बेचा जा सकता है। मैं इन महिलाओं को पूरे साल काम देना चाहती हूं और सिर्फ सर्दियों के महीनों तक ही सीमित नहीं रहना चाहती। उम्मीद है, हम क्षमता दर क्षमता आगे बढ़ते जाएंगे।

# स्टार्टअप आवश्यकताओं को सुव्यवस्थापन

**निशांत बहल का कहना है कि क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचेन ने कई ऐसी विशेषताओं को सक्षम बनाया है, जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है**



डिजिटल प्रौद्योगिकी में तीव्र प्रगति ने डेटा गोपनीयता के संबंध में नई सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है। मजबूत व प्रमाणित क्रिप्टोग्राफिक कुंजी सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन द्वारा डेटा सुरक्षा की जा सकती है। वर्तमान में, निगम और सरकारें उपरोक्त चिंताओं के लिए ब्लॉकचेन पर अधिक से अधिक भरोसा कर रही हैं।

क्रिप्टोलॉजी का उपयोग करते हुए ब्लॉकचेन ने कई ऐसी सुविधाओं को सक्षम बनाया है जिन्होंने डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में योगदान दिया है। इसके अलावा, डेटा को ब्लॉक में संग्रहीत करके व उन्हें चैनों से जोड़कर प्रबंधित करने में आसानी से, छेड़छाड़ पर रोक लगाने से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में इसके अनुकूलन में वृद्धि हुई है।

**डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन कैसे योगदान देता है**–हाल के दिनों में, डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने में ब्लॉकचेन सबसे आगे रहा है। डेटा स्टोर करने के लिए ब्लॉक और चेन की प्रणाली हैकर के लिए छेड़छाड़ करना बेहद मुश्किल बना देती है। मुख्य रूप से सुरक्षा के कारण, दुनिया भर के निगमों द्वारा ब्लॉकचेन को तेजी से अपनाया गया है,- अवलंबी और आगामी दोनों स्तरों पर। दुनिया के शीर्ष 100 सार्वजनिक निगमों में से 81 ने कुशल कामकाज व सेवा तंत्र के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया है। अनुमान है कि 2021-26 के बीच इसके बाजार का आकार 68.4 प्रतिशत की सीएजीआर से 67.4 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

**सत्यापन और एन्क्रिप्शन**–फेसबुक (मेटा) की सबसे प्रसिद्ध डेटा-लीक गाथा ने बड़े पैमाने पर सुरक्षा चिंताएं पैदा की थी। हालांकि, ब्लॉकचेन ऐसी चिंताओं को कुशलता से संबोधित करता है। यह अंतर्निहित सुरक्षित गुणों वाली डेटा -संरचना के कारण एन्क्रिप्ट किया गया है। जो कुशल और उचित सत्यापन में योगदान देता है। जब भी कोई विशिष्ट मानदंड पूरा होता है तो किसी विशेष सत्यापन के होने का आश्वासन देने के लिए इस तकनीक के साथ स्मार्ट अनुबंधों का उपयोग किया जा सकता है।

**सुरक्षित व प्रतिरोधी**–महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित करने की क्षमता के साथ, ब्लॉकचेन धोखाधड़ी व अवैध धोखाधड़ी को रोकता है। यह एक एंड-टू-एंड सुरक्षित नेटवर्क सुनिश्चित करता है जिसे बदला नहीं जा सकता, जो हैक करना मुश्किल बना रहा है। यह डेटा को एन्कोड करता है और गोपनीयता के मुद्दों से निपटने के लिए पहुंच को सीमित करता है ताकि कोई भी संग्रहीत डेटा को पढ़ या बदल न सके। इसलिए, डेटा अपरिवर्तनीयता इस तकनीक की मूलभूत विशेषताओं में से एक है जो नए किस्म की सुरक्षा प्रदान करती है।



**निशांत बहल,**
फाउंडर, एक्पैंड माय बिजनेस

**पता लगाने की क्षमता**–एक परिसंपत्ति के भ्रमण के प्रत्येक चरण में ब्लॉकचेन द्वारा एक पेपर ट्रेल सत्यापन किया जाता है। यह धोखाधड़ी और जालसाजी से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादों के आसान सत्यापन को सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों के साथ प्रामाणिक डेटा विनिमय की अनुमति देता है। डेटा का पता लगाने की क्षमता संगठन या प्रक्रियाओं के कामकाज में किसी भी प्रकार की खामियों का भी खुलासा कर सकती है।

ब्लॉकचैन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण प्रगतियों में से एक है। अनुमान लगाया गया है कि दुनिया 2024 तक 20 बिलियन डालर तक पहुंचने के लिए ब्लॉकचेन समाधान व वैश्विक ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी बाजार की राजस्व क्षमता पर 11.7 बिलियन डालर खर्च करेगी। इसके अतिरिक्त, यह स्टार्टअप हैं जिन्हें प्रभावी ढंग से पेश किया गया है और जिन्होंने जनता के बीच तकनीक के अनुकूलन में नेतृत्व किया है।

**स्टार्टअप के लिए ब्लॉकचेन को व्यवस्थित करने की आवश्यकताएं**–तकनीक उन्नत दुनिया में ब्लॉकचेन की विशाल क्षमता है। उपभोक्ताओं को प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में स्टार्टअप द्वारा इस क्षमता का लाभ उठाया जा रहा है। इसके अलावा, पिछले साल, ब्लॉकचैन-आधारित स्टार्टअप ने फंडिंग में 4.4 बिलियन डॉलर जुटाए, जो इन प्रमुख मापदंडों के कारण आने वाले समय में तेजी से बढ़ना लाजिमी है।

**सुरक्षा में सुधार** –ब्लॉकचेन तकनीक में उपयोग की जाने वाली विकेन्द्रीकृत संरचना बहुत मूल्यवान साबित हुई है। एक वितरित खाता प्रणाली के माध्यम से प्रदान की जाने वाली उच्च स्तर की सुरक्षा एक सुरक्षित व संरक्षित डेटा वेब स्थापित करने में सुविधाजनक है। यह संग्रहीत डेटा के साथ हस्तक्षेप करना और छेड़छाड़ करना असंभव बना देता है। वित्तीय स्टार्टअप जैसे वजीरक्स, कॉइनडीसीएक्स, बिटपे आदि सुरक्षित लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग कर रहे हैं।

**गति और दक्षता बढ़ाता है**–व्यापार से संबंधित पारंपरिक व भारी कागज-आधारित कार्यों को ब्लॉकचेन की मदद से सुव्यवस्थित व स्वचालित किया जा सकता है, और लेनदेन तेजी से व अधिक कुशलता से किया जा सकता है। जो एकल डिजिटल लेजर रिकॉर्ड रखने तथा उन्हें अन्य पार्टियों के साथ साझा करने के लिए जिम्मेदार है। इस प्रकार, समाशोधन और निपटान एक ही बार में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, अमेजॅन वेब सेवाएं – एडब्ल्यूएस।

**पारदर्शिता बढ़ाता है**–ब्लॉकचेन तकनीक ने व्यवसायों में अधिक पारदर्शिता की पेशकश की है। प्रौद्योगिकी के विकेन्द्रीकृत ढांचे के कारण सभी नेटवर्क सहभागी समान दस्तावेज साझा करते हैं। सार्वजनिक सत्यापन की संपत्ति सभी हितधारकों के बीच वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता व सटीकता को बढ़ाती है। वॉलमार्ट की सप्लाई चैन तथा खुदरा संचालन में अमेजोन पारदर्शी सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन पर आधारित है।

# शैक्षणिक प्रतिमान को बदलने वाली है केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा

**सभी विश्वविद्यालयों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा एक स्वागत योग्य कदम प्रतीत होता है। एमके यादव कहते हैं कि यह पाठ्यक्रम को रटने के बजाय वैचारिक समझ, महत्वपूर्ण सोच, व्यापक कौशल व निर्णयकारी क्षमता पर अधिक ध्यान केंद्रित करके पारंपरिक शैक्षणिक प्रतिमान को बदलता है।**

**सीयूईटी,** जिसे पहले सीयूसीईटी के रूप में जाना जाता है, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा है, जो शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य है। परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में होने की संभावना है और सीयूईटी के लिए आवेदन विंडो 2 अप्रैल से शुरू होगी और 30 अप्रैल 2022 तक खुली रहेगी। स्नातक स्तर पर सामान्य प्रवेश परीक्षा होने का विचार रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों में महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गयी पैरोकारी के तहत, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) नई अवधारणा नहीं है। इसे पहली बार 2010 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एकीकृत पाठ्यक्रमों में 1,500 सीटों के लिए 7 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2021-22 तक, 12 केंद्रीय विश्वविद्यालय, जैसे उदाहरण स्वरूप, असम विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय, केरल विश्वविद्यालय, हरियाणा विश्वविद्यालय, पहले से ही सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लेते थे। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी के लिए परीक्षा आयोजित करने वाला प्राधिकरण है।



**एमके यादव,**
सीएमडी, एआई टेस्टीफाइड

सीयूईटी में, बोर्ड अंक बड़ी भूमिका नहीं निभाने वाला है और प्रवेश का कोई मानदंड नहीं है, हालांकि विश्वविद्यालय प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। उदाहरण के लिए- कोई विश्वविद्यालय अपने विश्वविद्यालय में प्रवेश मानदंड के रूप में 12वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक रख सकता है। परीक्षा को दो तीन खंडों में विभाजित किया गया है- पहला भाषा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और दूसरा उस विशिष्ट विषय क्षेत्र पर हो सकता है, जिसके लिए छात्र प्रवेश मांग रहे हैं और अंतिम खंउ सामान्य क्षमता पर आधारित है। भाषा अनुभाग को फिर खंडों में विभाजित किया गया है- 1ए- जिसमें 13 भाषा का पेपर है और खंड 1बी- में 19 भाषा का पेपर है। यदि कोई छात्र विशिष्ट भाषा में स्नातक करने का लक्ष्य रखता है, तो उसे भाषा के पेपर फॉर्म 1बी का चयन करना होगा। छात्र सेक्शन 1ए और 1बी से एक साथ अधिकतम तीन भाषाओं का चयन कर सकता है। डोमेन विशिष्ट अनुभाग में 27 विषय हैं और छात्र अधिकतम 6 विषयों का चयन कर सकता है। यदि डोमेन विशिष्ट सूची में किसी विषय का उल्लेख नहीं है, तो छात्र उस विषय का चयन कर सकता है, जो डोमेन सूची से बहुत निकट से संबंधित है। उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र जैव प्रौद्योगिकी में प्रवेश चाहता है, तो वह जीव विज्ञान को एक विषय के रूप में चुन सकता है।

डोमेन विशिष्ट प्रश्न एनसीईआरटी से होंगे। सामान्य परीक्षा में सामान्य ज्ञान जैसे करंट अफेयर्स, सामान्य मानसिक क्षमता, मात्रात्मक रीजनिंग व तार्किक और विश्लेषणात्मक रीजनिंग जैसे क्षेत्रों से प्रश्न होंगे। इसके अलावा, प्रत्येक अनुभाग से विकल्प चुनना अनिवार्य नहीं है और विकल्प वांछित विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। छात्रों को उन्हीं भाषा व विषयों का चयन करने की सलाह दी जाती है, जो उन्होंने कक्षा 12वीं बोर्ड में पढ़े हैं, हालांकि यदि कोई विश्वविद्यालय इस संबंध में किसी भी छूट की अनुमति देता है, तो सीयूईटी के तहत इसका प्रयोग किया जाएगा। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट को अक्सर देखते रहें, जिसमें वे प्रवेश के लिए आवेदन करेंगे। समस्त विश्वविद्यालयों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा लगातार बढ़ती कट-ऑफ (जैसे डीयू) पर रोक लगाएगी और रटंत शिक्षण के बजाय छात्रों की महत्वपूर्ण चिंतन क्षमता को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। यह विभिन्न बोर्डों के छात्रों पर समान पायदान पर भी विचार करेगी, चूंकि 12वीं के अंक देने में विभिन्न बोर्डों में एकरूपता का पालन नहीं किया जाता है, इसलिए हमेशा 12वीं के अंकों के आधार पर एक तरह का भेदभाव होता है और यह प्रवेश पाने वाले छात्रों को समान अवसर प्रदान नहीं करता है। सभी प्रतिष्ठित कॉलेजों में। सीयूसीईटी विभिन्न कठिनाई स्तरों वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षाओं को समाप्त करके प्रवेश को अधिक सुव्यवस्थित व छात्र-अनुकूल बनाने हेतु एकल-खिड़की मंच भी प्रदान करेगा।

# हीली का कमाल, आस्ट्रेलिया फिर चैंपियन

● सातवी बार बना महिला वनडे विश्व विजेता

● इंग्लैंड को 71 रन से करारी शिकस्त दी

**भाषा** । क्राइस्टचर्च




**बेहतरीन फॉर्म में** चल रही एलिसा हीली की बड़ी शतकीय पारी से आस्ट्रेलिया ने नैट साइवर के आकर्षक सैकड़े के बावजूद रविवार को यहां फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 71 रन से करारी शिकस्त देकर रिकार्ड सातवीं बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता। हीली ने 41 रन के निजी योग पर मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 138 गेंदों पर 26 चौकों की मदद से 170 रन बनाए।

उन्होंने अपनी सलामी जोड़ीदार राचेल हेन्स (93 गेंदों पर 68) के साथ पहले विके ट के लिए 160 रन और बेथ मूनी (47 गेंदों पर 62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी की जिससे आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर पांच विकेट पर 356 रन का विशाल स्कोर बनाया। पिछले चैंपियन इंग्लैंड की तरफ से साइवर ने 121 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 148 रन की आकर्षक पारी खेली लेकिन उनके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच पाई और आखिर में उसकी पूरी टीम 43.4 ओवर में 285 रन पर आउट हो गई। आस्ट्रेलिया की तरफ से लेग स्पिनर एलना किंग ने 64 रन देकर तीन जबकि बाएं हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 57 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज मेगान शट ने 42 रन देकर दो विकेट हासिल किए। आस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहकर खिताब जीता। इससे पहले उसने 1978, 1982, 1988, 1997, 2005 और 2013 में खिताब जीता था। वह 2017 में सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इंग्लैंड चार बार का चैंपियन है। हीली ने पुरुष एवं महिला विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकार्ड भी बनाया। उनके बाद एडम गिलक्रिस्ट (149, विश्व कप 2007), रिकी पोंटिंग (140, विश्व कप 2003) और विव रिचर्ड्स (138, विश्व कप 1979) का नंबर आता है। हीली की धांसू पारी के बाद मेगान शट ने इंग्लैंड की दोनों सलामी बल्लेबाजों को सात ओवर के अंदर पवेलियन भेजकर आस्ट्रेलिया को गेंदबाजी में भी अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने डैनी वायट (चार) को इनस्विंगर पर बोल्ड करने के बाद टैमी ब्यूमोंट (27) को पगबाधा आउट किया। अब कप्तान हीथर नाइट (24) पर बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन जब वह साइवर के साथ पारी संवारने की कोशिश कर रही थी तब लेग स्पिनर किंग ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। नई बल्लेबाज एमी जोन्स (20) पर भी बड़े स्कोर का दबाव था। उन्होंने जोनासेन की गेंद पर मिड ऑफ पर कैच दिया। साइवर ने एक छोर से रन बनाने का जिम्मा उठाए रखा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। किंग ने सोफिया डंकले (23) को बोल्ड करके उन्हें भी साइवर के साथ बड़ी साझेदारी नहीं निभाने दी। उन्होंने नई बल्लेबाज कैथरीन ब्रंट (एक) को आते ही पवेलियन का रास्ता दिखाया। जब एक छोर से विकेट निकल रहे थे तब साइवर ने 90 गेंदों पर पांचवां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक होकर बल्लेबाजी करने लगी। उन्होंने जल्द ही अपने करियर का पिछला सर्वोच्च स्कोर (137) पार करके आस्ट्रेलियाई खेमे में खलबली मचा दी। चार्ली डीन (21) ने उनका कुछ देर तक साथ दिया लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलने के कारण साइवर इंग्लैंड को चमत्कारिक परिणाम नहीं दिला सकी। उन्होंने डीन के साथ नौवें विकेट के लिए 65 रन जोड़े जो इंग्लैंड की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। इससे पहले आस्ट्रेलियाई पारी हीली के इर्द गिर्द घूमती रही जिनका हेन्स और मूनी ने उनका अच्छा साथ दिया। इससे आस्ट्रेलिया महिला विश्व कप फाइनल में सर्वाधिक स्कोर का रिकार्ड बनाने में सफल रहा। यह पुरुष और महिला विश्व कप फाइनल में दूसरा बड़ा स्कोर है। आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने विश्व कप 2003 के फाइनल में भारत के खिलाफ दो विकेट पर 359 रन बनाए थे। मूनी को दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने के लिए कप्तान मेग लैनिंग से ऊपर भेजा गया था। हेगले ओवल के खचाखच भरे स्टेडियम में हीली ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और नॉकआउट चरण में अपना लगातार दूसरा शतक जमाया।

### स्कोरबोर्ड

आस्ट्रेलिया : हीली स्टं जोन्स बो श्रुबसोले 170,हेन्स का ब्यूमोंट बो एक्लेस्टोन 68 ,मूनी का साइवर बोल्ड श्रुबसोले 62, गार्डनर रन आउट 01,लैनिंग का ब्यूमोंट बो श्रुबसोले 10, मैकग्रा नाबाद 08, पेरी नाबाद 17,अतिरिक्त: (बाई 04, लेग बाई 02, वाइड 14) 20,कुल (50 ओवर मे पांच विकेट पर) 356 ,विकेट पतन: I-160, 2-316, 3-318, 4-331, 5-331 ,गेंदबाजी: कैथरीन ब्रंट 10-0-69 -0, अन्या श्रुबसोले 10 -0-46-3, नेट साइवर 8-0-65-0, चार्ली डीन 4-0 -34-0, सोफी एक्लेस्टोन 10-0-71-I, केट क्रॉस 8-0-65-0

इंग्लैंड : ब्यूमोंट पगबाधा बो मेगान शट 27, वायट बो मेगान शट 04,नाइट पगबाधा बो एलना किंग 24, साइवर नाबाद 148,जोन्स का किंग बो जोनासेन 20 , डंकले बो एलना किंग 23, ब्रंट स्टं हीली बो एलना किंग 01,एक्लेस्टोन पगबाधा बो ताहिला मैकग्रा 03,क्रास का एवं बो जोनासेन 02,डीन का जोनासेन बो गार्डनर 21, श्रबसोले का गार्डनर बो जोनासेन 01, अतिरिक्त (लेग बाई 04, वाइड 06) 10,कुल (43.4 ओवर में, सभी आउट) 285,विकेट पतन : I-12, 2-38, 3-86, 4-129, 5-179, 6-191, 7-206, 8-213, 9-278,गेंदबाजी : मेगान शट 8-0-42-2, डार्सी ब्राउन 7-0-57-0, एलना किंग 10-0-64-3, ताहिला मैकग्रा 8-0-46-I, जेस जोनासेन 8.4-0-57 -3, एशले गार्डनर 2-0 -15-I

## इससे बेहतर प्रदर्शन के बारे में सोचा नही था : हीली

**भाषा** । क्राइस्टचर्च

**महिला विश्व कप** क्रिकेट के फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ 170 रन की पारी के साथ टीम को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस तरह का प्रदर्शन करेगी और टीम इतना प्रभावशाली जीत दर्ज करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 71 रन से करारी शिकस्त देकर रिकार्ड सातवीं बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता। टीम ने हीली की 138 गेंदों पर 26 चौकों की मदद से 170 रन के दम पर पांच विकेट पर 356 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 43.4 ओवर में 285 रन पर आउट कर दिया। हीली ने कहा, मैंने अपने बेहतरीन सपनों में कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कुछ करूंगी, इसलिए बहुत अच्छा लग रहा है।



उन्होंने कहा कि वह महज 32 साल की है और उन्होंने इस उम्र में वह सब कुछ हासिल कर लिया है जो बहुत कम लोगो के नसीब नहीं होता। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी हीली ने कहा, मैं 32 साल की हूं और मैंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हमारी टीम का लक्ष्य ऐसे टूर्नामेंटों को जीतना होता है और हर खिलाड़ी की यही कोशिश थी। मैं इस मौके के लिए शुक्रगुजार हूं। हीली ने पुरुष एवं महिला विश्व कप के फाइनल में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उनके बाद एडम गिलक्रिस्ट (149, विश्व कप 2007), रिकी पोंटिंग (140, विश्व कप 2003) और विव रिचर्ड्स (138, विश्व कप 1979) का नंबर आता है। उन्होंने कहा, आप इससे बेहतर किसी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते। मुझे टीम की बल्लेबाजी इकाई पर गर्व है, हमने टूर्नामेंट के दौरान कुछ शानदार प्रदर्शन किए। अपनी ऐतिहासिक पारी के दौरान हीली विश्व कप के एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी भी बनीं। उन्होंने न्यूजीलैंड की महान डेबी हॉकले के 25 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा और टूर्नामेंट के एक सत्र में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बनीं। हॉकले ने 1997 में भारत में हुए विश्व कप में 456 रन बनाए थे।

## राष्ट्रमंडल और एशियाई से पहले पहलवानों के लिए साइ लगेगा शिविर

**नई दिल्ली**। ओलंपिक पदक विजेता रवि कुमार दहिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक उन शीर्ष पहलवानों मे शामिल है जो इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सोनीपत और लखनऊ केंद्रों मे तीन महीने के अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह शिविर एक अप्रैल से शुरू हो गया है और यह 30 जून तक चलेगा। इसमे कुल 124 पहलवान (फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन), 23 कोच और सहयोगी स्टाफ हिस्सा लेंगे। साइ के बयान के अनुसार सोनीपत में 75 पुरुष पहलवान शिविर में भाग लेंगे जबकि 49 महिला पहलवान लखनऊ में अभ्यास करेंगे।

## ओलिंपिक में क्रिकेट को ले जाने का मकसद इसे वैश्विक पहचान दिलाना

**मेलबर्न**। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने रविवार को कहा कि ओलंपिक मे क्रिकेट को शामिल करने के लिए आईसीसी की कोशिश का मकसद पैसा कमाना नही है बल्कि इस खेल की वैश्विक पहुंच बनाने के लिए इसे ऐसे देशो मे ले जाने का है जहां यह लोकप्रिय नही है। बर्मिंघम मे 2022 के राष्ट्रमंडल खेलो मे महिला टी 20 क्रिकेट की शुरुआत के बाद आईसीसी ने इस खेल को ओलंपिक मे शामिल करने के लिए प्रयास कर रहा है। कुआलालंपुर मे 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की क्रिकेट प्रतियोगिता पहले ही हो चुकी है।

## लवनीत सिसोदिया की जगह आरसीबी से जुड़े रजत पाटीदार

**मुंबई**। मध्य प्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए सत्र के लिए चोटिल लवनीत सिसोदिया की जगह टीम मे शामिल किया। आरसीबी ने रविवार को यह जानकारी दी। पाटीदार पहले भी चार बार आरसीबी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर चुके है, वह 31 टी20 मे 138.64 के स्ट्राइक रेट से सात अर्धशतको की मदद से 861 रन बना चुके है। इंदौर के 28 साल के इस खिलाड़ी ने 39 प्रथम श्रेणी मैचो मे 2588 रन बनाए है। वह आरसीबी से 20 लाख रुपए में जुड़ेंगे।

## कीनिया की जेपटम ने पेरिस मैराथन में महिलाओं का रिकॉर्ड तोड़ा

**पेरिस**। कीनिया की ज्यूदिथ जेपटम ने रविवार को यहां पेरिस मैराथन मे रिकॉर्ड तोड़ा जबकिइथियोपिया केदेसो जेलमिसा ने पुरुष रेस जीती। जेपटम ने दो डिग्री सेल्सियस के ठंडे हालात मे 42.2 किलोमीर (26.2 मील) की रेस दो घंटे 19 मिनट और 48 सेकेंड मे पूरी की और अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होने साथ ही कीनिया की पुरिटो रियोनोरिपो का 2017 मे बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ा जो दो घंटे 20 मिनट 55 सेकेंड का था। इथियोपिया की फांतू जिम्मा दूसरे और जेपटम की हमवतन बेसू साडो तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों की मैराथन मे जेलमिसा ने हमवतन और 2021 शिकागो मैराथन के विजेता सेफू टूरा को पीछे छोड़ते हुए दो घंटे पांच मिनट और सात सेकेंड मे रेस पूरी की।

# चेन्नई की लगातार तीसरी हार

● पंजाब किंग्स ने 54 रनों से हराया

**भाषा** । मुंबई

**पंजाब किंग्स** ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 54 रन से हराया। चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार तीसरी हार है। इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन (60) के अर्धशतक और उनकी शिखर धवन (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 95 रन की भागीदारी से पंजाब किंग्स शुरूआती झटकों से उबरने के बावजूद रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आठ विकेट पर 180 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स की वापसी में लिविंगस्टोन (पांच चौके और इतने ही छक्के) की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही जिससे टीम ने पावरप्ले में दो विकेट पर 72 रन बना लिए थे।


लिविंगस्टोन

पंजाब किंग्स की टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद शुरूआत काफी खराब हुई। उसने पारी की दूसरी ही गेंद पर अपने कप्तान और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का विकेट गंवा दिया जो मुकेश चौधरी की पहली गेंद को चौके के लिए भेजने के बाद उनकी बाहर जाती गेंद पर बल्ला छुआकर कवर में खड़े रॉबिन उथप्पा को आसान कैच दे बैठे। टीम अभी इस झटके से उबर भी नहीं सकी थी कि भानुका राजपक्षे (09) रन आउट हो गए जिसमें सीएसके के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी की चपलता देखने लायक थी। राजपक्षे ने आउट होने से पहले क्रिस जोर्डन (23 रन देकर दो विकेट) की गेंद को फाइन लेग पर छक्के के लिए भेजा था। धवन (चार चौके और एक छक्का) और लिविंगस्टोन ने पहले संभलकर बल्लेबाजी की। फिर पांचवें ओवर में तो लिविंगस्टोन ने कमाल कर मुकेश चौधरी (52 रन देकर एक विकेट) की गेंदों को धुनते हुए दो छक्के और तीन चौके जड़ दिए। उनके दूसरे छक्के से पहले ही टीम ने 4.5 ओवर में 50 रन पूरे कर लिए थे। इस ओवर में 26 रन जुड़े। लिविंगस्टोन से प्रेरित होकर धवन ने भी हाथ खोलते हुए अगले ओवर में ड्वेन ब्रावो (तीन ओवर में 32 रन देकर एक विकेट) पर लांग ऑन में छक्का लगाने के बाद अगली गेंद को कवर पर चौके लिए भेजा। उन्होंने इस ओवर का समापन भी फाइनल लेग पर चौका लगाकर किया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स** : मयंक का उथप्पा बो मुकेश चौधरी 04, धवन का जडेजा बो ब्रावो 33,राजपक्षे रन आउट 09, लिविंगस्टोन का रायुडू बो जडेजा 60, शर्मा का उथप्पा बो प्रिटोरियस 26,शाहरूख का प्रिटोरियस बो जोर्डन 06,स्मिथ का ब्रावो बो जोर्डन 03,रबाडा नाबाद 12,चाहर का ब्रावो बो प्रिटोरियस 12,अरोड़ नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 14,**कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 180 रन,**विकेट पतन** :I-4, 2-14, 3-109, 4-115, 5-146, 6-151, 7-161, 8-176,**गेंदबाजी** : मुकेश चौधरी 4-0-52-I, जोर्डन 4-0-23-2,ब्रावो 3-0-32-I,जडेजा 4-0-34-I, प्रिटोरियस 4-0-30-2,अली I-0-8-0

# कोच के रूप में शानदार भूमिका निभाएंगे द्रविड़

**भाषा** । कोलकाता





**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि उनके पूर्व साथी राहुल द्रविड़ में भारतीय कोच के रूप में सफल होने के लिए सभी गुण मौजूद हैं। गांगुली को लगता है कि द्रविड़ में प्रखरता, सतर्कता और पेशेवरपन जैसे गुण हैं जिससे उन्होंने भारतीय कोच के रूप में सफल होना चाहिए। भारत के पूर्व कप्तान ने शनिवार को यहां एक प्रचार कार्यक्रम से इतर कहा, वह (द्रविड़) अपने खेल के दिनों की तरह ही प्रखर, सतर्क और पेशेवर हैं। अंतर केवल इतना है कि अब उन्हें भारत के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने की ज़रूरत नहीं है, जिसमें उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करना पड़ा था और उन्होंने लंबे समय तक अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, कोच के रूप में भी वह शानदार भूमिका निभाएंगे क्योंकि वह निष्ठावान हैं और उनके पास कौशल है। बीसीसीआई प्रमुख होने के कारण द्रविड़ को भारतीय कोच नियुक्त करने में गांगुली की भूमिका अहम रही। उन्होंने रवि शास्त्री की जगह ली है। गांगुली ने कहा, प्रत्एक की तरह वह भी गलतियां करेंगे, लेकिन जब तक आप सही काम करने की कोशिश करते हैं, तब तक आप दूसरों की तुलना में अधिक सफलता हासिल करेंगे। गांगुली ने हालांकि द्रविड़ की तुलना उनके पूर्ववर्ती शास्त्री से करने से इनकार कर दिया। गांगुली ने कहा, उनका व्यक्तित्व अलग है। एक हमेशा चर्चा में रहता है जो उसका मजबूत पक्ष है जबकि दूसरा सर्वकालिक महान खिलाड़ी होने के बावजूद चुपचाप काम करेगा। दो व्यक्ति एक ही तरह से सफल नहीं हो सकते हैं।

## भारत की मीनाक्षी करीबी हार के बाद थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी से बाहर

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत की** मीनाक्षी रविवार को फुकेत में महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में स्थानीय मुक्केबाज जुतामास जितपोंग से पहले दौर की हार के बाद थाईलैंड ओपन से बाहर हो गई। इस करीबी मुकाबले में मीनाक्षी को को खंडित फैसले से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के पहले दौर में, दोनों मुक्केबाजों ने दूर से खेलना बेहतर स मझा लेकिन दूसरे दौर में दोनों ने एक दूसरे को कई पंच लगाए। अंतिम दौर में दोनों मुक्केबाजों के बीच करीबी मुकाबला देखने को मिला जहां मीनाक्षी ने कुछ स्पष्ट घूंसे मारे लेकिन यह उन्हें जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था। प्रतियोगिता में सोमवार को पांच महिलाओं सहित छह भारतीय मुक्केबाज चुनौती पेश करेंगे। महिला वर्ग में मोनिका (48 किग्रा) , रेणु (54 किग्रा) , 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा (57 किग्रा), मोनिका (63 किग्रा) और भाग्यवती कचारी (75 किग्रा) रिंग में उतरेंगी।

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बढ़त हासिल की

**डरबन**। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां चाय से पहले के सत्र में 32 रन के अंदर दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट चटकाकर वापसी की। पहली वारी में 69 रन की बढ़त लेने वाले दक्षिण अफ्रीका ने चाय के विश्राम के लिए खेल रोके जाते समय पांच विकेट पर 157 रन बना लिए। उस समय पदार्पण कर रहे रकेलटन 18 और वियान मुल्डर छह रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने दिन की शुरूआत दूसरी पारी में बिना नुकसान के छह रने की थी। इबादत ने एरवी (आठ रन) को पवेलियन भेज टीम को पहली सफलता दिलाई लेकिन इसके बाद कप्तान एल्गर और कीगन (36) ने बल्लेबाजी करते हुए लंच तक स्कोर एक विकेट पर 105 रन कर दिया।

# बल्लेबाजों के दम पर हैदराबाद पर हावी होने की कोशिश करेगा लखनऊ

**भाषा** । नवी मुंबई

**मौजूदा** चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत से अपना अभियान पटरी पर लाने वाला लखनऊ सुपर जायंट्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी के दम पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को यहां होने वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर हावी होने की कोशिश करेगा। आईपीएल की नई टीम लखनऊअपने पहले मैच में पदार्पण करने वाली एक अन्य टीम गुजरात टाइटन्स से हार गई थी लेकिन बड़े स्कोरे वाले दूसरे मैच में वह चेन्नई को हराने में सफल रही जिससे निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा होगा। कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक के रूप में लखनऊके पास मजबूत सलामी जोड़ी है जिन्होंने चेन्नई के खिलाफ पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की थी। वेस्टइंडीज के इविन लुईस ने 23 गेंदों पर 55 रन बनाए जिससे लखनऊने 211 रन का लक्ष्य हासिल करके चेन्नई को हराया था। उसके पास मध्यक्रम में दीपक हुड्डा के रूप में विश्वसनीय बल्लेबाज है। युवा आयुष बडोनी ने छक्के मारने की अपनी क्षमता से इस आईपीएल में अभी तक अपनी छाप छोड़ी है और वह अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। लखनऊ के पास क्रुणाल पंड्या और जैसन होल्डर जैसे बेहतरीन आलराउंडर है लेकिन टीम के लिए मनीष पांडे की फॉर्म चिंता का विषय है। गेंदबाजी में लखनऊ का दारोमदार अवेश खान, श्रीलंका के दुशमंत चमीरा, एंड्र्यू टाइ और रवि बिश्नोई पर टिका हुआ है।

# मनप्रीत और हरमनप्रीत के दो-दो गोल भारत ने इंग्लैंड को 4-3 से हराया

**भाषा** । भुवनेश्वर

● एफआईएच प्रो लीग

**ओलंपिक कांस्य** पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के दो दो गोल की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के डबल हेडर मुकाबले के दूसरे मैच में इंग्लैंड पर 4-3 से जीत दर्ज की। मनप्रीत (15वें और 26वें मिनट) और हरमनप्रीत (26वें और 43वें मिनट) ने दो दो गोल कर भारत को तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की। इंग्लैंड के लिए लियाम सैनफोर्ड (सातवें), डेविड कोंडन (39वें) और सैम वार्ड (44वें मिनट) ने गोल दागे। मैच के दौरान इंग्लैंड का गेंद पर दबदबा ज्यादा रहा लेकिन जीत की हकदार भारतीय टीम बनी। भारत ने मैच में आठ पेनल्टी कॉर्नर में से चार को गोल में बदला जबकि इंग्लैंड ने छह शार्ट कॉर्नर में से तीन पर गोल किए। गेंद से कम दबदबे के बावजूद भारत का सर्कल के अंदर दबदबा अधिक रहा। मेजबान टीम ने इंग्लैंड के सर्कल में 24 बार सेंध लगाई जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम ऐसा 17 बार ही कर पाई। गोल पर शॉट लगाने के मामले में भारतीय टीम बेहतर रही जिसमें उन्होंने प्रतिद्वंद्वी गोल में 10 बार निशाना लगाया जबकि इंग्लैंड ने घरेलू टीम के गोल में केवल पांच शॉट लगाए। शुरूआती गोल गंवाने के बाद भारत ने जल्द ही वापसी की और मनप्रीत के जरिए पहले क्वार्टर के अंत में बराबरी हासिल की। हरप्रीत और मनप्रीत ने फिर 26वें मिनट में लगातार गोल कर टीम को 3-। से आगे कर दिया। भारतीयों ने फिर छोर बदलने के बाद दबाव भरी हॉकी खेलना जारी रखा लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इंग्लैंड ने 39वें मिनट में कोंडन के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से अंतर कम किया। लेकिन हरमनप्रीत ने नीची ड्रैगफ्लिक से अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त 4-2 कर दी। एक मिनट बाद इंग्लैंड ने वार्ड के जरिए गोल अंतर कम किया।

# ओसाका मियामी फाइनल में हारी

● नंबर एक रैंकिंग पर पहुंची स्वियातेक

**भाषा** । मियामी



**इगा स्वियातेक** ने वर्ष 2022 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मियामी ओपन के फाइनल में नाओमी ओसाका को 6-4, 6-0 से हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता और अपने विजय अभियान को 17 मैच तक पहुंचाया। स्वियातेक सोमवार को जारी होने वाली महिला रैंकिंग में ऐश बार्टी की जगह शीर्ष पर काबिज हो जाएगी। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बार्टी ने पिछले महीने संन्यास ले लिया था ।पोलैंड की स्वियातेक ने पहले सेट में ओसाका की सर्विस तोड़कर 3-2 की बढ़त बनाई तथा 52 मिनट में यह सेट अपने नाम किया ।ओसाका ने पहले सेट में चुनौती पेश की लेकिन दूसरा सेट पूरी तरह से भिन्न था जिसमें स्वियातेक का दबदबा रहा। उन्होंने लगातार नौवें मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। स्वियातेक का यह वर्ष 2022 में तीसरा खिताब है। वह फ्रेंच ओपन 2020 से लेकर अब तक छह बार फाइनल में पहुंची और सभी में जीत दर्ज करने में सफल रही।

## मिथुन ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 के फाइनल में

**ओरलियंस (फ्रांस)**। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मिथुन मंजूनाथ ने रविवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर पहली बार सुपर 100 फाइनल में प्रवेश किया। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के 23 साल के मंजूनाथ ने शनिवार की रात 47 मिनट तक चले मुकाबले में एडिनाटा को 21-18 21-14 से पराजित किया। दुनिया के 79वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ का सामना अब फाइनल में चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी टोमा जूनियर पोपोव से होगा जिनकी रैंकिंग 32 है। मंजूनाथ ने इस साल सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 के सेमीफाइनल में और ओडिशा सुपर 100 के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

# भारतीय महिला टीम क्वार्टर फाइनल में

● जूनियर हॉकी विश्व कप : जर्मनी को हराया

**भाषा** । पोटचेपस्ट्रूम



**भारतीय महिला** हॉकी टीम ने एफआईएच जूनियर विश्व कप के पूल चरण के मुकाबले में रविवार को यहां जर्मनी को 2-। से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शनिवार को ग्रुप डी के अपने शुरूआती मैच में वेल्स को 5-। से मात देने वाली भारतीय टीम ने इस मैच में जर्मनी को हराकर उलटफेर किया। टीम के लिए लालरेम्सियामी (दूसरे मिनट) और मुमताज खान (25 वें) ने पेनल्टी कार्नर को गोल में रूपांतरण के माध्यम से विजेता बनकर उभरे। जर्मनी की ओर से एकमात्र गोल जूल ब्लेयूल ने 57वें मिनट में किया। भारतीय टीम आठ अप्रैल से शुरू होने वाले क्वार्टर फाइनल चरण से पहले पांच अप्रैल को मलेशिया के खिलाफ पूल चरण के आखिरी मुकाबले में भिड़ेगी। भारतीय टीम इस समय पूल डी में दो मैचों में दो जीत के साथ शीर्ष पर है जबकि जर्मनी की टीम इस तालिका में दूसरे स्थान पर है। हर पूल से दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। जर्मनी के खिलाफ भारतीय टीम को दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला। दीपिका की ड्रैग फ्लिक को जर्मनी की गोलकीपर माली विचमैन ने बचा लिया लेकिन लालरेम्सियामी ने रिबाउंड पर गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जर्मनी ने भारतीय रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाकर कई पेनल्टी कार्नर हासिल किए लेकिन वे गोलकीपर बीचू देवी करिबाम की मुस्तैदी को नहीं भेद पाए। उन्होंने दूसरे क्वार्टर में जेट फ्लेशचुट्ज के पेनल्टी स्ट्रोक का शानदार बचाव किया। भारतीयों ने इसके बाद ज्यादातर जवाबी हमले के दम पर लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किया, जिसमें से 25वें मिनट में दूसरे पेनल्टी कार्नर पर मुमताज ने गोलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी।